राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 20, पृष्ठ 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे सीमावर्ती गांव के लोग...02

स्कूली बच्चों ने इटवा तहसील का घेराव कर किया धरना, प्रदर्शन...12

## सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान को दिया झटका, कहा पद के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला'।

स्वतंत्र प्रभात





**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के बड़े मुस्लिम नेता आजम खान को बड़ा झटका दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूपी के रामपुर में स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की जमीन संबंधित लीज रद्द करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाई कोर्ट ने यूपी सरकार द्वारा भूमि लीज रद्द किए जाने के खिलाफ मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की याचिका खारिज कर दी थी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने लीज शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए ट्रसस्ट को आवंटित 3.24 एकड़ भूखंड का पट्टा रद्द कर दिया था। सरकार का कहना है कि यह भूमि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित की गयी थी, लेकिन वहां एक स्कूल चलाया जा रहा था।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रस्ट कि अपील रिजेक्ट करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, ÷जजमेंट पढ़ते समय ऐसा लगता होता है कि आपका मुवक्किल वास्तव में शहरी विकास मंत्रालय का प्रभारी कैबिनेट मंत्री था और वह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री था। उसने जमीन एक पारिवारिक ट्रस्ट को आवंटित करवाई, जिसके वह आजीवन अध्यक्ष है। और, शुरू में लीज एक सरकारी संस्था के पक्ष में थी। उसे एक निजी ट्रस्ट से जोड़ दिया गया। एक सरकारी संस्था के लिए जो लीज थी, उसे एक निजी ट्रस्ट को कैसे दिया जा सकता है? "पीठ ने कहा, ÷हमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के 18 मार्च 2024 के फैसले और आदेश में कोई कमी नहीं दिखती। स्पेशल लीव पिटीशन डिस्मिस की जाती है।"

सुप्रीम कोर्ट ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल की दलीलों का संज्ञान लिया और यूपी सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी बच्चे को उपयुक्त शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश से वंचित न किया जाए। कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि 2023 में पट्टे को रद्द करने का निर्णय बिना कोई वजह बताए लिया गया था। उन्होंने कहा, "अगर उन्होंने मुझे नोटिस जारी किया होता और कारण बताए होते, तो मैं इसका जवाब दे सकता था। क्योंकि, आखिरकार, मामला कैबिनेट के पास गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने (भूमि आवंटन पर) निर्णय लिया था। ऐसा नहीं है कि मैंने कोई निर्णय लिया।"

कपिल सिब्बल की दलीलों पर भी पीठ ने नरमी नहीं दिखाई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, " यह पद के दुरुपयोग का क्लीयर केस हैज दरअसल, शुरू में जब मैंने पढ़ना शुरू किया तो मैंने कहा, ठीक है, नोटिस देखिए, क्या आपको मौका दिया गया था?

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा भूमि पट्टे को रद्द करने के 18 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली न्यास की याचिका खारिज कर दी थी। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारी समिति ने तब दलील दी थी कि सुनवाई का कोई अवसर दिए बिना ही पट्टा विलेख रद्द कर दिया गया।

हाईकोर्ट में राज्य की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता ने बिना 'कारण बताओ नोटिस' के पट्टा रद्द करने का बचाव इस आधार पर किया था कि जनहित सर्वोपरि है। यह दलील दी गयी थी कि उच्च शिक्षा (शोध) संस्थान के उद्देश्य से अधिगृहीत भूमि का उपयोग एक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि पट्टा रद्द करने से पहले याचिकाकर्ता को जवाब देने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था।

## रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाया समूचा नगर फूलपुर। निकला भव्य रामदल।

● एतिहासिक भरत मिलाप सम्पन्न।

फोर्स की कमी से भारी अव्यवस्था।

स्वतंत्र प्रभात









**प्रयागराज।** नगर पंचायत फूलपुर में हर वर्षो कि भांति इस वर्ष भी एतिहासिक भरत मिलाप रोशनी का आयोजन व दर्जनों आकर्षक व कलात्मक झांकियां कस्बे में निकाला गया। आजाद रोशनी कमेंटी, नवयुवक रोशनी कमेंटी , नेहरू बाजार,बजरंग दल रोशनी कमेंटी, फरीदाबाद , दुनिया गंज रोशनी कमेंटी आदि मोहल्लों में रंग बिरंगी लाइटों से सजावट किया गया था । कस्बे मे दर्जनों कलात्मक झांकियां भी निकाली गई जिसमें ओम चौकी समिति जाफरगंज, फूलपुर युवा दल चौकी समिति नेहरु बाजार, दुनियागंज चौकी समिति,व माधव मंडल चौकी समिति आदि चौकी बहुत मनमोहक आकर्षक रही ।झांकियों कि प्रस्तुति कर लोगों का मन मोहा। भगवान राम के वनवास से वापस आने पर चारों भाई राम लक्ष्मण भरत शत्रुधन व माता सीता ,महाबली हनुमान के मिलन को लेकर राम लीला कमेटी द्वारा मंचन किया गया। जिसे देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोग घंटों उक्त मनोरम दृश्य को देखने के लिए लोग एक टक निहारते रहे। नव युवक दल रोशनी कमेटी द्वारा कलात्मक एवं आकर्षक चौकीयो क्रमश फूलपुर युवा दल चौकी समिति प्रथम, जय हनुमान चौक समिति को द्वितीय व माधव मंडल चौकी समिति को तृतीए ,आने वाले चौकियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।वहीं मेला मैदान में काफी संख्या महिलाएं बच्चे व पुरुष मौजूद रहे व लगने वाले दुकानों से खाने पीने व अपने जरूरी काम कि वस्तुओं को खरीदते नजर आए।

**मेले में फोर्स की कमी से अव्यवस्था।**

फूलपुर कस्बे प्रत्येक वर्ष इसी तरह एतिहासिक रामलीला मंचन व रोशनी व मेले का आयोजन होता आ रहा है । लेकिन इस बार जगह-जगह मार पीट घटनाएं भी होने कि सूचना मिली है । लेकिन स्थानीय व दूर दराज से आए लोगों का कहना है । सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए हर वर्ष प्रशासन कि ओर से पुलिस कर्मियों कि मुकम्मल व्यवस्था किया जाता रहा है लेकिन इस बार नहीं देखने को मिला ।पुलिस व्यवस्था ठीक न होना के बराबर रहा है जिसके चलते कुछ समय के लिए भीड़भाड़ के समय में मेले मे अव्यवस्था फैल गई। सुबह होते होते दोबारा मारपीट कि घटना घटी।जो श्रेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अमर नाथ यादव, नगर राम मिला कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा, कमलेश मिश्रा, रामबाबू केशरी राघव राम यादव, रुपेश कुमार मोदनवाल, सुभाष चन्द्र मौर्या, अमित कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सडक पर दौड़ लगाने गए युवक को बाइक ने रौंदा

**अलीगढ़।** थाना गोधा के गांव अहक में सडक पर दौड़ लगाने गए युवक की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। 18 वर्षीय नितीश कुमार छात्र था और फौज भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगाने जाता था। रविवार शाम करीब 7 बजे नितीश दौड़ मारने के लिए सडक पर गया था। सडक पर दौड़ मारने के बाद वह थक गया जिसके बाद वह सडक पर बैठा गया था। सडक पर बैठते समय तेज़ रफ़्तार बाइक सवार ने नितीश को जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद वह घायल हुआ था। घायल को अस्पताल लेकर जा रहे थे जहाँ रास्ते में उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### रॉयल स्ट्राइकर ने जीता टूर्नामेंट का फाइनल



**अलीगढ़।** रॉयल क्रिकेट क्लब के100 बॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में रॉयल स्ट्राइकर्स की टीम ने रॉयल गुरु महाकाल की टीम को हराकर कप पर अपना कब्जा किया। रॉयल स्ट्राइकर के कप्तान मिलन वार्ष्णेय ने टौस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, गुरु महाकाल ने स्ट्राइकर्स को 160 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करने उतरी टीम के ओपनर बल्लेबाज विशाल ने नपी तुली पारी खेली और अंततः नोट आउट रहकर अपनी टीम को जिताया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ष्णेय पहल संगठन के पदाधिकारी, वार्ष्णेय युवा संगठन के पदाधिकारी, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक,अमित भारद्वाज, राहुल (दिल्ली चाट), मिनिस्ट्री ऑफ़ केक से करन गुप्ता एवं अटल वार्ष्णेय सभी खिलाडियों का सम्मान मैडल पहनाकर एवं शील्ड प्रदान कर किया। क्लब के पदाधिकारी विपिन वार्ष्णेय, आशू गैस, पीयूष गुप्ता प्रिन्स, मनीष वार्ष्णेय तथा संयोजक प्रतीक किराना, तरुण सैमसंग, युगल वार्ष्णेय, अतुल राजाजी और विष्णु एन के , अभिनव वार्ष्णेय मौजूद रहे।

## चाइनीज लहसुन की टोह में 'छानीं सब्जी मंडी'

● मंडी में चाइनीज लहसुन की टोह लेने पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम

हाईकोर्ट के आदेश के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुरू की कार्यवाही

2014 से चाइनीज लहसुन की बिक्री पर है पूर्ण प्रतिबंध

स्वतंत्र प्रभात



फोटो परिचय-मंडी में लहसुन के फडों पर जांच करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

**मथुरा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित जनहित वाद मोतीलाल यादव व बनाम भारत संघ के संदर्भ में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध के बाद भी विक्रय किए जाने के सूचना के आधार पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके आलोक में आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि फंगस प्रभावित होने एवं कीटनाशकों की मात्रा ज्यादा होने के कारण चाइनीज लहसुन का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए हितकारी नहीं है। इसकी पहचान इसकी कलियों में सफेद के साथ गुलाबी रंग होना। जड़ का नहीं होना और बड़े साइज का होना तथा सबसे महत्वपूर्ण देसी लहसुन की तुलना में सस्ता होना प्रमुख रूप से है।

भारत सरकार द्वारा चाइनीज लहसुन के विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध है। किसी भी व्यक्ति को इसके विक्रय अथवा भंडारण की सूचना मिलती है तो विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-180-5533 पर तुरंत सूचित करें। चाइनीज गार्लिक के संबंध में कोई भी सूचना शिकायत सीधे उक्त हेल्पलाइन पर दर्ज कराई जा सकती है। धीरेंद्र प्रताप सिंह ,सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय, जनपद मथुरा एवं राजेन्द्र सिंह, मंडी सचिव मथुरा, ज्ञान पाल सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मथुरा एवं धर्मेंद्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी मथुरा द्वारा नवीन गल्ला मंडी स्थित लगभग एक दर्जन लहसुन के थोक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया किंतु किसी भी व्यापारी के पास चीनी लहसुन विक्रय हेतु संग्रहित नहीं पाया गया सभी व्यापारियों को चाइनीस लहसुन पर प्रतिबंध लगे होने के संबंध में अवगत करा दिया गया है और आदेशित कर दिया गया है कि किसी भी दिशा में जनपद में चाइनीस लहसुन का विक्रय ना होने पाए।

**आर्टिफ़िशियल है चाइनीज लहसुन**

चाइनीज़ लहसुन लहसुन का एक तरह का प्रकार है जिसे आर्टिफ़िशियल तरीके से तैयार किया जाता है. इसे बनाने में कई तरह के केमिकल और रंग मिलाए जाते हैं। चाइनीज़ लहसुन को लैब में तैयार किया जाता है। चाइनीज़ लहसुन को भारतीय लहसुन से अलग पहचाना जा सकता।

**सेहत के लिए खतरनका है चीनी लहसुन**

चीन दुनिया में लहसुन का सबसे बड़ा उत्पादक है। वहां इसे उगाने में बहुत ज्यादा केमिकल और कीटनाशकों का इस्तेमाल किया जाता है जो सेहत के लिए खतरनाक है। चीनी लहसुन को पहचानना बहुत आसान है। उसका रंग, आकार और उसकी गंध देसी लहसुन से अलग होती है। चीनी लहसुन आम तौर पर देसी लहसुन के मुकाबले छोटे होते हैं।

## वन विभाग की मनमानी के कारण मुसीबत झेलने को मजबूर हैं हरौनी के लोग



● पेड़ ना हटाए जाने से नही बन पा रही है सर्विस लेन, ओवर ब्रिज का कार्य भी अधर में

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** बन्थरा क्षेत्र के हरौनी स्थित रेलवे क्रासिंग पर बन रहे फ्लाई ओवर ब्रिज के दूसरी ओर बनाये जा रहे आरीवाल के कारण अब राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसमें दो पहिया वाहन चालक और पैदल राहगीरों को निकलने में जोखिम उठाना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं का जिम्मेदार वन निगम ही है, वन निगम द्वारा पेड़ों की कटान न हो पाने से सर्विस लेन का कार्य अभी अधर में लटका हुआ है जिसका इन्तजार सेतु निगम कर रहा है। वन निगम के इस लापरवाह रवैये से आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं दीपावली का त्यौहार नजदीक होने के कारण राहगीरों के साथ क्षेत्रीय दुकानदारों को भी आने जाने में दिक्कत झेलनी पड़ रही है। जबकि पहले सर्विस लेन बनाकर पुल का निर्माण शुरू करना चाहिए लेकिन हरौनी में उल्टा हुआ पहले निर्माण शुरू किया गया और सर्विस लेन आज भी नहीं बन पाई।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस सम्बन्ध में जब डी एफ ओ लखनऊ सुधाशुं पांडे जी से फोन पर वार्ता की तो उन्होंने कहा कि वन विभाग ने एनओसी दे दी है मेरी जिम्मेदारी खत्म। अब वन निगम जाने जबकि क्षेत्रीय विधायक सरोजनीनगर ने भी पेड़ हटाने के लिए वन निगम को पत्र लिखा था लेकिन उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

## डेढ फिट पर पाइप डलवाकर मानको की धज्जिया उडा रहे ठेकेदार व जे ई



● मामला ग्राम पंचायत शंकर पुर ब्लाक ईसानगर का है।

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** जिले में जल निगम विभाग के ठेकेदार पाइप लाइन खुदाई में बड़ा घोटाला कर रहे वर्क आर्डर 1 मीटर अंदर पाइप डालने का लेकिन ठेकेदार डाल रहे डेढ़ फीट पर पाइप। मौजूदा जेई अमन कुमार और मुन्सी गुड्डू खड़े होकर पाइप लाइन कम पर डलवाने का कार्य किया है फ़ोन से बातचीत हुई तो अमन जेई और ठेकेदार ने बताया है की जितना मानक ऊपर से दिया गया है उतना हो रहा है ।अमन ने यह भी कहा है एक 10 के अन्दर पाइप डाली जाती है। जेई को मानक पता है फिर भी सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं ।जेई से बात हुई तो उन्होंने आस्वसन दिया है यदि पाइप ऊपर है तो दोबारा खुदाई कार्य होगा अब आगे देखना है की ब्लाक के जेई कार्रवाई करते हैं या ठेकेदारों के हौसले बुलंद रहते हैं। जिला प्रशासन और जल निगम विभाग ध्यान दें और करे कार्यवाई तभी हो सकता है सुधार।

## जर्जर हो गए हैं, साधन सहकारी समितियों के भवन

● जर्जर और क्षतिग्रस्त भवनों में खाद रखने से कतराते हैं जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात




**सिद्धार्थनगर।** किसानों को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए स्थापित साधन सहकारी समितियों की स्थिति खराब है। जिले के कई साधन सहकारी समितियों के भवन जर्जर हो चुके हैं। जर्जर और क्षतिग्रस्त भवनों में खाद और बीज को सुरक्षित रखना कठिन हो गया है। इससे कर्मचारी और किसान सभी परेशान हैं।

किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए हर न्याय पंचायतों में चार दशक पूर्व साधन सहकारी समितियों के भवनों का निर्माण कराया गया था। रख-रखाव न होने से वर्तमान में ये भवन जर्जर हालत में पहुंच गए हैं। बरसात में तो छत से पानी टपकने के कारण सचिव और अन्य कर्मचारियों को काफी दुर्दशा झेलनी पड़ती है। सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था नहीं होने से समय से पूर्व मिल रहे खाद की उठान करने से भी समितियों के सचिव कतराते हैं। इससे किसानों को समस्या झेलनी पड़ती है। ककरहवा में बने साधन सहकारी समिति के भवन की छत टूटकर जर्जर हो गया है। यही हाल बर्डपुर अलिदापुर , हरवंशपुर आदि के भवनों का भी है। गढ़मोर में बना भवन तो पूरी तरह से ध्वस्त होने के कगार पर है। क्षेत्र के अनिल , देवेन्द्र , रमेश , मनोज , ओमप्रकाश , बृजेश , महेंद्र आदि ने किसानों के हित में साधन सहकारी समिति के भवन का निर्माण कराने की मांग की है।



जर्जर हालत में साधन सहकारी समिति ककरहवा

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में प्रभारी ए आर राजेश सिंह का कहना है कि जिले में 45 साधन सहकारी समितियां है जिसमें पिछले साल 4 समितियां के भवनों का मरम्मत कार्य हुआ था और इस वर्ष दो समितियां बेलूऊ और एक अन्य समिति के भवन का मरम्मत कार्य चल रहा है। और शेष समितियां के भवनों के क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न समस्या से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### स्कूल जा रही छात्रा से छेडखानी, कार्रवाई की मांग



**बस्ती।** जिले के मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के खझौला चौकी अर्न्तगत एक गांव में स्कूल जा रही छात्रा से अश्लील हरकत, गालियां और धमकी देने का मामला सामने आया हैपीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अश्लील हरकत और धमकी देने वाले कृष्ण गोपाल गुप्ता और कमलेश के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। पीड़िता के पिता ने कहा है कि उसकी पुत्री कक्षा 10 की छात्रा गत 8 अक्टूबर को स्कूल जाते समय मिली धमकी, और अश्लील हरकत के कारण उसकी नाबालिग 15 वर्ष की बेटी भय बश स्कूल नहीं जा रही है। घटना की सूचना मुण्डेरवा थाने को दिया गया था किन्तु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने से कृष्ण गोपाल गुप्ता और कमलेश का मनोबल बढ गया है। वे देख लेने की धमकियां दे रहे हैं।

### जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दे रहे ठाकुर प्रेम नन्दबंशी के गिरफ्तारी की जिले में हो रही निन्दा



**बस्ती।** जनहित के सवालों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दे रहे राष्ट्रीय पिछडा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रेम नन्दबंशी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां जमानत न मिलने के कारण उन्हें जेल भेज दिया गया है। भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने पुलिस के इस कार्रवाई की कड़े शव्दों में निन्दा करते हुये कहा कि लोकतंत्र में जनहित के सवालों को लेकर धरना प्रदर्शन मौलिक अधिकार है। यदि पुलिस धरना देने वालों को जेल भेजती रही तो आम आदमी के मुद्दों को कौन उठायेगा। आर.के. आरतियन ने कहा कि अच्छा हो कि जिला प्रशासन नेताओं को जेल भेजने की जगह समस्याओं का प्रभावी समाधान कराये जिससे धरना प्रदर्शन की स्थितियां ही न बने। यदि लोगों को न्याय मिल जाता तो राष्ट्रीय पिछडा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रेम नन्दबंशी को धरना देने की जरूरत ही क्या थी। उन्होने कहा कि अच्छा हो कि जिलाधिकारी के साथ ही अन्य उच्चाधिकारी इसे गंभीरता से लें और जनता के जिन सवालों को लेकर ठाकुर प्रेम नन्दबंशी धरना दे रहे थे उसका समाधान कराया जाय।

### नवरात्रि के उपलक्ष्य में हो रहे भंडारे में दो पक्षों में हुई मारपीट




**जलालपुर अंबेडकर नगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सचिन यादव निवासी पेठिया नदेसर जलालपुर थाने पर तहरीर देकर बताया कि 13 तारीख को दिन रविवार दुर्गा माता का भंडारा चल रहा था। इसी बीच लगभग रात 8:00 बजे विपक्षी संतराम यादव , राजेश, नेहा, रितु संतराम, सनी ,राज सुनीता, निवासी ग्राम पेठिया नदेसर पुरानी रंजीत को लेकर कहासुनी करने लगे और भांजा अखिलेश उसके साथी फूलचंद यादव, नागेंद्र निवासी किशुनपुर थाना पवई जिला आजमगढ़ 8 से 10 अज्ञात लोग मिलकर प्रियंका उम्र 20 वर्ष, ममता 37 वर्ष, उर्मिला 45 वर्ष, प्रियंका 17 वर्ष लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिसमें सभी लोग बुरे तरह से घायल हो गए। जलालपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि घायलों को नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है। ममता और रिंका को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### आवश्यक सूचना

मेरा नाम ज्ञान प्रकाश गौतम पुत्र श्री राम संजीवन है। बलरामपुर से लखनऊ रेल यात्रा के दौरान आई0 टी0 आई0 ट्रेड इलैक्ट्रीशियन कि अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 0114314148 है साल 2013- 2015 कि मूल प्रति रास्ते में कही गिर कर गुम हो गया है।अगर किसी को उपरोक्त अंकपत्र प्राप्त होता है तो निम्न मोबाइल नंबर 7388013921, 9935304013 पर संपर्क करें।

# जेल से बार बार कोर्ट में पेश करने से मिलेगी मुक्ति बंदियो को जेल से ही वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कराया जा सकेगा मुकदमे का ट्रायल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** जेल में बंद माफिया व कुख्यात अपराधियों को मुकदमे का ट्रालय के लिए कोर्ट ले जाने के लिए अब कड़ी सुरक्षा घेरा नहीं बनाना पड़ेगा। बंदी को जेल में रहते हुए ही किसी मामले में उसके विरुद्ध चल रहे मुकदमे का ट्रायल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरा हो सकेगा।

**72 जिलो में बनेगा 535 नई यूनिट बजट जारी**

कारागार प्रशासन इसके लिए पूरे सूबे में की 72 जेलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की 535 नई यूनिट स्थापित कराएगा। शासन ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत कर दिया है।प्रदेश की जेलों में वर्तमान में 145 वीडियो कान्फ्रेंसिंग यूनिट हैं, जिनके माध्यम से बंदियों की 14 दिनों में न्यायिक रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए पेशी होती है। मुकदमे के ट्रायल के दौरान आरोप तय किए जाने, गवाही, बयान, साक्ष्य प्रस्तुत करने से लेकर सजा सुनाए जाने तक आरोपित को कई बार कोर्ट में पेश किया जाता है। पुलिस को बंदियों को कोर्ट में पेश कराने व वापस जेल में दाखिल कराने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ती है। कई बंदी मौके का फायदा उठाकर फरार हो जाते थे।माफिया व कुख्यात अपराधियों की पेशी के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन के लिए चुनौती रहती है। ऐसे में नई व्यवस्था जेल व पुलिस प्रशासन को बड़ी राहत देने वाली है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत बंदी की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराकर ट्रायल कीप्रक्रिया को पूरा कराने का प्रविधान किया गया है। डीजी कारागार पीवी रामाशास्त्री का कहना है कि जेलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की नई 535 यूनिट स्थापित कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कोर्ट जिन मामलों में अनुमति देगा, उनमें पूरे ट्रायल के दौरान बंदी की पेशी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाएगी। बड़ी जेलों में 10 से 12 नई वीडियो कान्फ्रेंसिंग यूनिट लगेंगी।

# नवरात्रि डांडिया उत्सव में भक्ति भाव से झूमे लोग

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** नवरात्रि, विजयादशमी पर्व पर कल्चरल क्रेस्ट नृत्य धाम के मास्टर शिव के संयोजन में आयोजित डांडिया नृत्य में भारतीय संस्कृति, कला के विविध रूप जीवंत हुए. डांडिया रास, धुंची, गरबा के विभिन्न स्वरूपों को कलाकारों व विभिन्न परिवारों के लोगों ने साकार किया. दर्शकों ने इसका खूब आनंद लिया। जिला अस्पताल के निकट एक लॉन के सभागार में डांडिया रास का आयोजन हुआ। . इस दौरान लोगों ने रंगीन डांडिया, ताली और डंडे से गरबा और मिट्टी के पात्र में नारियल, जलता कोयला, कपूर और हवन सामग्री रखकर धुनुची को हाथ में पकड़कर नृत्य किया। इस दौरान महिलाएं देर रात तक गरबा नृत्य, डांडिया और धुनुची के साथ खूब झूमी।

कार्यक्रम का आरम्भ अतिथि राना दिनेश प्रताप सिंह, सुभाष जोशी और राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य डॉ. नवीन श्रीवास्तव, डा. शैलजा सतीश, आशीष गुप्ता, अभिषेक ओझा, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू' अविनाश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर देवी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर शिव ने किया। आंशी, शालिनी, काव्या, माही, तनिष्क, प्रियंका, ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं। नवरात्रि डांडिया उत्सव में बेहतर प्रस्तुति देने वालों अर्चना वर्मा, शबी श्रीवास्तव, प्रिया तिवारी, आरती, लक्ष्मी के समूह, राहुल, महिमा सिंह औरं रंजना यादव को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। नवरात्रि डांडिया उत्सव में मुख्य रूप से शुभम गुप्ता, देवेश चौधरी, आदित्य सोनकर, कमलेश, शुभम वर्मा, अंशिका वर्मा, खुशी मल्होत्रा, हरप्रीत कौर, सुधा, पिंकी, अरिहन्त, रामानन्द, प्रतीक्षा दूबे, प्रियांशी पाल, सचिन मिश्र शास्त्री, अदिति तिवारी, कल्पना चौधरी, खुशी, गरिमा, सिद्धार्थ, राधे, राधिका, अभय, रेखा के साथ ही बड़ी संख्या में अनेक परिवारों के लोग शामिल रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी की दिव्या मिश्रा बनी एक दिन की यातायात प्रभारी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी की दिव्या मिश्रा को एक दिन की यातायात प्रभारी बस्ती बनाया गया। कक्षा 11 वीं की छात्रा दिव्या मिश्रा द्वारा इस दौरान सडक पर उतर कर दो तथा चार पहिया वाहनों का जांच पड़ताल किया जो ड्राइबर सीट वेल्ट नहीं लगाये थे उनको सीट बेल्ट लगाने के साथ-साथ यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया हैकई वाहनों के कागजात मे कमी पाये जाने पर दिव्या ने कई वाहनों का चालान भी काटा है तथा आटो रिक्सा मे अधिक सवारी होने के कारण आटो चालको को कम सवारी बैठाने का निर्देश दिया है। दिव्या ने कहा कि यातायात के नियमो का अगर हम सही ढंग से पालन करे तो दुर्घटना होने की सम्भावना कम रहती है दो पहिया वाहन चलाते समय हमे हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए और दो सवारी से अधिक नहीं बैठना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग ड्रावर के साथ-साथ गाड़ी मे बैंठे सभी लोगो को करना चाहिए तथा गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन से बात नहीं करना चाहिए। हम सभी को यातायात के नियमो का पालन करना चाहिए तथा दूसरे लोगो को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होने कहा कि अगर सड़क दुर्घटना कहीं हो जाती है तो उस दौरान घायल व्यक्तियों को हमे तुरन्त चिकित्सालय पहुंचाना चाहिए, जिससे घायल व्यक्ति का इलाज सही समय पर हो सके। इस मौके पर यातायात प्रभारी अवधेश त्रिपाठी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगो को जागरूक किया जा रहा है। आज इसी अभियान के तहत दिव्या मिश्रा को एक दिन का प्रभारी बनाया गया है, इनके साथ साक्षी शर्मा, बुसरा खान, आचंल चैधरी, श्रुती दूबे, निधि त्रिपाठी, अमृता गुप्ता,सजंना, मंगीता यादव, प्रिया यादव, खुशबू श्रीवास्तव तथा रूद्र प्रताप सिंह ने अपना सहयोग प्रदान किया है।

## बस्ती शहर में दुर्गा पूजा की धूम सुर्तीहट्टा वैष्णों देवी की गुफा बना आकर्षण का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती शहर में शहरभर में दुर्गा पूजा की धूम है। दशहरा का पर्व समाप्त हो चुका है मगर बस्ती जिले में दशहरा पर्व अब पूरे शबाब पर है। जब जिलेभर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन हो जाता है तब बस्ती शहर में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार अतिरिक्त पांच दिनों तक पूर्णिमा को पर्व समाप्त होता है। जिले में अलग-अलग तरीकों से पंडालों को सजाया गया है। काफी संख्या में लोग मां के दर्शन को पहुंच रहे हैं और मेले का लुत्फ उठा रहे हैं। सुर्तीहट्टा वैष्णों देवी की गुफा बना आकर्षण का केंद्र सुर्तीहट्टा वैष्णों देवी की गुफा पुरानी बस्ती के सुर्तीहट्टा में सबसे आकर्षक दुर्गा पंडाल सजाया गया है। वैष्णों देवी की तर्ज पर आयोजकों ने गुफा के अंदर से मां के दर्शन के लिए लोगों को गुजरना पड़ता है। बाकायदा पहाड़ और बाढ़ गंगा के दृश्य को भी यहां बखूबी माता वैष्णो देवी मंदिर का रूप देने का प्रयास किया गया है। यहां शाम होते ही श्रद्धालु मां के जयकारे के साथ उमड़ रहे हैं। देर रात तक श्रद्धालु जुटे हुए हैं।

पूर्व सभासद चुनमुन लाल, गोपाल मद्देशिया, राघवेंद्र मिश्र, रवि मद्देशिया, मोनू मद्देशिया, रजत, अनीश गुप्ता, विकास, आजाद खान, पंकज गुप्ता, अमित मद्देशिया, अज्जू, मनीष मद्देशिया आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। वहीं शहर के कंपनी बाग कंपनी बाग रौता चौराहा पुरानी बस्ती पक्के हरि चौराहा कतरा सहित करीब तीन दर्जन से अधिक दुर्गा पंडाल आकर्षक आकर्षण का केंद्र बना हुआ है शहर में भारी भीड़ देखते हुए ट्रैफिक में परिवर्तन किया गया है भारी वाहनों का प्रवेश रूप दिया गया है।

# विकास खण्ड कुदरहा के ग्राम पंचायत ढोकवा मे ट्रैक्टर से किया गया नरेगा कार्य

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले केग्राम प्रधान जैसराम ने बताया प्रधानी के बारे में हम कुछ नहीं जानते हमारा गांव से लेकर ब्लॉक तक का सभी कार्य राजेश देखते हैं जो प्रधान प्रतिनिधि है सूत्र के अनुसार पता चला कि बाग बगीचे में अपने पालतू बकरियों को चराने का कार्य करते हैं तथा गांव विकास का सभी कार्य राजेश देखते हैं इस पंचायती सत्र के शुरू होने से लेकर आज तक कुदरहा ब्लॉक में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा है जिसके क्रम में यह कौतूहल पूर्ण तथ्य सूत्र के अनुसार निकाल कर सामने आया है पता चला कि उक्त ग्राम पंचायत ढोकवा में एक कार्य पर 7 मास्टर रोल के सापेक्ष 68 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने का तथ्य प्रकाश में आया है जबकि स्थलीय निरीक्षण करने पर पता चला कि प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार द्वारा ट्रैक्टर नामक यंत्र से जुताई कराकर नया स्लोगन दिया गया ट्रैक्टर से जुताई कराकर कार्य करो नरेगा मजदूरों को दूर करो यह स्लोगन बड़ा दिलचस्प है इसके पूर्व में भी ऐसे आरोप ग्राम पंचायत पर लगते रहे हैं इतना ही नहीं ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थल पर लगी हुईं।

कुर्सियों पर ग्राम प्रधान का कहीं नामोनिशान नहीं है प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार पूरी तरह कुर्सियों पर अंकित है या यूं कहा जाए धरातल पर प्रधान वास्तव में ट्रैक्टर से कार्य कर कर उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी भुगतान लेने की तैयारी जोरों पर है विषय यह है कि विकास खण्ड के आला अधिकारी रूचि लेते हैं या फर्जी भुगतान कर भारत सरकार के डबल इंजन की सरकार को फेल करते हैं यह आने वाली कार्रवाई से पता चलेगौ।

# पुलिस पर रिश्वत लेकर केस दर्ज करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर।** पिटाई के मामले में पीड़ित नगर पंचायत जहांगीरगंज के ईओ ने जहांगीरगंज पुलिस पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेकर केस दर्ज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसपी से लिखित शिकायत करते हुए तहरीर से गला दबाने की बात जबरन हटवाने का आरोप भी लगाया है। एसपी ने दोनों एएसपी को जांच सौंपी है।ईओ विनय द्विवेदी ने एसपी से की गई शिकायत में बताया कि पुलिस ने केस दर्ज करने के लिए पैसे मांगे तो एक स्थानीय व्यक्ति से लेकर 50 हजार रुपये देने पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि थाने में सीओ व एसओ ने उन्हें आरोपियों से दुश्मनी मोल न लेने के लिए डराया। साथ ही गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की बात तहरीर से हटवा दी गई। ईओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाने में खुलेआम घूम रहा था, जबकि उसे लॉकअप में रखना चाहिए था।एसपी की ओर से एएसपी विशाल पांडेय व श्यामदेव को जांच सौंपे जाने के बाद दोनों अधिकारियों ने शनिवार रात ही थाने पहुंच कर जांच शुरू कर दी। सोमवार को ईओ का बयान दर्ज करेंगे। एएसपी विशाल ने बताया कि जिस व्यक्ति से रकम लेकर पुलिस को देने की बात ईओ ने बताई है, उसने इससे इन्कार किया है। हालांकि, जांच की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। आरोप काफी गंभीर हैं, इसलिए प्रत्येक बिंदु को देखा जाएगा।ईओ विनय कुमार द्विवेदी को पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए गनर उपलब्ध करा दिया है। पूरे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को गनर देने का आदेश जारी किया था। इसके बाद एक गनर ईओ के आवास पहुंच गया।ईओ को पीटने वाले हिस्ट्रीशीटर और अध्यक्ष प्रतिनिधि की थाने में खूब आवभगत की खबर है। अधिकारियों को दिखाने के लिए लॉकअप में डालने की फोटो भेजने के बाद उसे बाहर निकाल दिया गया। ईओ शुक्रवार आधी रात करीब थाने पहुंचे तो अध्यक्ष प्रतिनिधि लॉकअप से निकल कर बाहर घूमते दिखा। अगले दिन शनिवार सुबह भी आरोपी को लॉकअप के बाहर कुर्सी पर बिठाकर लोगों से मुलाकात कराई जाती रही। जांच टीम इन सबका सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर रही है।

# सपा सांसद ने गिरफ्तारी से खफा सैकड़ो समर्थकों के साथ शुरू किया अनिश्चित कालीन धरना

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** अपने समर्थक बीडीसी सदस्य को कानून को ताख पर रखकर की गई गिरफ्तारी और रात में ही जेल भेजने से खफा सपा सांसद लालजी वर्मा अपने समर्थको के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बाबा आंबेडकर मूर्ति पर आमरण अनशन शुरू कर दिया। पुलिस को भाजपा का एजेंट करार दिया। आमरण अनशन की खबर मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। प्रकरण महरूवा थाना के हिड़ी पकड़िया गांव निवासी बीड़ीसी सदस्य सुभाष गुप्ता के विरुद्ध दर्ज किए गए मुकदमा और जेल भेजने को लेकर है। सांसद लालजी वर्मा का कहना है कि बीते रविवार रात को गांव निवासी एक विश्वकर्मा के घर भोज का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के लिए सकरे रास्ते से होकर जाना होता है। इसी सकरे रास्ते पर भाजपा समर्थक एक पटवा बिरादरी का व्यक्ति बाइक खड़ी कर दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया। बाइक हटाने को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीच बचाव कर रहे बीडीसी सदस्य और सपा समर्थक सुभाष गुप्ता को थाना ले गए। इनके विरुद्ध मारपीट गली गलौज जान से मारने आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। यहां तक तो ठीक था। विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान करने के लिए रात में ही उसे उपजिला मजिस्ट्रेट के घर पर हाजिर करा उसे जेल भेज दिया गया। सपा सांसद ने कहा कि पुलिस भाजपा एजेंट बन गई है। जब तक महरूआ थानाध्यक्ष को निलंबित नही किया जायेगा। बीडीसी सदस्य को जमानत नहीं दी जाएगी आमरण अनशन जारी रहेगा। देर शाम जिला प्रशासन बैकफुट पर आया मुकदमा खत्म कर रात में ही रिहाई की बात पर सांसद लालजी वर्मा ने धरना प्रदर्शन खत्म किया।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय सिंह सिपाही के घर पुलिस का छापा

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख माफिया अजय सिंह सिपाही के लोकनाथपुर स्थित घर पर शनिवार देर रात महरुआ पुलिस ने छापा डाला। यहां सील हुए घर को खोलकर एक आयोजन की शिकायत हुई थी। पुलिस टीम के अनुसार मौके पर घर बंद पाया गया।पूर्व प्रमुख अजय सिंह सिपाही के घर को प्रशासन ने आपराधिक इतिहास को देखते हुए सील कर रखा है। इस बीच अजय के बाबा श्याम सहाय सिंह का तीन दिन पहले लखनऊ में निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार यहां लाकर किया गया। इस बीच किसी ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी कि घर को खोलकर तेरहवीं संस्कार से जुड़ी तैयारियां की जा रही हैं।इस सूचना के बाद महरुआ पुलिस टीम देर रात घर पहुंची। एसओ दिनेश सिंह के अनुसार घर सील पाया गया। वहां कोई आयोजन नहीं हो रहा था। हालांकि छापे के इस कार्रवाई को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। सोशल मीडिया पर पूर्व प्रमुख के समर्थकों ने लिखा कि तेरहवीं तक अब सभी लोगों से मुलाकात घर के बाहर न करते हुए थोड़ी दूर स्थित पंचायत भवन पर की जाएगी। उधर अजय सिपाही ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर लिखा कि मौजूदा परिस्थितियों में भी अगर गंदी सोच के साथ राजनीति हो रही है तो यह गलत है। समय बदलता जरूर है। उन्होंने 22 अक्तूबर को तेरहवीं के बाद सोशल मीडिया पर लाइव आकर इस पूरी स्थिति को सामने रखने की बात कही है।

# सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत, साथी की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह एक दुखद सड़क दुर्घटना हुई। अकबरपुर महरुआ मार्ग पर कसेरुआ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो अधिवक्ताओं को टक्कर मार दी, जिसमें से एक अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई।सूत्रों के अनुसार, तेजापुर निवासी अधिवक्ता गंगाराम (40) और ओम प्रकाश सुबह जिला न्यायालय की प्रैक्टिस के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वे कसेरुआ के पास पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को जानकारी दी।पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां गंगाराम की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। वहीं, ओम प्रकाश का इलाज जारी है।अकबरपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक अधिवक्ता का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि ओम प्रकाश का उपचार जारी है। टक्कर के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है।

# जयन्ती पर याद किये गये पूर्व सांसद वृजभूषण तिवारी

**● सत्ता और सुविधा के लिए कभी नहीं दौड़े वृजभूषण तिवारी- महेन्द्रनाथ यादव**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिलेमे समाजवादी चिन्तक पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी को उनके 83 वें जन्म दिन पर याद किया गया। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने वृजभूषण तिवारी के संघर्ष और योगदान को रेखांकित किया, कहा कि वे रचनात्मक प्रतिरोध का आदर करते थे। सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बृजभूषण तिवारी की राजनीति जनता के साथ शुरू होती है। वे सत्ता और सुविधा के लिए कभी नहीं दौड़े, वे छात्र जीवन से ही डा. राममनोहर लोहिया के निकट थे और लोहिया जी ने वृजभूषण तिवारी को सम्बोधित पुस्तक लिखा जिसमें युवा पीढी के अपेक्षाओं को रेखांकित किया गया है। उन्हें राजनीति, आध्यात्म का गहन ज्ञान थे और उनका पूरा जीवन समाजवादी विचारधारा को आगे बढाने में समर्पित रहा। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय ने कहा कि अपनों में गुरूजी के नाम से लोकप्रिय वृजभूषण तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का तरीका बताया। वे गहन अध्ययन करते थे और रामायण, महाभारत, कुरान, बाईबिल आदि से जब उदाहरण प्रस्तुत करते तो चाहे संसद हो या कार्यकर्ताओं के बीच उनका सम्बोधन लोगों को प्रेरणा देता था। वे विरले सांसद थे जो सहजता से पैदल चलते या रिक्शे पर बैठकर शहर में घूमने के साथ ही किसी कार्यकर्ता के मिलने पर रूक जाते थे।

सपा के वरिष्ठ नेता दयाशंकर मिश्र, वृजेश मिश्र, जावेद पिण्डारी, सुरेन्द्र सिंह 'छोटे' जमील अहमद आदि ने कहा कि युवा पीढी को वृजभूषण तिवारी से प्रेरणा लेकर आगे बढना होगा। कहा कि सहजता और कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर सहयोग करना वृजभूषण तिवारी का स्वभाव था। उन्होने समाजवाद को नई दिशा दिया। कहा कि नियति ने असमय उन्हें हमसे छीन लिया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। वृजभूषण तिवारी सच्चे अर्थो में समाजवादी थे, सांसद होने के बाद भी रिक्शे पर उनका बस्ती में चलना अब सिर्फ यादों में है। जन्म दिन पर वृजभूषण तिवारी को नमन् करने वालों में सपा नेता मो. स्वालेह, अरविन्द सोनकर, भोला पाण्डेय, युनूस, राम प्रकाश, दिनेश तिवारी, विपिन त्रिपाठी, अजय यादव, गुड्डू पाण्डेय, प्रशान्त यादव, उदित पाण्डेय, राहुल सोनकर, संजय गौतम, हरीश गौतम, विश्वम्भर चौधरी, विवेक यादव डिम्पल, विजय यादव, घनश्याम यादव, गिरीश चन्द्र, हनुमान गौड़, राजाराम यादव, अशोक यादव, राहुल सोनकर, मन्नू सिंह, श्याम यादव, डब्लू यादव, रामू यादव, मुरली पाण्डेय, गौरीशंकर यादव आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शातिर अपराधी को पुलिस के त्वारित कार्यवाही के दौरान मिली बड़ी सफलता



**लखनऊ राजधानी** लखनऊ में सोमवार को सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज द्वारा थाना जानकीपुरम पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया जायेगा थाना जानकीपुरम क्षेत्रान्तर्गत दिनाँक 08.10.2024 को बन्द मकान में चोरी के सम्बन्ध में थाना जानकीपुरम पर मु0अ0सं0 314/2024 धारा 305(ए) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना जानकीपुरम पुलिस टीम द्वारा घटना कारित करने वाले 02 शातिर चोरों की गिरफ्तारी/बरामदगी करते हुये घटना के सफल अनावरण के सम्बन्ध में श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज महोदय द्वारा आज दिनांक 14.10.2024 को थाना जानकीपुरम पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। थाना जानकीपुरम 2 शातिर चोर अरेस्ट किये गए ।,सात अक्टूबर को हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा। , गिरफ्त में आए चोरों के पास से 1 लाख कैश और घटना में शामिल बाइक बरामद । पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में भी हैं कई मुकदमे दर्ज । , सुधीर कश्यप और रवि वर्मा को थाना प्रभारी जानकीपुरम उपेंद्र सिंह ने टीम के साथ किया अरेस्ट, गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को डी सी पी उत्तर द्वारा 10 हज़ार रुपए का इनाम देने की घोषणा।आ। एश सीश्पीश अलीगंज वृजनारायण सिंह ने प्रेसवार्ता कर मामले का किया खुलासा साथ ही पीड़ित को न्याय मिल एवं बरामदगी से वापसी समान भी सुपुर्त कराया गया।

### राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष ने किया सीतापुर जायका रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**सीतापुर लखनऊ-** दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर वैदेही वाटिका हुसैनगंज में सीतापुर जायका रेस्टोरेंट का शुभारंभ 14 अक्टूबर सोमवार को किया गया।यह जानकारी देते हुए रेस्टोरेंट पार्टनर अमन श्रीवास्तव,पंकज गुप्ता, अनिल सिंह, ने बताया कि राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू द्वारा दोपहर 1 बजे रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया है। पूर्ण रूप से वातानुकूलित रेस्टोरेंट में खाने-पीने के शौकीन लोग ब्रेकफास्ट,लंच,डिनर के साथ अन्य लजीज व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे । इसके अलावा बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी,मुंडन पार्टी सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के लिए बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है इस कार्यक्रम में सम्मिलित स्वप्निल यादव, शशांक सिंह, गौरव सिंह,आदित्य पांडे, अंकित त्रिवेदी, रिंकू अवस्थी, धीरू मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### लखनऊ की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था राइजिंग स्टार वेल्फेयर फाउंडेशन के द्वारा हुआ कार्यक्रम

**हेल्थ सिटी विस्तार हास्पिटल में भव्य सम्मान समारोह का किया गया आयोजन**



**बिसवां।** सीतापुर लखनऊ की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था राइजिंग स्टार वेल्फेयर फाउंडेशन के द्वारा लखनऊ के हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश व आसपास के प्रदेशों से 251 लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में 108 संकट मोचन धाम सिद्ध हनुमान मंदिर करोल बाग नई दिल्ली के अध्यक्ष ओम प्रकाश गिरी महाराज के द्वारा जनपद सीतापुर के सपा नेता समाजसेवी शुभम रस्तोगी को द आईकॉनिक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### किसान की जमीन पर कब्ज़ा करना चाहते दबंग भू-माफिया

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी क्षेत्र के गांव बरहैती में दबंग भू-माफिया किसान की भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि किसान और उनके पुत्र अपनी भूमि पर जा रहे थे तभी दबंगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। किसान के बताए अनुसार उक्त दबंग भूमाफियाओं पर करीब दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित किसान निजामुद्दीन ने बताया कि उन्होंने घटना की शिकायत कई बार क्षेत्रीय पुलिस से की है लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान पीड़ित किसान अपनी पत्नी व बेटे के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचा। पीड़ित ने एसएसपी से मुलाकात कार्यवाही की मांग की है।

## वर्तमान समय में ज्ञान दान युग धर्म है- उमानंद शर्मा

**● - गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, एन्क्राइट इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के पुस्तकालय में हुई युगऋषि वाङ्मय की स्थापना**



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत एन्क्राइट इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिजनौर के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 424वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री मुन्नी देवी ने अपने पति राज वल्लभ दास गुप्ता की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों एवं फार्मेसी के अधिकारीगणों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में ज्ञान दान युग धर्म है। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रो. अरूण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, विजय, मुन्नी देवी एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. कीर्ति कुमार, सी.ओ.ओ. डॉ. रितिका रोहतांगी अरोरा, सी.ई.ओ. करन रोहतांगी, अर्जुन रोहतांगी, सुनील रोहतांगी, निविदिता रोहतांगी विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा की गई अवशेष भुगतान की मांग



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ जनपद के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के करोड़ों रूपये के अवशेषों का भुगतान कराये जाने, एन0पी0एस0 खातो को अपडेट कराये जाने, एन0पी0एस शिक्षक/शिक्षिकाओं को पेंशन आदि देयकों का भुगतान कराए जाने, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में चयन/प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत एवं निर्धारण आदि के घूसखोरी के लिए लम्बित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करायें जाने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने के लिए सिटीजन चार्टर लागू कराये जाने की मांग को लेकर जिला संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दिनांक 11, 12 एवं 13 नवम्बर, 2024 को तीन दिवसीय क्रमिक धरना* *करेगा। यह निर्णय जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में क्वींस इण्टर कालेज में सम्पन्न जिला संगठन की बैठक में लिया गया। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि शिक्षा भवन के कार्यालयों विशेषतया लेखा विभाग में अवशेष, चयन/प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत एवं निर्धारण आदि प्रकरणों को घूसखोरी के लिए लम्बित रखा जाता है। उन्होने बताया कि विभाग के लिपिक अथवा लेखाकार द्वारा सम्बन्धित विद्यालयों के कर्मचारियों के माध्यम से अथवा शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्वंय फोन कर घूसखोरी की बात की जाती है और डीलिंग हो जाने पर प्रकरण का निस्तारण हो जाता है और जिनकी डीलिग नही होती है उन प्रकरणों को लम्बित रखा जाता है अथवा अनर्गल आपत्तियां लगा दी जाती है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि एक विद्यालय के एक साथ आए प्रकरणों में से केवल डीलिंग वाले प्रकरण ही निस्तारित किए जाते है। जिससे जनपद के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। बैठक में जिला सम्मेलन के आयोजन एवं टेलीफोन निर्देशिका के प्रकाशन के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि जिला कार्यकारिणी की शीघ्र बैठक आहूत कर उसमें तिथि आदि का निर्धारण किया जाय। इसी साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मासिक वेतन भुगतान में विलम्ब होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया और निर्णय किया गया यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो जिला संगठन संघर्ष के लिए बाध्य होगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रदेशीय मंत्री डा0 आर0के0 त्रिवेदी, संरक्षण समिति के संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ल, संघर्ष समिति के संयोजक इनायत उल्लाह खां, राज्य कार्यकारिणी सदस्य डा0 मीता श्रीवास्तव, राज्य परिषद सदस्य अनुराग मिश्र, सुधा मिश्रा, डा0 पी0के0 पन्त, कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, डा0 श्री कान्त मणि षुक्ल, एस0के0 सिंह, पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, राजेश कुमार द्विवेदी, गायत्री दीक्षित, डा0 अनिल कुमार तिवारी, आजाद मसीह, महेश कुमार सोनकार, सै0 इसहाक हुसैन जैदी, प्रधानाचार्य आजाद मसीह, अनिल कुमार वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रामलीला दशहरा मेला एवं शोभा यात्रा का भव्य समारोह



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के हिन्द नगर वार्ड क्षेत्र कानपुर रोड स्थित सी एम एस डिग्री कॉलेज जय जगत पार्क में आयोजित यह गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला दशहरा का कार्यक्रम में सर्वप्रथम बैंड बाजा हाथी घोड़ा ऊंट रथ के साथ रामलीला के सभी किरदार करने वाले राम लक्ष्मण हनुमान सीता व वानर सेना के साथ किरदार निभाते हुए और द्वितीय पक्ष में रावण मेघनाथ कुंभकरण एवं उनकी असुरी सेना के साथ कृष्णानगर शैसेवीर मंदिर से आरंभ करते हुये कानपुर रोड से शोभा यात्रा होते हुये परागडेरी होते हुए,एल डी ए से हिन्द नगर वार्ड भ्रमण करते हुए। अन्ततःजय जगत पार्क में धूमधाम हर्षोल्लास के साथ संपन्न की । यह शोभा यात्रा में अतिश बाजी नृत्य नारे जयकारे व प्रकाश के साथ आयोजित दशहारा मेला के स्थल पर हजारो की संख्या में मावजूद जन सैलाब को इस शोभा यात्रा का दृश्य प्रदर्शन करते हुऐ घूमते हुई विराम हुई।रामलीला में पहले हनुमान का युद्ध हुआ फिर पश्चात लक्ष्मण और इंद्रजीत के भयंकर युद्ध मे लक्ष्मण की विजय हुई और इंद्रजीत की मृत्यू हुए फिर कुंभकरण का युद्ध राम से हुए जिसमे कुम्भकरण धराशाई हुए तत्पश्चात अंत मे राम और लंकेश का युद्ध हुआ,भीषण जिसमे रावण की पराजय हुए और वह परलोक को सिधार गया यह सभी पात्र किरदार बहुत अच्छे से निभाया जिसमे मुख्य अतिथि,पूर्व केन्दीय राज्य एवं शहरीय ग्रामीण मंत्री कौशल किशोर रहे पार्षद लवकुश भूपेंद्र चौधरी एवं अन्य सभी पार्षद रहे खास तौर पर मेरे के अध्यक्ष सौरभ सिंह मोनू पार्षद हिन्द नगर वार्ड रहे। जन सैलाब में बहुत ही आंनद लिया रामलीला और अतीस बाजी का इसके पश्चात मेघनाथ और रावण का दहन हुए।

बुराई पर सत्य और अच्छाई की विजय मिली।,मेले में सभी प्रकार के पकवान एवं सभी काउंटर उपलब्ध थे।इस आयोजन समिति संस्था श्री रामचन्द्र सास्कृतिक कला एवं सामाजिक सेवा समिति पंजी,संख्या-3763 के द्वारा सम्पन्न हो पाया विगत वर्षो की भांति समिति ने 45 वा विजयदशमी पर्व मनाया। जिमसें कई चरण में विभाजित थे,सास्कृतिक कार्यक्रम, रथ यात्रा प्रवेश,आतिश बाजी व रावण दहन,संस्था के संस्थापक (स्वश सुशील कुमार तिवारी), एवं अन्य पदाधिकारी मेला अध्यक्ष सौरभ सिंह मोनू,अध्यक्ष रथ यात्रा, प्रवीण कुमार भसीन,(पम्मी),कार्यवाहक मेला,अनिल कुमार भसीन,कार्यवाहक अध्यक्ष रथ यात्रा,आलोक पवार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेला,मीना वैश्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रथ मेला,शोभित वर्मा (मोनू),उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता,वरिष्ठ महामंत्री,अतुल कुमार तिवारी, सहायक महामंत्री मेला,अजय दिवाकर ,श्याम बाबू,सहायक महामंत्री रथ यात्रा, रोहित सिंह,अजय तिवारी,कोषाध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार तिवारी, मेला संयोजक, विजय कुमार तिवारी ( कक्कू), मेला सह संयोजक, अनिल तिवारी, सतेंद्र सिंह, नेता विशाल कुमार, रथ यात्र संयोजक, संजीव जग्गा, नीरज कुमार, विनय बाजपेयी, पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी ज्ञानेश पांडेय, अरविंद शर्मा, आ यूज तिवारी, विधि सलाहकार, अरविंद मिश्रा, झांकी व पंडाल व्यवस्था, मेहुल भसीन, अनिमेष शुक्ला, उत्तम लव बाजपेयी, रिदम तिवारी आदि लोगो की मावजूदगी से सम्पन हुए यह रामलीला विजयदशमी मेला।

## सर्वोच्च न्यायालय के शख्त निर्देश के बावजूद किसान धड़ल्ले से फसल अवशेषों में लगा रहे आग

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण व सर्वोच्च न्यायालय के सख्त निर्देश के बावजूद कछौना क्षेत्र में फसल के अवशेषों को किसान धड़ल्ले से आग लगा रहे हैं। जिससे आग लगने की घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है। वहीं पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वर्तमान समय में मक्का, धान की फसल ज्यादातर किसान श्रमिकों से न कटवा कर कंबाइन मशीन से फसल कटाते हैं। जिससे फसल के अवशेष रह जाते हैं। इनमें किसान आग लगा देते हैं, आग के विकराल रूप के कारण आग की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। फसल अवशेष को जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है। मिट्टी के पोषक तत्वों की अत्यधिक क्षति एवं मिट्टी की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। वही मिट्टी के हजारों की संख्या में कीड़े मकोड़ों की आग जलने से मृत्यु हो जाती है। इस आग की घटनाओं के कारण वायु की गुणवत्ता में कमी व आंखों में जलन एवं फेफड़ों की बीमारी फैलती है। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोतरी होती है। जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं। पशुओं के चारे की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। आसपास के खेतों व आबादी क्षेत्र में अग्निकांड होने की संभावना रहती है। कछौना क्षेत्र के किसानों द्वारा वर्तमान में लगातार मक्का के अवशेष में आग लगाने की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। जिसके चलते कभी भी आग लगने की घटना की संभावना बनी हुई है। अवशेषों में आग लगाने के मामले पर तहसीलदार सण्डीला ने बताया दोषी किसानों पर जुर्माना की कार्यवाई की जाएगी, साथ में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी राजस्व विभाग द्वारा कराई जा रही है।

## एलआईसी के अभिकर्ताओं ने प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** एलआईसी के अभिकर्ताओं ने सोमवार को प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। अभिकर्ताओं ने इस संबंध में प्रबंधक संदीप कुमार सिंह को ज्ञापन भी दिया। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले प्रदर्शन के दौरान अभिकर्ताओं ने प्रबंधन पर मनमाने तरीके से बीमा राशि प्रीमियम में बढ़ोतरी करने का आरोप लगाया। अभिकर्ताओं को मिलने वाले कमीशन में संशोधन किए जाने को लेकर भी रोष जताया।वरिष्ठ सी एल आई ए सैय्यद अंजुम आफ़ाक ने कहा कि प्रबंधन की ओर से किए गए परिवर्तनों से न तो एजेंटों, और न ही पालिसी धारकों को कोई लाभ होगा।नये प्लांस में कमीशन की कटौती भी की गई है। तथा नये प्लांस के प्रीमियम में बेतहाशा वृद्धि की गई है। बीमा धारकों के हितों की अनदेखी करते हुए छोटे सम अस्योर्ड की पॉलिसी जारी नहीं की गई हैं।हर वर्ग को ध्यान में रखकर पॉलिसी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। प्रदर्शन करने और ज्ञापन देने वालों में अभिकर्ता परिषद के संरक्षक सैय्यद अंजुम आफ़ाक, सी एल आई ए अम्बरीष कुमार सक्सेना,अरुण वर्मा,



अभिकर्ता परिषद के अध्यक्ष प्रमोद पाठक,प्रशांत शुक्ला, वीरेंद्र कुमार, आदि शामिल रहे।

## चोरो की अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही एसीपी

**● - .....निगोहां के रामपुर गढ़ी जमुनी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एसीपी ने थाना प्रभारी की मौजूदगी में लगाया जागरूकता शिविर**



स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरियां होने की अफवाह के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों में लोग लाठी डंडे लेकर रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं। जिसको लेकर सोमवार को निगोहा थाना क्षेत्र रामपुर गढ़ी जमुनी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक जन सुनवाई जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा थाना प्रभारी अनुज तिवारी की उपस्थित में जनसमुदाय को जागरूक किया एसीपी रजनीश वर्मा ने कहा कि गांवों में चोर के आने की लोगों के बीच किसी के द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है इससे भयभीत होने और डरने की जरूरत नहीं है।अफवाह फैलाने वाले को चिह्नित कर पुलिस कार्यवाही करेगी। एसीपी ने जनचौपाल में मौजूद महिलाओ समेत ग्रामीणो को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है।एसीपी ने ग्रामीणो से अपील करते हुये कहा कि गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से गांवो में सुलझा ले जिससे थाना व कचहरी जाने से बचा जा सके। एसीपी ने जन सुनवाई चौपाल में ग्रामीणों की पुलिस से जुड़ी शिकायतो को सुनकर मौके पर निस्तारण भी कराया। इस मौके पर एसीपी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 100 बच्चों को पढ़ने के लिए स्टेशनरी किट वितरण



किया थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश पांडेय उपनिरीक्षक चंदन यादव प्रधानाचार्य शिव सिंह ग्राम प्रधान डॉ सत्य प्रकाश प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह प्रधान मस्तीपुर सूर्य कुमार द्विवेदी विकास सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण व स्कूली बच्चे व अध्यापक मौजूद रहे।

## तीन वर्षो से किसानों की समस्याओ का निस्तारण न होने से भड़के किसानों ने अयोध्या धाम किया कूच

**● - बघौली थाना व बेनीगंज थाने की सीमा पर कर अतरौली थाने के गोड़वा समीप प्रसासन ने रुकवाई यात्रा**



स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** तीन वर्षो से किसानों की समस्याओ का निस्तारण न होने से 2 अक्टूबर 2024 से बघौली थाना क्षेत्र के गोडाराव बाजार मे धरना प्रदर्शन कर रहे थे। 13 वे दिन तक लगभग 11 बजे कोई भी जुम्मेदार अधिकारी न पहुंचने से किसानों की सुनवाई न होने पर उनके सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए किसानों ने अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम के चरणों मे समस्या को बताने के लिए पैदल कूच कर दिया।बघौली थाना क्षेत्र के गोड़ाराव बाजार से यात्रा निकल कर बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र की सीमा मे बरौली जा पहुंची। फिर बरौली से जखवा, गिरधरपुर अटवा, मुठिया, कोरोकला जमुखिया कोथावा से होते हुए रात्रि करीब 9 बजे हत्याहरण तीर्थ पर पहुंच गयी। सोमवार सुबह 11 बजे दर्जनों किसान पैदल हत्याहरण तीर्थ से भैंनगाव चौराहा, कल्यानमंन, शिवथाना, बंशीपारा, ऐमा, मीनाबाजार पहुंची। पैदल कूच कर रहे किसानों की अयोध्या धाम जाने की सुचना उपजिलाधिकारी संडीला को मिली। सुचना पर पहुचे नायाब तहसीलदार संडीला अंकित तिवारी पहुंच कर पैदल कूच करने का कारण पूछा।किसानों द्वारा पैदल कूच करने के विषय मे किसान शक्ति महासभा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज शुक्ला द्वारा व भारतीय किसान यूनियन इण्डिया गुट की महिला जिलाध्यक्षा रेखा दीक्षित दिव्यांग यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत ने कहा कि पूर्व द्वारा कई ज्ञापन दिए जा चुके है।उन पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। हम लोग अधिकारीयो से कहते कहते थक चुके है। अब हम लोग प्रभु श्रीराम ज़ी से विनती कर अपनी समस्या को निदान करवाने के लिए निवेदन करेंगे। अंकित तिवारी ने कहा कि हमें प्रभु श्रीराम ने दूत बनाकर भेजा है। आप लोग मान जाओ सभी समस्याओ का निस्तारण करा दिया जायेगा। लेकिन भड़के किसान ने उनको छोड़ पैदल मीनाबाजार से चलकर गढ़ी, नेवादा होते हुए अतरौली थाने की सीमा मे 1 बजे प्रवेश कर गयी।अतरौली थाने की सीमा मे गोड़वा पहुंचने पर बेनीगंज कोतवाल बृजेश राय, अतरौली थाना प्रभारी दिलेश सिंह, नायाब तहसीलदार संडीला अंकित तिवारी व सदर तहसीलदार हरदोई अनुज कुमार किसानों को मनाने के लिए पहुंचे और उसने वार्ता करने लगे। शाम 5:30 तक किसानों से वार्ता के बाद समस्याओं के निराकरण का आश्वासन जल्द से जल्द करने को कहा लेकिन भड़के किसान मानने के लिए तैयार नहीं हुए फिलहाल दोनों थानो की पुलिस उनको गोड़वा चौराहे पर रोके हुये है। इस मौके पर अनुपम मिश्रा, रामलखन मौर्या, छोटेलाल वर्मा, घनश्याम, छोटू वर्मा, रामकुमारी, रामवती, शिवरानी, रामकली आदि मौजूद रहे।

## 'सन्दीला के मशाहिर शोरा' पुस्तक का हुआ विमोचन



स्वतंत्र प्रभात

**संडीला (हरदोई)।** सण्डीला-हरदोई-अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू हिन्द यूनिट सन्दीला के तत्वावधान में साहित्यकार,लेखक, शिक्षाविद डॉक्टर सईद अहमद अंसारी की पुस्तक सन्दीला के मशाहिरे शोरा का विमोचन नगर के उर्दू साहित्यकारों, शायरों व मुख्य अथिति के द्वरा किया गया। नगर के मोहल्ला पुरानी तहसील में स्थित उर्दू घर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सण्डीला के अध्यक्ष मो0रईस अंसारी ने कहा कि डॉक्टर सईद अंसारी उर्दू के सच्चे प्रेमी हैं वह सन्दीला के मशहूर शायरों साहित्यकारों व लेखकों की याद को अपनी पुस्तक सन्दीला के मशाहिर शोरा में शामिल करके एक बड़ा काम किया है।वह उर्दू भाषा के सुधार और बेहतरी के अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि नायब शहर क़ाज़ी सय्यद हकीम असद ने कहा कि उर्दू भाषा का सम्बंध किसी वर्ग विशेष से नही है बल्कि उर्दू हमारे देश हिंदुस्तान की भाषा है।

लेखक व शायर सईद अहमद अंसारी कहा ने पुस्तक में सन्दीला के शायरों और साहित्यकारों की उर्दू सेवाओं पर लिखना गौरव की बात है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अंजुमन के अध्यक्ष शमीम अहमद खां ने कहा मुंशी प्रेमचंद ने लिखा था कि हिंदी और उर्दू भाषा ने उनकी बात को और आगे बढ़ाने में सहायता की और कहा कि थी। कार्यक्रम का संचालन करते हुये अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू के सचिव मुईज़ साग़री ने कहा कि उर्दू हिंदोस्तान की भाषा है और अगर उर्दू ज़िंदा रहेगी तो हिंदोस्तान की तहज़ीब ज़िंदा रहेगी। इस अवसर पर फ़रीद उद्दीन, डॉ0जुबैर संदीलवी,. गुलाम हुसैन सुहैल संदीलवी, शमीम अहमद खां शमीम संदीलवी,दावर रज़ा, मो0आरिफ़ ग़ाज़ी, अनवारुल हक़, असलम उस्मानी आदि ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

## जिंदा को मुर्दा दर्शाने वाले अधिकारियों पर एफआईआर के निर्देश

**● - सीएम डैश बोर्ड की बैठक में बेसिक शिक्षा, परिवहन, पीडबल्यूडी विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी**



स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई-** डीएम मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं की प्रगति को बढ़ाया जाये तथा पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित की जाये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा को निपुण मूल्यांकन में ख़राब श्रेणी में आने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को निर्माण कार्यों में ख़राब प्रगति पर नाराजगी जताई तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मंडी सचिव को फल मंडी से बाहर अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए तथा जन सुनवाई की प्रगति को बेहतर करने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे विभागों को चेतावनी जारी की जाये जिनकी रैंकिंग पूर्व के महीनों से ख़राब रही है। उद्योग विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में ख़राब श्रेणी में आने पर कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। डीएम लोक निर्माण विभाग के सभी खण्डो को गैर कर राजस्व में ख़राब प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई में ख़राब श्रेणी में आने वाले अधिशाषी अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि आईजीआरएस में सी, डी व ई श्रेणी में आने वाले विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। जिलाधिकारी ने हाल की जीवित को मृतक करने वाली घटनाओं के प्रकाश में आने को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जीवित को जानबूझ कर दस्तावेजों में मृतक दिखाने वालों के विरुद्ध एफआईआर करायी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे दबंग

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी क्षेत्र के चंदनिया में मंदिर की भूमि पर दबंग अवैध कब्जा कर रहे हैं। क्षेत्र में मंदिर की भूमि पड़ी है जिसमें रामलीला होती थी और अन्य क्षेत्र के सामाजिक कार्य होते थे। आरोप है की अब करीब दो दर्जन दबंग उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है लेकिन पुलिस मामले का संज्ञान नहीं ले रही है। पूरे मामले की शिकायत लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे और एसएसपी से मुलाकात कार्यवाही की मांग की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### त्यौहारों व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने कस्बा जायस का किया फ्लैग मार्च

**सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा आमजनमानस को दिलाया सुरक्षा का एहसास**



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा त्यौहारों दुर्गा पूजा, दीवाली एवं छठ पूजा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र जायस/कस्बा जायस में आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाये रखने हेतु पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आम जनमानस से आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने व आपस में मिलजुलकर त्यौहार मनाने हेतु एवं अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी तथा प्रभारी निरीक्षक जायस व गश्त/पिकेट ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सर्तकता पूर्वक ड्यूटी करनें के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### उद्यान विभाग से कृषक उन्नत किस्म का आलू बीज कर सकते हैं प्राप्त- उद्यान अधिकारी

**रायबरेली,** 14 अक्टूबर 2024 जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि शासना द्वारा आलू उत्पादक कृषकों एवं एफपीओ के मध्य नकद मूल्य पर आलू बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व निर्धारित विक्रय दर 3495/प्रति कुन्तल में 500 रूपए कुन्तल की कमी करते हुए 2995 रुपए कुन्तल निर्धारित किया गया है। (शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छोड़कर) उन्होंने कहा है कि इच्छुक कृषक/एफपीओ नकद मूल्य 2995 रूपए प्रति कुन्तल पर आलू बीज कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, रायबरेली में आकर प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु प्रभारी 4401/आलू, वीरेश कुमार, व0उ0नि0 के मोबाइल नंबर-9450846622 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### असली मालिकों को ज़मीन से बेदख़ल करने की कोशिश

**अलीगढ़/आगरा।** सिकंदरा क्षेत्र में क्रॉस रॉड मॉल के सामने बेसकीमती ज़मीन पर भूमाफियों की नज़र पड़ गई है।भूमाफियों द्वारा उक्त ज़मीन के तहसील अभिलेखों में भूमाफिया अवधेश कुमार द्वारा छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने परिवारजनों अजय कुमार एवं अन्य बारह बैनामे कर दिए गए।जबकि जिस बैनामे के आधार पर पावर ऑफ़ आर्टनी अवधेश कुमार ने करायी उस बैनामे के ख़िलफ़ सब रजिस्टार सदर प्रथम नीतू गोला द्वारा 14/07/2022 को शाहगंज थाने में अपराध संख्या 368/22 मूल अभिलेखों में छेड़छाड़ की धाराओ में सुशील गोयल के ख़िलफ़ मुक़दमा पंजीकृत कराया गया था। उक्त मुकदमे में शाहगंज पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में उक्त बैनामे को फर्जी पाते हुए सुशील गोयल के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया।जब प्रशासन ने अपनी जाँच रिपोर्ट में सुशील गोयल के बैनामे को फर्जी पा माननीय न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया तो उसके द्वारा की गई उक्त ज़मीन की पॉवर ओफ़ अटॉर्नी एवं उस आधार पर किए 12 बैनामे भी निराधार है। उसके उपरांत भी भूमाफिया अवधेश कुमार व अजय कुमार व 12 अन्य साथियों द्वारा प्रशासन को गुमराह कर ज़मीन के मूल मालिकों के ख़िलफ़ मुक़दमा पंजीकृत करा उनकों ज़मीन से बेक़दख़ल करने की कोशिश की जा रही है।

### अवैध पेयजल कनेक्शन को वैध कराने का अंतिम अवसर



**अलीगढ़।** पिछले दिनों पार्षदों के साथ हुई कार्यकारिणी बैठक में महापौर प्रशांत सिंघल ने जल संयोजन के कंपाउंडिंग शुल्क में वृद्धि से पूर्व सभी पार्षद वार्डों में अवैध पेयजल कनेक्शन को वैध कराए जाने हेतु कैंप लगाये जाने के निर्देश दिए थे। महापौर के निर्देश पर नगर आयुक्त विनोद कुमार ने सभी पार्षद वार्डों में पेयजल कनेक्शन को कैंप लगाकर वैध कराए जाने का अभियान शुरू करने के निर्देश दिए नगर निगम जलकल विभाग की टीम ने 15 अक्टूबर से इस अभियान की शुरुआत करते हुए प्रतिदिन कैंप लगाए जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया है।

## युवा पत्रकार के जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाओं का लगा तांता

**● अल्पायु में ही युवा पत्रकार के रूप में हासिल की ऐसी ख्याति जिनकी लेखनी से भ्रष्टाचारियों में भययुक्त माहौल**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** अवगत कराते चलें कि अमेठी जनपद के शुकुल बाजार में मध्यम वर्गीय ब्राह्मण परिवार में जन्मे दीपक पाठक पुत्र स्व जयनारायण पाठक के जन्मदिन पर क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिया अल्पायु में ही इनके पिताजी का साया इनपर से हट गया जिससे इनपर जिम्मेदारियों का भार आ पड़ा और ये कम उम्र में ही अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए क्षेत्र में इक नई ऊर्जा के साथ सामाज में युवा पत्रकार के रूप में उभरते हुए नजर आ रहे हैं इनके इस उभरते हुए प्रगति को एवं सामाजिक गतिविधियों में अलग ही छाप छोड़ते हुए व कम उम्र में इनकी सामाजिक चमक देखते हुए इनके शुभचिंतकों में बहुत ही हर्षोल्लास व गर्वानुभूति हो रहें हैं, बताते चलें कि पत्रकार दीपक पाठक जब से पत्रकारिता जगत में अपनी जगह व अपने निस्वार्थ भाव व निष्पक्ष,निडरता के साथ सच्चाई के पथिक व न्याय पक्ष बातें करने वाले अपनी कुशल योग्यताओं के साथ पहचान बनाने वाले पत्रकारिता जगत में पैर जमाने के बाद भ्रष्टाचारियों में व उनकी प्रत्येक अनुचित गतिविधियों को देखते हुए बिना किसी भय व दबाव के खबरों के माध्यम से उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराते हुए सही मार्ग पर



लाने का काम करते हैं,इस बीच इनके जन्मदिन पर इनके शुभचिंतकों व विप्रवरों प्रबुद्ध जनों एवं परिवार जनों द्वारा सोशल मीडिया व सामूहिक रूप से बधाई देते हुए प्रभू से मंगलकामनाएं व दीर्घायु की प्रार्थना की गई जिसका पत्रकार दीपक पाठक द्वारा अपने ज्येष्ठों व अनुजों को तहे दिल से शुक्रिया व आभार व्यक्त किया गया।

## अर्श बाबू ने समाजसेवी को भेंट किया गिफ्ट

**● समाजसेवी ने की उज्वल भविष्य की कामना**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुलबाजार अमेठी।**अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज मे अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले ग्राम पंचायत भटमऊ,बाजार शुक्ल अमेठी निवासी कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि. के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी जो कि प्रबुद्धजनों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, चिकित्सा, क्रीड़ा क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है, वहीं उसी क्रम मे शुकुलबाजार पहुंचकर



शुकुलबाजार के प्रतिष्ठित व्यवसायी जनता ट्रैक्टर्स एवं आटोमोबाइल रानीगंज रोड शुकुलबाजार के प्रोपराइटर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के धनी सफीर अहमद से उनके प्रतिष्ठान पर मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं उनके होनहार सुपुत्र अर्श बाबू ने समाजसेवी को गिफ्ट भेंट किया वहीं समाजसेवी पी के तिवारी ने होनहार बालक अर्श बाबू के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इतनी कम उम्र के होनहार बालक अर्श बाबू ने कहा कि मै आपको सोसल मीडिया पर पेंड़ लगाते हुए देखता हूँ क्या आप ही हो पी के तिवारी उपस्थित प्रोपराइटर सफीर अहमद ने गिफ्ट देना चाहा तो अर्श बाबू ने कहा कि गिफ्ट मै दूंगा,समाजसेवी पी के तिवारी ने पत्रकार सफीर अहमद के होनहार बालक की वुद्धि एवं विवेक की सराहना की।

## उल्लास और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की मूर्तियों का हुआ विसर्जन

**● ऐहार संकटमोचन हनुमान कमेटी ने धूम-धाम से निकालीं शोभायात्रा**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा सहित आस पास के क्षेत्र में सोमवार को पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। अलग अलग पूजा पंडालों से श्रद्धालु जुलूस के रूप में मां की प्रतिमाओं लेकर निकले। भक्तों के जय माता दी और दुर्गा मईया की जय के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गूंजायमान हो उठा। डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते गाते श्रद्धालु प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए गंगा घाट पहुंचे। दस दिनों तक चले नवरात्रि के बाद मां की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कस्बे के अलग अलग मोहल्लों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां के भक्तों ने गुलाल उड़ाया और डीजे और ढोल नगाड़ों की धुनों पर थिरकते हुए समर्पण भाव व्यक्त



किया। इस दौरान महिलाएं, बच्चे व नवयुवक एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव की विदाई का अनोखा आनंद लेते नजर आए। सुरक्षा के कड़े इंतजाम के लिए हर नुक्कड़ चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। ऐहार गांव में संकट मोचन हनुमान कमेटी के द्वारा सजाया गया दुर्गा पंडाल पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में सजी मां की मूर्ति के विसर्जन के लिए विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा परिसर से निकलकर बाबा बाल्हेश्वर मंदिर से गांव भ्रमण कर विसर्जन के लिए प्रस्थान की। मूर्ति विसर्जन गांव में पुराने सरकारी अस्पताल के सामने हनुमान मंदिर के बगल में मूर्ति विसर्जन किया गया यह निर्णय कमेटी के सदस्यों द्वारा लिया गया कि इस बार मूर्ति विसर्जन गांव में ही किया जायेगा।इस मौके पर शिवम गुप्ता, राजा शुक्ला, श्याम शुक्ला, बद्री शर्मा, मयंक शुक्ला, मनीष सुजीत निर्मल , राहुल निर्मल, संतोष पंडित रजनीश पटवा,सोनी निर्मल, निखिल निर्मल, विकास शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे। प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही दस दिनों तक चले इस भक्तिमय महोत्सव का समापन हुआ।

## बाल कलाकारों ने किया अश्वमेध यज्ञ नाटक का मंचन

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव में रविवार की रात को श्रीजन कल्याण समिति के तत्वाधान में रामलीला का मंचन हुआ। गांव के बाल कलाकारों की ओर से अश्वमेध यज्ञ का मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। इसी के साथ गांव के दो दिवसीय दशहरा मेले का समापन हो गया। गांव के बच्चों द्वारा बनाया गया 27 फीट ऊंचा रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र रहा। समिति ने पुतला निर्माण में लगे उत्साही कार्यकर्ता अनंत शुक्ला, रिया शुक्ला, राशू शुक्ला, पिंटू बाजपेई, श्यामू शुक्ला, आनंद अवस्थी, दीपेंद्र शुक्ला, अमन पांडेय आदि को उनके विशेष योगदान के लिए धनतेरस के अवसर पर पुरस्कृत करने की घोषणा की। रामलीला में भरत मिलाप कार्यक्रम देखकर दर्शकों की आंखें सजल हो गई। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए अलग अलग तरीके की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शंख वादन प्रतियोगिता में लोगों को



बहुत आनंद आया। श्रीजन कल्याण समिति के कलाकारों द्वारा अश्वमेध यज्ञ का मंचन किया गया। जिसमें लव-कुश का अभिनय बहुत ही सराहनीय रहा। समिति के महामंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला ने बताया कि यह 52वां आयोजन था। जो सभी ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजित मेले में जलेबी और चाट का बच्चों ने खूब लुफ्त लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कोषाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, उपाध्यक्ष महेंद्र मिश्र, अजय तिवारी, उमेश पांडेय, बबुआ अवस्थी रमेश शुक्ला, मुन्नू प्रसाद वाजपेई, श्यामू शुक्ला, आनंद बाजपेई ,आयुष पांडे, अतुल पांडेय, श्याम शुक्ला, जितेंद्र त्रिपाठी, उत्तम मिश्रा, अतुल मिश्रा, पंडित झिलमिल महाराज, आनंद अवस्थी आदि का विशेष योगदान रहा। श्रीराम की भूमिका में शिवा बाजपेई, रावण की भूमिका में दिलीप शुक्ला, बाल्मीकि बचोल शुक्ला, भरत की भूमिका में सिद्धांत मिश्रा, राकेश मिश्रा, मिट्ठू शुक्ला, आराध्या बाजपेई, आर्या बाजपेई, अखिल मिश्रा गुरु, उमंग, कुंवर द्विवेदी के अभिनय को खूब सराहा गया।

## आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित 108 भागवतो में से तीसरी भागवत कथा का हो रहा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**(रायबरेली)** क्षेत्र के पहाड़पुर खेड़ा पोस्ट अटौरा खुर्द गांव में आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गांव के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए देवालयों में पहुंची कलश यात्रा में सबसे आगे भक्ति सागर की स्वर बिखेरता हुआ डीजे चल रहा था और पीछे भक्ति से सरोबार धुनों पर श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे गांव भ्रमण के पश्चात कलश यात्रा वापिस कथा स्थली पहुंची इस दौरान श्री धाम वृंदावन से आए कथा व्यास भागवतोपासक वागीश श्री रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कलश में सारे देवता विराजमान होते हैं, और कलश को महिलाओं के सिर पर रखकर भ्रमण करने से धरा सिद्ध होती है।

जो भी कलश को धारण करता है उसकी आत्मा पवित्र हो जाती है, इसके बाद शाम को कथा प्रारम्भ हुई कथा व्यास ने श्रीमद्



भागवत के महात्म्य के बारे में उपस्थित श्रोताओं के सम्मुख विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के विकार नष्ट हो जाते हैं, और वह मोक्ष प्राप्त करता है, इस दौरान बड़ी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय के 787 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के केन्द्रीय विद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 787 छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। चिकित्सीय टीम ने बच्चों को आहार और स्वास्थ्य संबंधी विषयों की जानकारी दी। स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका चिकित्सालय की ओर से परिसर के केन्द्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. मनीष कुमार मंडल चिकित्सा अधिकारी व चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. मनीष कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. आकांक्षा व पैरामेडिकल स्टाफ ने 787



छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान 74 बच्चों में आंखों की समस्या, पांच में पीलिया, दो बच्चों में हृदय संबंधी, एक बच्चे की किडनी और 13 बच्चों में कान, नाक, गले की समस्याएं पाई गई। बच्चों के माता-पिता को चिकित्सालय आकर आगे के परीक्षण करवाने की सलाह दी गई। आहार विशेषज्ञ डॉ. भूमिका सिंह ने कक्षा नौ से 12 तक की छात्राओं के लिए आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया पर आधारित एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्राओं को आहार सहित अन्य स्वास्थ्य मुद्दों पर जानकारी दी। आरेडिका के पीआरओ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य की स्थिति की जाँच करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना था।

## तेरह वर्षीय आदिवासी दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म की कोशिश, किशोरी की हालत नाजुक, रेफर।

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा सोनभद्र ।** चोपन थाना क्षेत्र की एक घटना सामने आई है जहां बंद पड़ी पत्थर की खदान में घायल अवस्था में 13 वर्षीय किशोरी मिली। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आरोप है कि पीड़िता के गांव के युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की और असफल होने के बाद बंद पड़ी पत्थर खदान में ढकेल दिया। घटना की जानकारी होने के बाद नाबालिग किशोरी को अस्पताल इलाज़ के लिए ले जाया गया। वहीं घटना के बाद मिले तहरीर के आधार पुलिस हरकत में आई और अस्पताल में पीड़िता व परिजनों से मिलकर घटना का विवरण लिया। पुलिस ने बताया कि संदर्भित प्रकरण में पीड़िता के पिता द्वारा थाना चोपन पर मार-पीट की घटना के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी है। फिर भी घटना की गहनता से चोपन पुलिस जांच करेगी।परिजनों की माने तो घटना उस समय घटित हुई जब पीड़िता बीती रात ओबरा सेक्टर 09 से रामलीला देखकर घर लौट रही थी। खदान में गिरने से किशोरी के मुंह, हाथ समेत शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आई है। सुबह शौच के



लिए गए ग्रामीणों ने किशोरी को देखा और बाकी लोगों को घटना की जानकारी दी गई। तत्काल गंभीर रूप से घायल पीड़िता को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया कुछ देर बाद डायल 112 के पहुंचने पर घायल किशोरी को चोपन सामुदायिक केंद्र भर्ती कराया गया।

जहां घण्टों इलाज़ के बाद पीड़िता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पीड़िता का मेडिकल होगा। घटना की जानकारी होने पर सीओ सीटी चारु द्विवेदी ने पीड़िता का हाल जाना और नाबालिग किशोरी के परिजनों से बात की। सीओ ने बताया कि चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम बर्दिया में रहने वाले व्यक्ति ने सूचना दी कि उसकी लड़की खदान में बेहोशी की हालत में मिली है। जिसकी तहरीर प्राप्त हुई है। लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है आवश्यक विधि कार्रवाई भी की जा रही है। लड़की के चेहरे पर चोट आई है लड़की कुछ बताने के काबिल नहीं है। 161,164 का बयान दर्ज किया जाएगा। लड़की ओबरा के सेक्टर 9 में रामलीला देखकर वापस अपने घर रात में लौट रही थी। गांव के रहने वाले युवक द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। लड़की अभी कुछ भी बोलने के स्थिति में नहीं है लड़की का बयान लिया जाएगा अगर कुछ होता है तो धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी।

## स्व श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के परिनिर्वाण दिवस को शाखा ककरी सोनभद्र द्वारा धूमधाम से मनाया गया समरसता दिवस

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** आज दिनांक 14 अक्टूबर को प्राथमिक विद्यालय गरबन्धा में स्कूली बच्चों के बीच स्व श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के परिनिर्वाण दिवस को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव श्री पवन कुमार शर्मा द्वारा किया गया एवं अध्यक्षता शाखाध्यक्ष के बी राय द्वारा की गई। मुख्य अथिति के रूप में राष्ट्रीय स्वंयम सेवक संघ के विभाग प्रमुख श्री पुनीत लाल जी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से ए बी के एम एस के संगठन मंत्री अशोक कुमार मिश्रा, और ए बी के एम एस के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवम् कंपनी जे सी सी सदस्य श्री अरुण कुमार दुबे उपस्थित रहे।सभी वक्ताओं ने समरसता दिवस के अवसर पर अपने सुविचार प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में स्व रामनरेश सिंह बड़े भाई की पुत्र बधु श्रीमति चंद्रकला देवी को अंगबस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। जो कि गरबन्धा विद्यालय की प्राचार्य भी हैं।इस




कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों को विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री ,फल, उपहार एवं खान पान की वस्तुएं वितरित की गई। जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।इस दौरान कई बच्चों द्वारा कविता, कहानी ,देश भक्ति गीत एवं सामान्य ज्ञान अभिरुचि सम्बंधित कार्यक्रम भी हुए। इस कार्यक्रम में कम्पनी सुरक्षा समिति सदस्य नरेन्द्र कुमार, प्रदीप ठाकरे, अभिषेक ओझा, श्रवण कुमार, शक्ति जायसवाल, देवेंद्र,संदीप,वीरू चिरार, मनदीप, एवं विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक ,अध्यापिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे सभाध्यक्ष द्वारा समस्त उपस्थिति लोगों का धन्यवाद ज्ञापित कर भारत माता की जय, स्व दत्तोपंत ठेंगड़ी अमर रहे के उदघोष के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## क्षेत्राधिकारी पिपरी कम्पोजिट विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी

**● जनपदीय पुलिस एवं एन्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जा रहा जागरुक**



स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र-** सोनभद्र क्षेत्राधिकारी पिपरी कम्पोजिट विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत ''मिशन शक्ति" अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार द्वारा कम्पोजिट विद्यालय मुर्धवा, थाना पिपरी में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि विषयों में जानकारी प्रदान की गयी इसी क्रम मे जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 18, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

### रोडवेज यात्रियों का बनाया सदस्य

**देवरिया।** सदस्यता अभियान के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने उत्तरप्रदेश परिवहन की लार जाने वाली बस में यात्रा कर रहे यात्रियों को भाजपा का सदस्य बनाया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि बड़ी संख्या में आमजन सदस्यता अभियान का हिस्सा बनकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है, उत्तरप्रदेश में भाजपा सरकार रोडवेज यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराते हुए, मातृशक्ति को रक्षाबन्धन के त्यौहार पर पूरे प्रदेश के अंदर निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार परिवहन निगम के बस अड्डो को भी विकसित करने का कार्य करके बेहतर यात्री सुविधा मुहैया करा रही है। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हृदयालाल शर्मा, जितेंद्र सिंह, नसीम लारी, नित्यानन्द पाण्डेय, राकेश कुमार, प्रमोद ,शिवशंकर गुप्ता उपस्थित रहे।

# भौंती में दुर्घटना- पीएसआईटी के चार छात्रों सहित पांच की मृत्यु

**● -अल्टो कार से पीएसआईटी इंजीनियरिंग कालेज जाते थे दो ट्रकों की लापरवाही से हुई घटना, ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार।**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भौंती पुल पर एक अल्टो कार और ट्रक से हुई भीषण टक्कर में एक ड्राइवर, पीएसआईटी के दो छात्र और दो छात्राओं की दुखद मृत्यु हो गई। का बुरी तरह से पिचक गई। जानकारी के अनुसार आज समय करीब 9 बजे सुबह भौंती बाईपास के ठीक ऊपर नौबस्ता से सचेंडी की तरफ जा रही कार ऑल्टो 800 नंबर- यूपी 78 एफएच 5302 के आगे चल रहे ट्रक संख्या यूपी 32 वीएन 4048 ने अचानक ब्रेक लगाया जिसके पीछे अल्टो कार चल रही थी अल्टो कार के पीछे आ रहे ट्रक संख्या-एमपी 19 एचए 6144 , (ट्राला )ने अल्टो कार मे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार दोनों ट्रकों के बीच में फसकर दब गयी जिस कारण कार मे बैठे पांच लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसमें 2 लड़किया और 2 लड़के जो पीएसआईटी के स्टूडेंट हैं और 1 ड्राइवर मौजूद था, जिनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सभी मृतको को हैलट मोर्चरी भिजवा दिया गया है।

लॉ एंड आर्डर की कोई समस्या नहीं है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को उचित स्थान पर खड़ा कराया गया। यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलाया गया। बीटेक थर्ड इयर का छात्र सतीश और कार ड्राइवर का नाम विजय साहू है और वह सनिगवां का रहने वाला है। इनके अलावा मृतकों में बीटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा आयुषी पटेल और थर्ड ईयर की छात्रा गरिमा त्रिपाठी , फोर्थ ईयर का छात्र प्रतीक सिंह शामिल हैं।

# पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने की जुलुस-ए-गौसिया के आयोजकों से बैठक

**● -सम्बन्धित अधिकारियों को आगामी त्यौहार व यातायात व्यवस्था सुगम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** आज पुलिस आयुक्त के निर्देशन व अपर पुलिस आयुक्त ला एंड आर्डर के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने थाना रावतपुर में आयोजको एवं मौलवियों के साथ बैठक की साथ ही आयोजको की समस्याओं को सुना और उसके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आगामी त्यौहार के दौरान यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उपायुक्त ने आयोजको एवं मौलवियों से जुलुस के दौरान शहर में यातायात को नियंत्रित करने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जुलुस-ए-गौसिया के दौरान शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। इसके अलावा, पुलिस उपायुक्त ने आयोजको को अपने क्षेत्र में किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन गौसिया के दौरान शहर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था करेगा इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**कानपुर।** पनकी थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रेस नोट में बताया गया है कि प्रभारी निरीक्षक थाना पनकी कानपुर नगर के नेतृत्व में पनकी पुलिस फोर्स उ.नि. सत्यम मोर्या व का. योगेन्द्र सिंह द्वारा आज गस्त भ्रमण, रोकथाम जुर्म जरायम के संबंधित धारा 191(2)/115(2)/352/351(2)/110 बीएनएस से संबधित वांछित अभियुक्त विनीत राजपूत पुत्र शिवकुमार राजपूत निवासी गंगागंज गांव थाना पनकी कानपुर नगर उम्र 18 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर घटनास्थल गंगागंज क्रासिंग के पास चौकी क्षेत्र पनकी मंदिर थाना पनकी कानपुर नगर से हिरासत पुलिस में लिया गया। विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## एनपीए हैदराबाद की गोष्ठी में एडीजी आलोक सिंह ने दी जानकारी



**कानपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल, एनपीए, हैदराबाद द्वारा आज आयोजित बेसिक कोर्स के अन्तर्गत 76वें आरआर बैच के 20 परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों के मेन्टर्स के साथ आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह द्वारा प्रतिभाग कर परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों को डीपीटी (डिस्ट्रिक्ट प्रेक्टिकल ट्रेनिंग) के विषय में जानकारी दी गई। और विस्तार से कई विषयों पर चर्चा की गई।

## ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बनी शालिनी मिश्रा

**गोरखपुर।** ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के पत्र संख्याद्धक्त्रहस्र/207/2024 दिनांक 14/10/2024 के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज गुप्ता ने उत्तर प्रदेश कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा के प्रस्ताव पर शालिनी मिश्रा द्वारा नर्सेज हितों में किए जा रहे बेहतरीन कार्यो की वजह से ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन उत्तर प्रदेश कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर शालिनी मिश्रा ने राष्ट्रीय कमेटी और प्रदेश कमेटी को आभार व्यक्त किया है। शालिनी मिश्रा ने कहा वह पहले से ही समाज और नर्सेज हित के कार्य कर रही है, लेकिन ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में मैं अब और भी मजबूती से नर्सेज के हक सम्मान सुरक्षा एवं शिक्षा के लिए काम करूंगी। शालिनी मिश्रा ने यह भी बताया की ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन एक राष्ट्रीय संगठन है जो की हमारे गोरखपुर जिले से निकल कर पूरे भारत देश में नर्सेज के हक सम्मान सुरक्षा एवं शिक्षा के लिए काम कर रहा है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने पशु आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



**असोहा(उन्नाव)।** मुख्य विकास अधिकारी ने पशु आश्रय स्थल का स्थलीय निरिक्षण कर देखी व्यवस्था, दिए निर्देश। क्षेत्र की कांथा ग्राम पंचायत में बन कर तैयार हुआ नया पशु आश्रय स्थल का सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह तथा असोहा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी का कार्य देख रहे डी सी मनरेगा मुनेश चन्द्र साथ रहे। पशु आश्रय स्थल पर भुंसे का गोदाम तथा पशुओ के रखरखाव आदि को देखा ,पशुओ की संख्या पूर्ण मिली तथा गोदाम भुंसे से भरा मिला। इस पर ग्राम प्रधान सुनील लोधी की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिये की मादा पशु नवीन गौशाला तथा नर पशु पुरानी गौशाला में संरक्षित किये जायें। अधिकारियों को नवीन गौशाला को अति शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान सुनील लोधी, ग्राम पंचायत अधिकारी रामप्रसाद अरुण सहित अन्य ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हम कमजोर होंगे तो देश कमजोर होगा: दयाशंकर सिंह

**बीघापुर, उन्नाव।** ग्रामीण अंचल पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की रीढ़ है। आज देश को तोड़ने वाली ताकते सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नष्ट करने पर उतारू है। हमें एक रहकर भारतीय संस्कृति को नष्ट करने वालों से सजग रहकर राष्ट्र को बचाना है। उक्त विचार परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पंसरिया स्थित मां गोबर्धनी देवी मंदिर परिसर में आयोजित पंसरिया महोत्सव में व्यक्त किए। बताते चलें कि सिकंदरपुर विकास खंड क्षेत्र के गांव पंसरिया में परंपरागत रूप से होने वाले पंसरिया महोत्सव में रविवार दिल शाम पहुंचे उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि विदेशी ताकत से हमें आपस में लड़ा कर अपना हित साधना चाह रही हैं हम कमजोर होंगे तो देश कमजोर होगा, हमें एकजुट रहकर ऐसी ताकतो का मुकाबला करना है, भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा, राजनीतिक स्वार्थ बस आपस में लड़ाने वाले लोगों से भी सतर्क रहकर देश को मजबूत बनाना है। स्थानीय लोगों की मांग पर परिवहन मंत्री ने पंसारिया से कानपुर तक रोडवेज बस चलाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति आपसी सद्भाव और भाईचारा की ही सीख देती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विमल द्विवेदी विनय बाजपेई हरिओम सिंह हितेश सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य अंकित मिश्रा जगत नारायण त्रिपाठी आदि रहे। कवि सुरेश फक्कड़, अर्जुन सिंह चांद, श्वेता ने काव्य पाठ किया।

# आदर्श ग्राम पंचायत चयनित होने पर आहूत हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**गंजमुरादाबाद (उन्नाव)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत ब्योली इस्लामाबाद को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित होने पर ब्लाक द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि आज ग्रामीण गांव में ही सरकार के विभिन्न विभागो के स्टालों पर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में जो भी मूलभूत सुविधाओ की कमी है वे अब आदर्श ग्राम घोषित होने से जल्द पूरी हो जायेगी। सरकार की मंशा है कि लोगो को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले और कोई भी गरीब सरकारी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है। सरकार का प्रयास है कि गांव का गरीब,किसान व मजदूर खुशहाल हो। बैठक में एडीओ पंचायत राकेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, प्रमेश चौधरी, गुड्डू सिंह, अखिलेश सिंह व श्रवण तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# षड्यंत्र रच कर अपनी ही पुत्री पर चलवाई थी गोली पुलिस ने पकड़ा

**● -अल्टो कार से पीएसआईटी इंजीनियरिंग कालेज जाते थे दो ट्रकों की लापरवाही से हुई घटना, ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार।**

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** शिवराजपुर थाना पुलिस ने एक ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसने षड़यंत्र रच कर अपनी ही पुत्री पर गोली चलवाई थी और दूसरे व्यक्ति के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस को इस मामले को समझने के लिए जीएसआर टैस्ट करवाना पड़ा और तब जाकर मामला खुल कर सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा कल्लू शर्मा द्वारा थाने पर दिनांक 27/28.10.2024 की रात्रि में कल्लन निवासी बिरैचामऊ द्वारा उनके घर में घुसकर उनकी पुत्री शुभी शर्मा के साथ छेड़छाड़ करने एवं पैर में गोली मार देने की सूचना दी गयी थी जिसके आधार पर थाना शिवराजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

इस मुकदमा की विवेचना में कराये गये जी.एस. आर. टेस्ट से नामजद अभियुक्त कल्लन निगेटिव पाया गया एवं वादी पक्ष के ही मोहन शर्मा उपरोक्त का जीएसआर टेस्ट पाज़ीटिव पाया गया। कल्लन द्वारा घटना के दिन व समय बुलन्दशहर होने के साक्ष्य प्रस्तुत किये गये जिन्हे विवेचक द्वारा प्रमाणित भी कराया गया । वादी मुकदमा कल्लू शर्मा का विपक्षी कल्लन से घर के सामने की जमीन को लेकर विवाद था उसी को लेकर कल्लू शर्मा द्वारा अभियुक्त मोहन पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम बिरैचामऊ थाना शिवराजपुर कानपुर नगर के साथ अपराधिक षडयंत्र कर स्वयं घटना के दिन रिस्तेदारी में जाने व अभियुक्त मोहन उपरोक्त से अपनी पुत्री को गोली मरवाने के साक्ष्य प्राप्त होने पर अभियुक्त मोहन उपरोक्त की गिरफ्तारी की गयी।

# स्कूली छात्रा को पुलिस उपाधीक्षक की कुर्सी का एक दिन का चार्ज देकर महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात



**बांगरमऊ (उन्नाव)।** स्थानीय आरआरडीएस इंटर कालेज में शिक्षारत इंटर प्रथम वर्ष की छात्रा को आज पुलिस उपाधीक्षक का एक दिन का चार्ज मिला। छात्रा ने सीओ सर्किल की कुर्सी पर बैठ कर करीब एक दर्जन फरियादियों की समस्याओं को सुना और तत्काल उनकी समस्याओं का निस्तारण भी किया।

महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत आज बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आर आर डी एस इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा अदीबा सिद्दीकी को आज सोमवार एक दिवस के लिए अपना दायित्व सौंपा। छात्रा अदीबा ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए करीब एक दर्जन फरियादियों की समस्याओं को बड़े गौर से सुना। समस्याएं सुनने के बाद छात्रा ने उनका विधि सम्मत निराकरण भी किया। पुलिस उपाधीक्षक के दायित्व का निर्वहन कर रही छात्रा की निर्णायक क्षमता को देखकर सीओ अरविंद कुमार सहित सभी पुलिस कर्मियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। छात्रा कुमारी सिद्दीकी ने बताया कि सीओ का दायित्व निभाते समय उसे जनसमस्याओं के प्रति विशेष अनुभव हुआ है और इसके वह गौरवान्वित महसूस कर रही है।

# ग्रामीणों की समस्या देख समाजसेवी ने लगवाया नल

स्वतंत्र प्रभात



**असोहा, उन्नाव।** क्षेत्र के सेमरी गांव में पानी की समस्या को देख समाजसेवी ने हाँथ बढाया। गांव के महादेव मंदिर के पास समाजसेवी विनोद शुक्ल ने नल लगवा कर लोगो की पानी की समस्या को दूर किया। मंदिर के पास ओमप्रकाश त्रिवेदी, पप्पू दर्जी, कमरूदीन, मुरली, मैकू, भैय्ल सफीक, राकेश, नफीस, लालू मनिहार सहित पचास घरो के लोगों को पानी की समस्या थी, लोगों की समस्या को देख गांव के ही समाजसेवी विनोद शुक्ल ने नल लगवाकर पानी की समस्या को दूर किया। ग्रामीण डॉ पुत्तन शुक्ल, सन्दीप सिंह, दिनेश सिंह, सुरेश शुक्ल, बचोले, सुनील अवस्थी, राम करन सिंह, बबलू, कल्लू कश्यप, गुरु कश्यप, देवतादीन, विनोद कश्यप, सुरेश रावत, पप्पू रावत, रूप नरायण गुप्ता आदि ने बताया कि विनोद शुक्ल हम लोगो के हर सुख दुःख में खड़े रहते है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले छह वर्षों में गांव में पानी की विकराल समस्या को देख अलग-अलग स्थानों पर चार नल लगवाकर लोगों की समस्या को दूर किया है।

# सिसिबर गांव चुटिया समुदाय के जनजाति मर्यादा की मांग में प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**असम धेमाजी।** जनजातिकरण और स्वायत्त सासन की मांग को लेकर धेमाजी के सिसिबर गांव में आज अखिल असम चुटिया छात्र संघ के धेमाजी जिला समिति की कार्यकताओ ने राज्यों एवं केंद्र सरकार के खिलाफ जुरदार नारेबाजी कर राज्यों के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सर्मा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय जनजाति परिक्रमा मंत्री जुवेल उराम के पुतले फुके। संगठन के पदाधिकारियों ने असम में चूतिया समुदाय के कृति चिन्ह ,चुटिया समुदाय के ऐतिहासिक स्थानों को सरकार महत्व ना देने का आरुप लगाकर चुटिया समुदाय की मांग को पूरी करने के लिए सरकार को आह्वान की है।

# महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए किलकारी हाउस का उद्घाटन

**● -पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बच्चों के साथ किया किलकारी हाउस का उद्घाटन।**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट में आज मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस कर्मियों की परेशानियों को देखते हुए पुलिस लाइन स्थित महिला थाने में सी सी 'किलकारी हाउस' का उद्घाटन पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने किया। ड्यूटी पर जाने वाली महिला पुलिस कर्मियों के छोटे बच्चों की यहां पर अच्छी तरह से देखभाल होगी।

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने आज सायं महिला थाना कानपुर में कई छोटे बच्चों के साथ उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि इस किलकारी हाउस में एक वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक के महिला पुलिस कर्मियों और अन्य पुलिस कर्मियों के बच्चे रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि खासकर महिला पुलिस कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एक तरफ लाइन आर्डर को देखते हैं और दूसरी तरफ बच्चे और परिवार को भी उन्हें ही देखना पड़ता। डीसीपी साउथ ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है।

# मजदूर किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**● -...कमरे में रखी बल्लियों के सहारे साड़ी का फंदा लगाकर की खुदकुशी**

स्वतंत्र प्रभात



**निगोहां** थाना क्षेत्र के मंगटईया गांव में मजदूर किसान ने कमरे में लगी बल्ली के सहारे साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारीजनों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फांसी लगाए जाने का कारण स्पष्ट नही हो सका। मंगटईया गांव निवासी किसान लाखन सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह 7 बजे वह अपनी पत्नी के साथ खेतो में तिलहन काटने गया हुआ था उसका बेटा धर्मपाल 30 वर्ष घर पर अकेला था।

सुबह करीब 9 बजे ग्रामीणों ने जब उसके बेटे का शव कमरे में बल्ली से लटका देखा तो उन्हें सूचना दी जिसके बाद आनन फानन वह घर पहुचे जहां बेटे का शव लटकता देख दंग रह गया घटना की जानकारी निगोहां पुलिस को दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फांसी लगाए जाने का कारण स्पष्ट नही हो सका। मृतक का मझला भाई रेवती रमण सिंह पहले ही लापता हो गया था और सबसे बड़े भाई रिंकू की भी बीमारी के कारण आठ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी एक ही उम्मीद बची थी वह भी आज समाप्त हो गई जिससे परिवार में मातम छा गया।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला नव विवाहिता का शव



**अलीगढ़।** थाना लोधा क्षेत्र के गांव अकरावत में नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है, और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना के बाद ससुराल पक्ष की लोग फरार बताए जा रहे हैं। गांव कसूमी निवासी 26 वर्षीय राखी की शादी अकरावत निवासी युवक के साथ 8 माह पूर्व हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे और राखी को प्रताड़ित करते थे। रविवार शाम ससुराल पक्ष के लोगों ने राखी से अतिरिक्त दहेज की मांग की थी। आरोप है कि इस दौरान राखी ने विरोध किया तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी फांसी लगाकर हत्या कर दी।

# सभापति विधानपरिषद ने की मंडलीय समीक्षा दिए दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात







**कानपुर।** उ0प्र0 विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक मा. सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार सरसैया घाट में सम्पन्न हुई, जिसमें मा. सदस्य अरूण पाठक, मा. सदस्य सलिल विश्नोई, सदस्य ऋषि पाल सिंह, समीक्षा अधिकारी शलभ दुबे, अपर निजी सचिव विकास सिंह, उप सचिव संजय अग्रहरि उपस्थित रहे। बैठक कानपुर नगर, कानपुर देहात व कन्नौज जनपद के अन्तर्गत सभी समस्त कार्यालय में जनवरी, 2020 से 31 दिसम्बर, 2023 के मध्य कार्मिक सेवानिवृत्त हुये से सम्बन्धित पेंशन, ग्रेचयुटी व अन्य देयकों के भुगतान की समीक्षा की गयी तथा निर्देश दिये गये कि कार्मिक की सेवानिवृत्त के पश्चात समस्त देयकों का भुगतान समयबद्ध सुनिश्चित कराया जाये, जिससे वह अपने व अपने परिवार का जीवन यापन कर सके उसे किसी समस्या का सामना न करना पडे।

वृद्धावस्था व विधवा पेंशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि पेंशन योजना के शतप्रतिशत पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाये, पेंशन हेतु क्या पात्रता है उसका प्रचार-प्रसार कराया जाये, कैम्प लगवाकर पात्र लोगों का विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन कराया जाये, जिन पात्र लाभार्थियों को पेंशन प्राप्त हो रही थी, लेकिन किसी कारणवश रूक गयी है, विभाग द्वारा उसकी समीक्षा कर शीघ्र उनको पेंशन का लाभ दिलाया जाये।

किसानों के प्रतिकर से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि जिन प्रकरणों में भूमि का अधिग्रहण हो गया है उसमें किसानों का शीघ्र प्रतिकर का भुगतान कराया जाये, यदि कोई समस्या है तो वार्ता कर समस्या का समाधान कराते हुए भुगतान कराया जाये। जनपदों में बिजली पानी से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि कनेक्शन हेतु आवेदन प्राप्त होने पर समय सीमा के अन्तर्गत उपभोक्ता को कनेक्शन उपलब्ध कराया जाये, मीटर चेन्ज करने के सम्बन्ध में जो भी प्रकरण प्राप्त हो उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करायें तथा यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि किसी भी उपभोक्ता को त्रुटिपूर्ण बिल न प्राप्त हो, जिससे उपभोक्ता को परेशान होना पड़े।

भवनों के मानचित्र की स्वीकृति तथा भूमि सिटिंग सम्बन्धित प्रमाण पत्र समय सीमा के अन्तर्गत प्राथमिकता से जारी किये जाये। सभी विभागों में मृतक आश्रित के लम्बित मामलों में मृतक के आश्रितों को सेवानिवृत्त किया जाये। जनपदों में किसानों को मोटे अनाज की खेती करने हेतु प्रेरित कर मोटे अनाज के उत्पादन में वृद्धि की जाये और मोटे अनाज का उपयोग करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, वीसी केडीए मदन सिंह, पुलिस उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0) रिंकी जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (नगर) डा0 राजेश कुमार सहित कानपुर नगर, कानपुर देहात व कन्नौज जनपद के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव घुंघचाई में रात में अचानक शॉर्ट सर्किट से घर आग लगने से एक बाइक नगदी जेवरात सहित लाखों का सामना जलकर हुए खाक

आग लगने से एक बाइक नगदी जेवरात सहित करीब दो लाख रुपए का सामना जल कर राख



**घुंघचाई।** रात में अचानक शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई जिससे अफरा-तफरी मच गई। शोर शराबा होने पर पर आस पास के लोगों ने पहुंचकर बमुश्किल आग को बुझाया।आग लगने से एक बाइक नगदी जेवरात सहित करीब दो लाख रुपए का सामना जल कर राख हो गया आग से महिला झुलस गई सुचना राजस्व विभाग को दी गई लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचा है। घुंघचाई निवासी राजेश कुमार कई दिन पहले मजदूरी करने के लिए हरियाणा गया हुआ है घर पर दो बच्चों के साथ राजेश की पत्नी रुपवती रहती है। रविवार रात करीब 12 बजे घर के कमरे लगा बिजली का बोर्ड में स्पार्किंग होने लगी और कुछ ही देर में कमरे में आग लग गई आज की लगती देखकर रूपवती और उसके बच्चों में खलबली मच गई जोर-जोर से चिखने चिल्लाने लगी शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए काफी देर प्रयास करने के बाद ग्रामीणों ने आग को बुझा पाया आग बुझाने में रुपवती गंभीर रूप से झुलस गई कमरे में रखी एक बाइक दस हजार रुपए नगदी सोने के कुंडल मंगलसूत्र, चांदी की पायलें टीवी इनवर्टर बैट्री सहित करीब दो लाख रुपए का सामना जल कर राख हो गया है। सूचना राजस्व विभाग को दी गई लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचा है।

### विजयदशमी का पर्व भारतीय संस्कृति सनातन धर्म के गौरव का प्रतीक है

**बरेली/**विजयदशमी का पर्व भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में सबसे प्रतिष्ठित पर्व माना जाता है इस पर्व के पीछे अनेकों महत्व छुपे हैं विजयदशमी का पर्व दशहरा हिंदू धर्म का सबसे प्रमुख पर्व है इस पर्व को भारत के साथ ही नेपाल के जनकपुरी में भी धूमधाम से मनाया जाता है इस पर्व को अश्वनी मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक यह पर्व भी है इसी दिन भगवान राम ने लंका के राजा रावण का वध करके पत्नी सीता को रावण के बंधन से मुक्त कराया था। इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का भी अंत करके विजय प्राप्त की इस पर्व पर शस्त्र पूजन के साथ ही भगवान राम की भी विशेष पूजा अर्चना की जाती है इसी दिन मूर्ति विसर्जन का भी आयोजन किया जाता है अश्वनी मास की दशमी तिथि को जगह-जगह मेलों में रावण उसके पुत्र मेघनाथ एवं भाई कुंभकरण के पुत्रों का दहन करके विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है इसी दिन लोग चंडी का भी पाठ हवन पूजन करते हैं भगवान राम ने लंका के राजा रावण से 9 दिन युद्ध करने के बाद दसवे दिन उसका वध किया। इसलिए इस पर्व का नाम विजयदशमी के नाम से जाना जाता है इस दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन करना भी शुभ माना जाता है विजयदशमी के पर्व को सीतामढ़ी में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है जिसे मां जानकी का जन्म स्थली पुरौना धाम के नाम से भी जाना जाता है जो कभी राजा जनक की राजधानी में था परंतु अब यह बिहार प्रांत के अंतर्गत आता है इसलिए विजयदशमी का पर्व वहां भी बड़े गौरव से मनाया जाता है।

### बरवर चेयरमैन की माता का बिमारी के चलते निधन

**मोहम्मदी खीरी-** नगर पंचायत बरवर चेयरमैन संजय शर्मा की माता शिवा देवी का बिमारी के चलते सोमवार सुबह तकरीबन सात बजे निधन हो गया शिवा देवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा पंडित रामभजन शर्मा पूर्व विधायक उनकी पुत्रवधू थी स्वर्गीय शिवा देवी एक प्रभावशाली महिला था नगर के लोग शिवा देवी का काफी सम्मान करते थे लगभग एक दो माह से बिमार चल रही थी व साथ ही कमजोर भी हो गयी थी शिवा देवी स्वर्गीय विजय कुमार शर्मा की पत्नी थी अभी हाल ही पीछली वर्ष शिवा देवी के दूसरे नम्बर के बेटे सुशील शर्मा का निधन हो गया था अब अपने पीछे दो बेटे संजय शर्मा जो की बरवर नगर के चेयरमैन हैं वहीं दूसरे सबसे छोटे बेटे भाजपा नेता धर्मेश शर्मा है उनके निधन की खबर फैलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गयी सुचना पर निर्वतमान चेयरपर्सन नसरीन बानो व मिर्जा शाहिद बेग सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव तौफीक ख़ां पूर्व प्रत्याशी सपा मोहम्मदी हाजी इमरान अहमद दाऊद अहमद असफाक उल्ला खां कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल सपा ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पटेल तमाम राजनीतिक लोग व युवा प्रेस क्लब बरवर के रफीक खां महताब आलम सोनू अनस खां शाजिया अल्बी फ़ैज़ आलम नदीम खां रिजवान खान सहित तमाम लोगों ने दुःख प्रकट किया।

# रिश्तेदार के लिए महेवागंज चौकी इंचार्ज पर मारपीट व अभद्रता का आरोप

● अपने अधिकारी क्षेत्र से बाहर जाकर एक राजपत्रित अधिकार के साथ मारपीट व अभद्रता का आरोप

मामले में पीड़ित की पत्नी ने उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार



**स्वतंत्र प्रभात**

संवाददाता विशाल पाण्डेय

**लखीमपुर-खीरी।** रास्ते से चार पहिया वाहन हटाने की बात को लेकर एक पक्ष का उसके विपक्षी से नोंकझोंक का मामला सामने आया है। पीड़िता ने विपक्षी पर अपने रिश्तेदार महेवागंज चौकी प्रभारी को मौके पर बुलाकर मारपीट व अभद्रता करने के आरोप लगाया है। सदर कोतवाली की एलआरपी चौकी क्षेत्र के बसंत बिहार कॉलोनी निवासी रेशमा देवी पत्नी डॉ. रविन्द्र नाथ वर्मा ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति डॉ. रविन्द्र नाथ वर्मा सिद्धार्थनगर जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। घटना बीते शुक्रवार रात करीब 10 बजे कि है। जब रेशमा देवी अपने पति के साथ सिद्धार्थनगर से बसंत बिहार कॉलोनी स्थित अपने घर पहुंचती हैं। रेशमा देवी बताती हैं कि घर पहुंचने से थोड़ी दूर पहले गली में संतोष कुमार तिवारी की चार पहिया वाहन रास्ते में खड़ा था। इससे उनकी कार घर तक नहीं पहुंच पा रही थी। उन्होंने जब संतोष कुमार तिवारी से रास्ते से कार हटाने के लिए कहा तो उन्होंने अभद्रभाषा का प्रयोग किया और गाड़ी रास्ते से नहीं हटाई। उल्टे महेवागंज चौकी प्रभारी दीपक तिवारी को फोन करके मौके पर बुला लिया। आरोप है कि जब दीपक तिवारी 13-14 पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तो वह शराब के नशे में थे। आरोप है कि उन्होंने महिला समेत उसके पति जो कि राजपत्रित अधिकारी हैं उनको न सिर्फ गिरबान पकड़ कर खींचा बल्कि उनके साथ मारपीट और अभद्रभाषा का प्रयोग किया।

उन्होंने बताया कि मौके पर एलआरपी चौकी से अजस यादव व शैलेन्द्र यादव आरक्षी पहले से मौजूद थे। जो न्यायसंगत फैसला कर रहे थे। लेकिन महेवागंज चौकी प्रभारी अपने रिश्तेदार के फोन करने पर मौके पर आते हैं और मारपीट समेत अभद्र भाषा प्रयोग करते हैं।

इस संबध में महेवागंज चौकी प्रभारी राहुल तिवारी का कहना है कि नशा तो देर वह पान मसाला तक नहीं खातें हैं।

वहीं सीओ सीटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। जांच कराकर न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में खड़ा गन्ना चोरी से काटने व बेचने का लगा आरोप

● पुलिस ने चोरी किया गया गन्ना किया बरामद।

**स्वतंत्र प्रभात**

**बेहजम खीरी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखनियापुर में चोरी से गन्ना काटने और बेचने का आरोप प्रधान पुत्र सुनील पांडे पर लगा है। आपको बताते चले कि ग्राम लखनियांपुर के रहने वाले खेतस्वामी जनार्दन प्रसाद पुत्र स्वश्र राम हर्ष ने नीमगांव में तहरीर में बताया कि की मेरी माता कृष्णा मिश्रा के नाम एक खेत है जिसकी गाटा संख्या 1031 है खेत के दक्षिण चक्रमार्ग जिसे वर्तमान ग्राम प्रधान पुत्र सुनील पांडे पुत्र अवधेश के द्वारा चक्रमार्ग की मरम्मत व पटवाने का कार्य शुरू किया था खेत स्वामी कृष्णा मिश्रा का पुत्र जनार्दन प्रसाद मौके पर गया था वह प्रधान से भी कहा था कि जब मेरे खेत के पास चक्रमार्ग पटवाना तब राजस्व विभाग के द्वारा चक्रमार्ग ओर खेत की पैमाईश करा लेना दबंग प्रधान पुत्र सुनील पांडे द्वारा बिना खेत स्वामी को सूचना दिए खेत में खड़ी फसल काट दी और चोरी से गन्ना भी बेच दिया जब इस घटना की जानकारी खेत स्वामी कृष्णा मिश्रा के पुत्र जनार्दन प्रसाद मिश्रा को लगी तो उन्होंने उक्त प्रकरण की जानकारी पुलिस को दी हालांकि नीमगांव थाना पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है ।



**वर्जन**

सुनीता कुशवाहा थाना अध्यक्षा नीमगांव आरोपी की तलाश की जा रही हालांकि गन्ने की बरामदगी हो चुकी है अभी विधिक कार्यवाही प्रचलित हैं।

## मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत,चलाया गया जगरूकता अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पुलिस अधीक्षक जनपद खीरी के आदेशानुसार जनपद में चलाये जा रहे महिला मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गोला के दिशा निर्देशन में दिनांक 14.10.2024 को समय 12.00 बजे कस्बा गोला के 1. ग्राम बहेरवा मे महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ तथा स्कूल की छात्राओ के साथ अपराध निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय,उप निरीक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्र व महिला सब इंस्पेक्टर अपूर्वा शर्मा, कॉस्टेबल अवनीश कुमार मौर्य कॉस्टेबल सचिन कुमार महिला कॉस्टेबल रजनी शर्मा महिला कॉस्टेबल सुगम शर्मा की मौजूदगी में गोष्ठी की गई। जिसमे आपरेशन गरुड़ के अन्तर्गत साईबर क्राईम के बारे मे जानकारी दी गई। जैसे आन लाईन धोखाधडी, द फ्रेमिंग, आदि साईबार क्राईम के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया। तथा साईबर हेल्प लाईन न0 1930 के बारे में बताया। बाल विवाह, बाल श्रम, बेटी बचाओ बेटी पढाओ आदि के बारे मे जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचलित कल्याणकारी योजनाए जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बालिकाओ की सुरक्षा सम्मान स्वालम्बन के विषय मे चर्चा की गई तथा बालिकाओ को गुड टच, बैड टच के बारे मे भी बताया गया तथा चाइल्ड हेल्प लाईन न0 1098 तथा महिला हेल्प लाईन न0 1090, पुलिस आपात कालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस न0 108, मुख्य मंत्री हेल्प लाईन न0 1076 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओ तथा बच्चों की तस्करी से सम्बंधित कानूनों, फ्री सिलाई मशीन वितरण योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। गोष्ठी में मौजूद सभी महिलाओ तथा बालिकाओ को मिशन शक्ति के पम्पलेट वितरित की गयी । साथ ही निरीक्षक अपराध रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा ग्रामवासियो की गोष्ठी कर विभिन्न प्रकार के अपराधो में संलिप्त ना होने के सम्बन्ध में बताया गया था उत्तर प्रदेश शासन की अपराध व अपराधियो के विरुद्ध जीरो टालरेंस के निति के बारे में अवगत कराया गया।

## दस हजार का इनामिया गो तस्कर हैदराबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी गवेंद गौतम के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवाजी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम के द्वारा वांछित गो तस्कर आदिल पुत्र समीउल्लाह उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी भुड़वारा को ग्राम भल्लिया बुजुर्ग तिराहे से एक अदत 315 तमंचा तीन अदत जिंदा कारतूस 64200 रुपए के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। वहीं संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्रधिकारी गवेद्र गौतम एवं थाना प्रभारी शिवाजी दुबे ने बताया पकड़े गए अभियुक्त गौ तस्कर के ऊपर लगभग एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न स्थानों में दर्ज है वही मुखबिर की सूचना के पश्चात हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक के अगुवाई में उप निरीक्षक जितेंद्र पाल सिंह उपनिरीक्षक जयपाल प्रकाश यादव कांस्टेबल अरविंद कुमार,धीरज कुमार तरुण कुमार, संजीव यादव ने अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। दिनाँक 14.10.2024 थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा जानवर चोरी करने वाले गिरोह का दस है भार का इनामियां वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार।

## सतीश महाना से मिलने पहुंचा विधायकों का प्रतिनिधिमंडल

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी-** थप्पड़ कांड को पांच दिन बीत जाने के बाद भी लखीमपुर खीरी के भाजपा विधायक योगेश वर्मा करीब 25 विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलने लखनऊ पहुंचे हैं। विधायकों का प्रतिनिधिमंडल शाम पांच बजे विधानसभा अध्यक्ष की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेगा। हालांकि खीरी जिले से अभी कोई विधायक उनके साथ नहीं पहुंचा है। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि पांच बजे मुख्यमंत्री जी ने मिलने का समय दिया है। तब तक यहां से भी विधायकों के जाने की संभावना है।9 अक्टूबर को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक चुनाव के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा विधायक योगेश वर्मा की पिटाई कर दी थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। विधायक की तहरीर पर चार दिन बाद भी आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

इसी बीच रविवार को करणी सेना द्वारा किए गए शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अवधेश सिंह को भी बुलाया गया था। जैसे ही अधिवक्ता अवधेश सिंह मंच पर पहुंचे तो उनके स्वागत में देखो देखो कौन आया शेर आया शेर आया के नारे लगाए गए थे।जिले के विधायक भी पहुंच सकते हैं लखनऊ। भाजपा विधायक योगेश वर्मा के साथ हालांकि अभी जिले का कोई विधायक नहीं गया है, लेकिन शाम तक विधायकों के लखनऊ पहुंचने की संभावना है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि पांच बजे मुख्यमंत्री जी के साथ बैठक है, तब तक लखीमपुर से विधायकों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, कमरें में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

● पुत्रवधू की मौत से आहत ससुर का भी खेत पर फांसी के फंदे से लटकता मिला शव, एक साथ दो मौतों से परिवार में मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजे

**स्वतंत्र प्रभात**

**पीलीभीत।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। कमरे के अंदर छत के कुंडे से विवाहिता का शव लटकता हुआ देख सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मायके वाले भी अपनी बेटी की ससुराल पहुँच गए। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। जिसके बाद विवाहिता की मौत से आहत होकर ससुर ने भी खेत पर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ससुर का खेत पर शव लटकता देख परिवार वालों के होश उड़ गए। सूचना पर भारी पुलिस बल गांव पहुँच गया। पुलिस ने दोनों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एक साथ दो मौतो के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वही गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूप सिंह निवासी सूरज सिंह पुत्र रनधीर सिंह उर्फ़ कल्लू की शादी दो वर्ष पहले शाहजहापुर जिले के सिमरौली गांव निवासी ताशू देवी के साथ हुई थी। ताशू देवी ने 6 माह पहले एक बेटी को जन्म दिया था। विवाहिता अपनी 6 माह की बेटी को साथ लेकर अपने मायके गई हुई थी। पति के मुताबिक मायके में विवाहिता का अपनी मां से किसी को लेकर झगड़ा हो गया। तो गिरि वहां से अपनी बेटी को साथ लेकर अकेले ही अपनी बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों महिला में कमरे के अंदर छत के कुंडे में दुपट्टे से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह कमरे के अंदर विवाहिता का शव फंदे से लटकता देख सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मृतिका मायके वाले भी मौके पर पहुँच गए। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजनें के कुछ देर बाद सोमवार को विवाहिता के ससुर रणधीर सिंह उर्फ़ कल्लू का शव खेत पर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। पुत्र वधू की मौत से आहत ससुर ने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ससुर की मौत की जानकारी लगते परिवार में कोहराम मच गया। एक साथ दो मौतो से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर भारी पुलिस बल गांव पहुँच गया। पुलिस ने ससुर के शव को परिजनों की मौजूदगी में फांसी के फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद मृतक ससुर के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एक साथ दो मौतो के बाद गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। वही घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर रही है। वही विवाहिता के मायके वाले ससुराल वालों पर दहेज़ की खातिर हत्या करने का आरोप लगा रहे है। तो वही ससुर की मौत से ससुराल वाले मतिका विवाहिता के मायके वालों पर हत्या का आरोप लगा रहे ल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई

**पीलीभीत में डबल सुसाइड- पहले बहू फिर ससुर फांसी के फंदे पर झूले, हत्या का आरोप लगने से थे आहत**



पीलीभीत में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद विवाहिता के परिजन मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। घटना के बाद विवाहिता के ससुर ने भी गांव से कुछ ही दूरी पर खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है।

**हत्या का आरोप लगने से थे आहत पक्ष** के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। घटना से आहत विवाहिता के ससुर कल्लू उर्फ विजय ने हत्या के आरोप के चलाते आत्मगलानी महसूस की। जिसके बाद गांव से कुछ ही दूरी पर खेत में लगे पेड़ से फांसी लगा ली।

**पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया दोनों का शव**

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों ही परिवारों के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद दो थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है। दोनों डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सीओ पूरनपुर विशाल चौधरी ने बताया महिला और ससुर द्वारा फांसी लगाई जाने की जानकारी मिली है। मौके पर पुलिस टीम जांच कर रही है।

## श्रीराम विवाह की कथा सुन दर्शक हुए भाव विभोर

● केलाडांडी गांव में चल रही कथा के दौरान निकाली गई सीता-राम विवाह की झांकी।

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली/ क्योलड़िया।** केलाडांडी गांव में भीमसेन देवी थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान श्रीराम-सीता विवाह की सुंदर झांकी निकाली गई। भक्तों ने जय सिया राम के जयकारे लगाए। कथा वाचक सोमेंद्र शास्त्री ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। यह देखकर राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने पुत्री के विवाह के लिए स्वयंवर रखा। **सभी राजा-** महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। कई राज्यों से पहुंचे राजाओं ने धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु के साथ स्वयंवर में पहुंची प्रभु श्रीराम ने धनुष को उठा लिया। प्रत्यंचा चढ़ाने के दौरान धनुष टूट गया। इसी के साथ माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डाल दी। धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। कथा के दौरान



निकाली गई झांकी पर लोगों ने पुष्पवर्षा की। कथा वाचक साध्वी आकृति शास्त्री ने भी कई प्रसंग सुनाए। कमेटी सदस्य भूदेव, जीशुखराम, बंटू कोटेदार, राधाकृष्ण (पप्पू), हरपाल, संतोष कुमार, सोमपाल,पप्पू ,भगवान दास, प्रेमपाल, राकेश, वीरेंद्र कुमार, नरेश, रामपाल भगतजी, नन्हे लाल बाबा जी, रिंकू, ओमबाबू मौजूद रहे।

## पीलीभीत पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ टिप्पणी करने से मुस्लिम समाज में आक्रोश

● माधोटांडा में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश, मुस्लिम समाज में गहरा रोष

**स्वतंत्र प्रभात**

**पीलीभीत/माधोटांडा** मामला जनपद पीलीभीत से है जहां माधोटांडा थाना क्षेत्र में एक मीटिंग के दौरान कुछ लोगों द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ बयानबाजी की गई, जिससे मुस्लिम समाज में गहरा रोष फैल गया है। इस घटना ने क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की है और शांति व सौहार्द को खतरा पहुंचाया है। अफजल खान ने थाना प्रभारी माधोटांडा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुलदीप मिश्रा द्वारा आयोजित मीटिंग में संजय मिश्रा और विवेक मिश्रा ने अभद्र टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने अवैध हथियार भी प्रदर्शित किए और लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त लोग पहले भी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर चुके हैं और अक्सर लोगों को हथियार दिखाकर डराते-धमकाते हैं। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मुस्लिम समाज में आक्रोश फैल गया है। थाना प्रभारी से अनुरोध किया गया है कि उक्त लोगों के खिलाफ संवैधानिक कार्रवाई की जाए और क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि वे इस मामले में त्वरित कार्रवाई करें और क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों में भय व असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। लोगों ने कहा कि ऐसी घटनाएं क्षेत्र में शांति व सौहार्द को



खतरा पहुंचाती हैं और पुलिस प्रशासन को ऐसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं पूर्व में भी संजय मिश्रा व उसके साथी निहाल नमक व्यक्ती द्वारा पूरनपुर क्षेत्र में भड़काऊ भाषण दिया गया था, जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। कहीं ना कहीं उक्त लोगों पर कार्रवाई न होने से इनके हौसले और भी बुलंद हैं, स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि ऐसी बयान बाजी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि क्षेत्र में अमन और शांति कायम रहे।

## पीलीभीत मझोला में चल रहा दो दिवसीय विराट दशहरा मेला कल बड़ी धूमधाम हुआं समापन

मझोला दशहरा मेले में जिलाधिकारी ने किया रावण दहन पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल मझोला गौरव सम्मान से हुए अलंकृत

**स्वतंत्र प्रभात**

**मझोला** में चल रहा दो दिवसीय विराट दशहरा मेला कल बड़ी धूमधाम से संपन्न हो गया । मेले का समापन सत्र सांय 6:30 बजे शुरू हुआ जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी पीलीभीत संजय सिंह ने किया। जिलाधिकारी पीलीभीत ने भारत माता और प्रभु श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इससे पूर्व कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता और डांस प्रतियोगिता का फाइनल राउंड संपन्न हुआ। नृत्य प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में मन्नत प्रथम रहीं,साक्षी द्वितीय स्थान पर रहीं तथा प्रियांशी को तृतीय स्थान मिला।नृत्य प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में एंजल को प्रथम स्थान, आरोही अग्रवाल को द्वितीय तथा सनाया गर्ग को तृतीय स्थान मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में पूजा ढाली को प्रथम स्थान और नीतू पटेल को दूसरा अर्चना एवं सौम्या अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला।तत्पश्चात सोनी टीवी के सुपरस्टार कार्यक्रम के फाइनलिस्ट क्षितिज सक्सैना ने मेरी रूह का परिंदा समेत कई गानों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी और उपस्थित जन सैलाब का मन मोह लिया कार्यक्रम में उत्तराखंड से आई हुई बाल कवित्री काव्या जैन और सुरेंद्र जैन तथा हास्य कवि जयंत शाह ने विभिन्न प्रकार की कविता पाठ कर लोगों को खूब गुदगुदाया वही काव्य जैन ने वीर रस की कविता पाठ कर वातावरण में देशभक्ति का भाव जागृत कर दिया। कार्यक्रम में रावण दहन का आयोजन हुआ और जिलाधिकारी पीलीभीत में रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत तथा श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेने का संदेश दिया कार्यक्रम में हुए सम्मान समारोह में जिलाधिकारी पीलीभीत को पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने श्री रामनामी दुपट्टा ओढ़ाकर और बैज लगाकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम के संयोजक चरणजीत सिंह ने जिला अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी पीलीभीत ने मझोला के पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल को श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने एवं आंदोलन में जिले से पहली गिरफ्तारी देने एवं मझोला नगर में शमशान घाट के निर्माण तथा सरस्वती शिशु मंदिर और विद्या मंदिर की स्थापना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्माण करने तथा नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रहते हुए पूरे क्षेत्र वासियों के हितों का संरक्षण करने हेतु मझोला गौरव का सम्मान से अलंकृत किया जिलाधिकारी पीलीभीत ने पीलीभीत का गौरव बढ़ाने और राष्ट्रीय पटल पर पूरे जनपद का नाम रोशन करने के लिए क्षितिज सक्सैना और उनके माता-पिता को सम्मानित किया एवं बाल कवित्री के रूप में पूरे देश में नाम रोशन करने के लिए काव्या जैन और उनके माता-पिता का भी सम्मान किया । कार्यक्रम में दिवाकर ग्रुप ने पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किया वहीं सलमान ग्रुप ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिताओं के



विजयी प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया गया एवं लकी ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार एक रेफ्रिजरेटर बलवीर सिंह निवासी भगचुरी उत्तराखंड का निकला और द्वितीय पुरस्कार एलइडी टीवी जावेद की निकली इसके अतिरिक्त अनेकों पुरस्कार भी अनेकों लोगों के निकले कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में खटीमा के ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी उपस्थित रहे और उन्होंने सभी से भगवान राम के दिखाए हुए रास्ते पर चलने का आग्रह किया तथा एक सुंदर आयोजन हेतु समस्त आयोजन समिति को बधाई दी और स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने हेतु समिति का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, मेला संयोजक चरणजीत सिंह, चंदन गोयल, अंकित सिंह, सतीश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रेम गोयल, नितिन गोयल, मुकेश मंगल, अंकित मित्तल, मोहित गोगिया, अवधेश सिंह, विवेक शर्मा समेत हज़ारों क्षेत्रवासियों की सहभागिता रही।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आज युवा उत्सव व साइंस मेला वुडवर्ड पब्लिक स्कूल भदोही में होगा शुभारंभ



**भदोही-** जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी दिनेश त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 विभाग भदोही द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद स्तरीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम व साइंस मेले का आयोजन 15 अक्टूबर 2024 को वुडवर्ड पब्लिक स्कूल भदोही में पूर्वान्ह 09 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसका शुभारंभ मा. विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे ,मा. भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा द्वारा किया जाएगा। जिसमें निम्न विद्या की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। सांस्कृतिक विधायें -लोकनृत्य, लोकगीत, कविता, जीवन कौशल के कहानी लेखन, चित्रकारी, डिक्लेमेशन, थीमेटिक के साइंस मेला में प्रतिभाग किया जायेगा। प्रतिभाग करने वाले युवाओं की आयु-12 जनवरी 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य हो तथा इच्छुक कलाकार अपने बायोडाटा/ विवरण के साथ कार्यक्रम स्थल पर सम्पर्क करें।

### मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



आज दिनांक 14 अक्टूबर को सभी वर्गो के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन में संपन्न हुई ढ्ढ बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहेढ्ढ नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी को छात्रवृत्ति के संबंध में निर्गत निर्देशों का समय अंतर्गत अनुपालन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### रावण के विशालकाय पुतले का हुआ दहन



**चुनार, मीरजापुर।** विजयादशमी पर्व पर शनिवार को श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। आश्चर्य कूप स्थित मैदान पर रावण के ऊंचे पुतले का दहन किया गया। राम रावण युद्ध देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। जय श्रीराम के उदघोष से सम्पूर्ण मैदान राम मय हो गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओ पी सिंह, क्षेत्राधिकारी सुश्री मंजरी राव, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य,अपराध निरीक्षक सत्येंद कुमार यादव बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा बच्ची, व्यास लक्ष्मी शंकर पांडेय, गौरी नाथ दीक्षित, नरेंद्र पांडेय, रमाशंकर पांडेय, फूलचंद, डब्लू मिश्रा, संजय साहू, ब्रह्मानंद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमी उपस्थित रहे।

### स्कूल जा रहे पिता पुत्र की बाइक को बोलोरो ने सामने से मारी टक्कर,दोनों लोग गंभीर रूप से घायल

**चील्ह मीरजापुर।** थाना कोतवाली चील्ह अंतर्गत तिलठी गांव में आज सुबह 7:30 बजे बोलेरो ने स्कूल जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र को सामने से टक्कर मार दिया, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोलारख नाथ पुत्र बटोही राम उम्र 52 वर्ष ग्राम जगन्नाथपुर, थाना गोपीगंज, जिला संत रविदास नगर भदोही, जो पेशे से प्राइमरी स्कूल में अध्यापक हैं वह अपने पुत्र आनंद कुमार उम्र 22 वर्ष के साथ अपने विद्यालय गुरुसंडी, मीरजारपुर जा रहे थे की रास्ते में चील्ह गोपीगंज मार्ग स्थित तिलठी गांव में विंध्याचल से दर्शन करके दर्शनार्थियों से भरी बोलोरो गोपीगंज की तरफ जा रही थी कि सामने से टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल लोगों को ट्रामा सेंटर मीरजापुर भेज दिया जहां पर उनका इलाज चल रहा है। बाइक सवार आनंद कुमार का पैर फ्रैक्चर हो गया है तथा उन्हें गंभीर रूप से चोट भी आई है।

# पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-14.10.2024 को डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदया द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित



अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले के दौरान विदेशीआयातकों व विशिष्ट महानुभवों के आगमन के दृष्टिगत स्मार्ट पुलिसिंग सहित सुरक्षा/यातायात व्यवस्था हेतु किए गए हैं व्यापक पुलिस प्रबंध

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही** जनपद के एक्सपो मार्ट, कारपेट सिटी भदोही में दिनांक-15.10.2024 से 18.10.2024 तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले के दौरान विभिन्न देशों से आगमन करने वाले कारपेट आयातकों, निर्यातकों व विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत विशाल सिंह, जिलाधिकारी भदोही व डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के संयुक्त निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में पर्याप्त पुलिसकर्मियों की सादे/वर्दी में ड्यूटी लगाकर व्यापक पुलिस प्रबंध किया गया है। विदेशी आयातकों की सुविधा व विशेष सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत स्मार्ट पुलिसिंग के तहत सादे वस्त्रों (सूट,टाई) में भी पुलिसकर्मियों को उच्चाधिकारीगण के नेतृत्व में ड्यूटी में लगाया गया है। साथ ही कालीन उद्यमियों, विदेशी खरीदारों व विशिष्ट महानुभावों के आगमन/भ्रमण के दौरान यातायात व्यवस्था के व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। आज दिनांक 14.10.2024 को डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही व अन्य पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारीगण के साथ द्वारा कारपेट सिटी का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को ब्रीफ कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यो व कर-करेत्तर कार्यो की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

● आईजीआरएस के असंतुष्ट फीडबैक शिकायतकर्ता से सम्बन्धित अधिकारियों को डीएम ने समय सीमा में निस्तारित करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यो, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह व अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा में असंतुष्ट फीडबैक शिकायतकर्ता से सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए लग कर निस्तारित कराते हुऐ रैंक सुधार पर जोर दिया। हैसियत नामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित मामलों को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, तथा निस्तारण न होने पर कठोर कार्यवाही हेतु शासन को पत्र लिखा जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत डिल्फाटर श्रेणी में न हो समय रहते शिकायत का गुणवत्तापूर्वक करें निस्तारण, नही तो होगी कठोर कार्यवाही।

जिलाधिकारी ने वन विभाग को निर्देशित किया कि जंगली जानवरों से घायल हुए व्यक्तियों को आर्थिक मदद दिलाना सुनिश्चित करें। डीएम ने धारा 34 में 72 ई- कोर्ट केस 5 साल से पेंडिंग होने पर औराई तहसीलदार को हिदायत देते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया।परिवहन विभाग को गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन बढ़ाने व प्रवर्तन कार्य करते हुए ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अनुपालन आख्या में दिए गए निर्देशों को पूर्ण करते हुए अवैध शराब की तस्करी को पकड़ते हुए आबकारी राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप, राइस मिल, शराब की दुकानों, गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधिकारी राजस्व वसूली में हिला-हवाली करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी को पुलिस के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में छापेमारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के आरके वसूली के साथ-साथ, विद्युत व राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के 10 बड़े बकायेदारों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकरियों को निर्देश दिया कि तहसीलों में लंबित भूमि विवादों, मुकदमों को निस्तारण कराए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जीएसटी विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त जीएसटी द्वारा 60 टॉप आरसी बकायेदारों की सूची प्रस्तुत करने पर, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तहसीलवार उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जीएसटी अधिकारी सम्बन्धित तहसीलदार, एसएचओ व पुलिस फोर्स की टीम का गठन करते हुए वसूली अभियान चलाया जाय। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, अधिशासी अधिकारी, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में



लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया राजस्व की समीक्षा करते राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा किया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी भू माफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक किये गये कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में बिना बताए अनुपस्थित रहने पर एसडीएम न्यायिक आकाश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, आईटीआई प्रिंसिपल, प्रभागीय वनाधिकारी, एक्सईएन नलकूप, को कारण बताओ नोटिस जारी करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरूण गिरि, भदोही भान सिंह, औराई बरखा सिंह, समस्त तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, खनन अधिकारी, समस्त अधिशासी अभियंता, अधिशासी अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भदोही में विवाहिता ने मायके में की आत्महत्या

● औराई क्षेत्र के घटमापुर गांव की घटना।

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** सरकार जहां महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम कार्यक्रम और योजना चलाती है लेकिन इसके बावजूद भी देखा जा रहा है कि तमाम जगहों पर महिलाओं के साथ प्रताड़ना के मामले सुनने और देखने को मिलता है। कुछ मामलों में महिलाओं के ससुराल के लोग ही उनकी मौत के जिम्मेदार होते है कुछ मामले में महिलायें प्रताड़ना से तंग आकर अपनी इहलीला खुद समाप्त कर लेती हैं। इसी तरह का एक मामला भदोही जनपद के औराई क्षेत्र के घटमापुर में देखने को मिला। जहां मायके में आई विवाहिता ने पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। विवाहिता के मायके वालों ने ससुराल के लोगो पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया हैं। जिससे तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक औराई क्षेत्र के घटमापुर निवासी रामधनी बिन्द की 23 वर्षीय विवाहिता पुत्री रीना देवी अपने मायके में रविवार की रात को किसी बात से नाराज होकर पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। विवाहिता की 2019 में शादी हुई थी। ससुराल में विवाद के बाद चार दिन पूर्व अपने मायके आई थी। विवाहिता की ससुराल मिर्जापुर जनपद के चिल्ह थाना के हुसैनीपुर गांव में है। विवाहिता के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर बेटी को



प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। विवाहिता को एक वर्ष का एक बेटा भी है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी औराई, पुलिस व फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमारटम के लिए भेज दिया। विवाहिता अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है।

### भरत मिलाप का मंचन देखने बड़ी संख्या में पहुंचे रामलीला प्रेमी



**चुनार, मीरजापुर ।** श्रीराघवेन्द्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार की रात भरत मिलाप का मंचन किया गया। मंच पर भरत, शत्रुध्न गुरु वशिष्ठ के साथ विराजमान थे तभी पवन सुत हनुमान जी पहुंचकर भरत जी को प्रभु श्रीराम के वन से वापस आने की सूचना देते हैं। श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता के साथ पहुचे। जहां चारों भाईयों का मिलन हुआ। चारो भाइयों का मिलन देखकर मौजूद लीला प्रेमियों ने जय श्रीराम का जयकारा लगाया। मिलन के बाद चारो भाई माता सीता, हनुमान जी के साथ रथ से नगर के लिए निकले। इस दौरान खड़े लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार वर्मा ने लीला प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको श्रीराम के आदर्शो एवं भरत के त्याग भावना से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, तहसीलदार योगेन्द्र शरण शाह, पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव, चन्द्रहास गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा बच्ची , अजय शेखर पांडेय,संजय साहू,राकेश गुप्ता राही,काजू गुप्ता,श्याम सुन्दर शाह,पंकज शर्मा,विकास पांडेय सहित बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के बहुत से व्यापारियों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** संजय सिंह गहरवार जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, उत्तर प्रदेश मीरजापुर के नेतृत्व में व्यापारी एकता जिन्दाबाद।के नारे लगाते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल तत्वाधान में मिर्जापुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष संजय सिंह गहरवार के साथ व्यापार मंडल के बहुत से व्यापारियों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया जो व्यापारियों को व्यापार में घाटा पहुंचा रही है उन बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष संजय सिंह गहरवार ने कहा जिन अधिकारियों को व्यापार व्यापारियों के कारोबार को चेक करने के लिए लगाया जाता है उनके पास तकनीकी जानकारी की कमी होने के कारण वह अधिक से अधिक जुर्माना लगाते हैं जिसे व्यापारी बर्दाश्त नहीं करेगा व्यापारी धरना प्रदर्शन आने वाले समय में करेगा जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा प्रदेश के समस्त औद्योगिक एवं व्यवसायिक संगठनों द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में धरना प्रदर्शन ज्ञापन दिया जा रहा है संजय सिंह गहरवार जिला अध्यक्ष मीरजापुर ने बताया प्रशासनिक अधिकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट आदि को न्याय निर्णयक अधिकारी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किये गये हैं। प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं जिससे न्याय निर्णय में समय लगता है। समय लगने से व्यापारी उत्पीडन को बढ़ावा मिलता है तथा तकनीकी जानकारी न होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी मात्र अधिकतम जुर्माना वसूल करना चाहते हैं वह वाद को गुण दोषों के आधार पर तय करने की इच्छा नहीं रखते। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (फूड एक्ट) के लिये पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे व्यापारी को शीघ्र न्याय मिल सके। खाद्य पदार्थो की पैकिंग की आईटम में रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या कमी नहीं कर सकता है एवं का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में दिये गये पैकिंग एण्ड लेवलिंग एक्ट के कानूनों को पूरा करने में रिटेल व थोक के व्यापारी का कोई योगदान नहीं है। पैकिंग कम्पनियों द्वारा तैयार कर भेजी जाती है, जिसमें रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या पैकिंग में कोई संशोधन नहीं कर सकता है।

न्याय निर्धारण अधिकारी द्वारा कम्पनियों के साथ-साथ रिटेल व थोक के व्यापारियों को भी दण्डित किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाले फर्म या



कम्पनी को ही दोषी माना जाए, होलसेलर व रिटेलर को दण्डित न किया जाये। वर्तमान समय में भारी मात्रा में खाद्य पदार्थो का व्यापार ऑनलाइन फूड चेन सप्लाई व मल्टी नेशनल कम्पनियों के द्वारा किया जा रहा है, परन्तु ऑनलाइन फूड सप्लाई के डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों के पास फूड लाइसेंस नहीं है। सभी ऑनलाइन व फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्यिों के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्टैªशन व लाइसेंस बनवाये जाने की मांग की गई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मल्टी नेशनल कम्पनी व फूड सप्लाई चेन के डिलीवरी होने वाले सामानों की सैम्पलिंग नहीं की जा रही है। ऑनलाइन फूड सप्लाई चेन की सैम्पलिंग भी नियमानुसार की जायेखाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में निर्माताओं से ऑनलाइन सालाना व छमाही रिटर्न समय पर जमा न करने पर रू0 100 प्रतिदिन लेट फीस लगाई जा रही है।

## बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड द्वारा मड़िहान में शीघ्र पावर प्रोजेक्ट हो जाएगा चालू- भूपेंद्र सिंह दासौर

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह दासौर का धूमधाम से जनपद मिर्जापुर में मनाया गया जन्म दिवस। बताते चले की 1280 करोड रुपए की लागत से जनपद मिर्जापुर के मड़िहान क्षेत्र में बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड अपना विद्युत उत्पादन के लिए प्लांट लगाने जा रही है । बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह दासौर ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर कहा कि जनपद मिर्जापुर वासियों को आने वाले समय में एक वृहद विशाल ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर सौगात मिलने जाएगा ।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पावर सेक्टर में बहुत तेजी से देश आगे बढ़ रहा है हम उम्मीद करते हैं कि सब कुछ सही दिशा में रहा तो हमारे अगले जन्मदिवस के वक्त पावर प्लांट देशवासियों के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पण कराया जाएगा। इस मौके पर जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा जनपद के जाने-माने पत्रकार भी मौजूद थे। बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड की पूरी टीम पिछले वर्षों से तेजी से पावर प्लांट प्रोजेक्ट करने के दिशा में कई स्तर के काम पूरे कर चुके हैं

इस बाबत भूपेंद्र सिंह ने एसडीएम मड़िहान के अलावा रोजगार आयुक्त व



अन्य कई बड़े अधिकारियों से प्रोजेक्ट के बारे में प्रगति की चर्चा की है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जनपद मिर्जापुर अब ऊर्जा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने जा रहा है प्रोजेक्ट शुरू होने के दौरान और प्रोजेक्ट पूरा होने पर भी स्थानीय लोगों को रोजगार में वरीयता जारी भी दी जाएगी।

# सीखड़ का भरत मिलाप धूम धाम से संपन्न हुआ

» अवधपुरी सुख दिन राम रघुनंदन आए इतना सुनत भरत उठी धाए पाय न दर्शन पाय राम रघुनंदन आए

» रथ पर सवार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम,माता सीता और चारो भाईयों को देख जनता जय श्री राम का नारा लगाने लगी

»झांकीओ को देखने के लिए 4 बजे भोर तक जमी रही भीड़

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड, मीरजापुर।** प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी सीखड़ का भरत मिलाप देर रात धूम धाम से जय श्री राम के उद्घोष के साथ संपन्न हुआ ।सीखड़ बाजार स्थित प्राचीन रामलीला समिति के तत्वाधान में रविवार को आयोजित भरत मिलाप का कार्यक्रम शाम करीब 8 बजे संपन्न हुआ। जहाँ पहले ही हनुमान जी अयोध्या पहुँच कर लघु भ्राता भरत को सूचना देते हैं कि प्रभु श्री राम व भयीया लक्ष्मण माता सीता के साथ जल्द ही अयोध्या पहुंचने वाले हैं।तत्पश्चात माता सीता और लघु भ्राता लक्ष्मण के साथ अयोध्या पहुँचे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी ने अपने गुरु महर्षि बशिष्ठ और माता कौशल्या कैकेयी, सुमित्रा से मिल कर आशीर्वाद लेने के पश्चात अनुज भ्राता भरत व शत्रुघ्न से गले मिल कर भाउक हो जाते है।मेला मैदान में देर रात तक हजारो कि संख्या पहुँचे लीला प्रेमियों ने भगवान का दर्शन पाकर जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण राममय बना दिया। लोगो ने आतिश बाजी कर जश्न मनाया। इसके पश्चात देर रात 1ः30 बजे के लगभग 25 झांकियां निकाली गई। जिसमे मां दुर्गा, भारत माता,जल परी, शंकर भगवान, मां लक्ष्मी भगत सिंह को फांसी पर लटकाने आदि भव्य झांकी निकाली गई। बेटर लाइफ फार्मिंग सेंटर सीखड़ के प्रो0 दिलीप सिंह व पवन सिंह , ग्राम प्रधान धनंजय मिश्रा क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज मौर्य के द्वारा प्रत्येक झांकी को एक दीवाल घड़ी एवं मिष्ठान वितरण किया गया और गजाधर पांडेय के परिवार की तरफ से प्रत्येक लाग को एक एक अंगवस्त्र दिया गया, मेले में निकली झांकीओ को फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड, पुरस्कार अजीत दीपू पांडेय, आशीष मिश्रा, राजन दुबे द्वारा एलसीडी 24 इंच टीवी, गैस चूल्हा, मिक्स जूसर मशिन उन्हीं को हिन्दुस्तान के तहसील संवाददाता गोपीनाथ मिश्रा द्वारा एक एक स्टील की टिफीन दिया गया। मेला में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुँचे उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा,



तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य ने पुलिस एवं पीएसी बल के साथ मेला में चक्रमण करते रहे।इस दौरान प्राचीन रामलीला कमेटी के प्रबंधक अभय शंकर चतुर्वेदी, अध्यक्ष सौरभ पांडेय, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी मंत्री गुड्डू पांडेय , उमेश पांडेय,मुकेश त्रिपाठी अखिलेश त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी,धर्मेंद्र पाठक, बचानी मास्टर, महिमा दत्त दुबे तारकेश्वर नाथ मिश्रा, रतन पांडेय,गुड्डू पांडेय,मिन्टू तिवारी, सर्वेश सिंह सिंटू, गुड्डू शुक्ला ,आलोक शुक्ल,अनुराग पाठक, आशीष पाठक, धीरज चौबे, , जिलानी मास्टर, बब्बल पांडेय, दिलीप सिंह,अशोक गुप्ता, सूरज मौर्य, शुभम् ,गोलू , अंशुमान, गणेश, शर्मा पांडेय, मृत्युंजय मिश्रा, गवर्नर पांडेय, सहित हजारों की संख्या मेला प्रेमी उपस्थित रहे।

## शस्त्र पूजन कर स्वयंसेवकों ने किया पद संचलन

स्वतंत्र प्रभात

**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 6 उत्सवों में से एक विजयादशमी उत्सव तथा संघ की स्थापना दिवस के अवसर पर शस्त्र पूजन एवं पथ संचालन का कार्यक्रम मिर्जापुर जिले में विभिन्न स्थानों पर संपन्न हुआ। इसी क्रम में छानबे खंड के विहासड़ा स्थित महाशक्ति इंटर कॉलेज में शस्त्र पूजन व पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में काशी प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह आदरणीय राज बिहारी जी का पाथेय प्राप्त हुआ, इस अवसर पर काशी प्रांत के प्रांत संघचालक मा0 अंगराज सिंह जी खंड संघचालक मा0 लाल जी, माता सहाय जी, गंगेश जी, संतोष जी, नीरज जी, कवि जी, कल्याण जी, दिलीप जी, गणेश जी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कोन खंड के तिलठी ग्राम सभा की रामलीला मैदान में स्वयंसेवकों का बृहद एकत्रीकरण एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सत्संग प्रमुख महेश जी ने किया। इस अवसर पर मिर्जापुर जिला के सह जिला कार्यवाह श्रीमान नीरज जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ कार्यक्रम में सैकड़ो स्वयंसेवकों ने गणवेश में प्रतिभाग किया इस अवसर पर खंड संघचालक मा0 डॉक्टर प्रसाद जी, श्रीधर जी, ओम प्रकाश जी, राजेंद्र जी, संतोष जी, शुभम जी, मंगला जी, शुभांशु जी, रजनीश जी, ज्योति प्रकाश, तरुण, अंश इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के इसी कड़ी में कछवा आदर्श नगर पंचायत में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचालन व शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिदेशक राम नारायण सिंह जी ने किया तथा विभाग कार्यवाह सच्चिदानंद जी द्वारा बौद्धिक दिया गया। इस अवसर पर जिला कार्यवाह चंद्र मोहन जी, श्याम जी, परविंदर जी, नर नारायण जी, सुदामा



जी, हरिमोहन सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। स्थापना दिवस की इसी कड़ी में हालिया खंड के ड्रमंडगंज स्थित दशहरा मैदान में शस्त्र पूजन एवं तत्पश्चात पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विभाग बौद्धिक प्रमुख संतोष जी का पाथेय प्राप्त हुआ। इस अवसर पर खंड संचालक हरिश्चंद्र सोनी जी, खंड कार्यवाह तारकेश्वर केसरी जी, खंड प्रचारक धर्मेंद्र जी के अलावा कौशलेंद्र धीरज सुरेश मनोज शत्रुघ्न विजय सुरेंद्र इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## श्री रामलीला समिति सुरियावा द्वारा आयोजित रामलीला मैदान में भारत मिलाप का कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** श्री रामलीला समिति सुरियावा द्वारा आयोजित रामलीला मैदान में भारत मिलाप का कार्यक्रम संपन्न किया गया जहां भगवान श्रीराम अपने अनुज भरत से मिले। इस दौरान सैकड़ों की भीड़ दोनों भाइयों के मिलन की साक्षी बनी। लोगों ने पुष्पवर्षा करके भगवान के मिलन का स्वागत किया। शहर के साथ ही बड़ी संख्या में आस-पास के इलाकों से भी लोग इस भरत मिलन समारोह का साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। इस अवसर पर रामलीला समिति की और से भक्ति भजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे भगवान श्रीराम के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही भक्ति नृत्य एवं झांकी का कार्यक्रम शानदार तरीके से प्रस्तुत किया गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 10 लाग निकल गई रामलीला मैदान पर मौजूद सैकड़ों की जनता भजन गायन से मंत्र मुग्ध नजर आयी। प्रभु श्री राम एवं भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न भाइयों का मिलाप देखते ही खुशी की लहर दौड़ गई कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी भगवान श्रीराम का जयघोष करते हुए जयकारों से उनका स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवधेश उम्र अश्वनी साहू छेदीलाल साहू अनिल कुमार



अशोक कुमार जयकुमार ठाकुर प्रसाद गुड्डू मोदनवाल नमन साहू मनीष जायसवाल लोकेश सेठ लवकुश कुमार मनोज मोदनवाल पवन मोदनवाल राहुल विशाल अभिषेक राम जी शिवकुमार मोदनवाल गुरु आदि उपस्थित रहे

# संक्षिप्त ख़बरें

## पूर्व सभासद ने सैकड़ों लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता



**गोण्डा।** नगर पालिका परिषद गोण्डा के वार्ड नंबर 6 बड़गांव के पूर्व सभासद भाजपा शेष चौरसिया ने भाजपा सदस्यता अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत खैरा कॉलोनी, बड़गांव, मेडिकल कॉलोनी, एवं नई बस्ती में सैकड़ों लोगों को सदस्यता दिलाई लोगों को पार्टी की नीतियों के बारे में बताया,श्री चौरसिया ने कहा कि मैं पार्टी कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के पद पर कार्यरत हूं पार्टी की जो भी दिशा निर्देश मिलता है उस पर कार्य किया जाता है। सदस्यता दिलाई हेतु क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को सदस्यता के साथ संकल्प दिलाया गया,2027 में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए आहान किया। सदस्यता पाने वाले ज्ञानेंद्र पाठक, जज्जू चौरसिया, राकेश सिंह, गुल गुल सिंह, दुर्गेश चौरसिया, रिशु कनौजिया, चंद्रभान दुबे, चंद्रिका पासवान, राधेश्याम साहू, कैलाश चौरसिया, जुग्गी लाल, साहू निर्मल तिवारी,मंटू चौरासिया, प्रशांत श्रीवास्तव, पप्पू साहू, रामू पासवान, विशाल शुक्ला, वीरू कनौजिया, निहाल वर्मा,रवि वर्मा,अरुण कौशल,मोहित कौशल,रोहित कौशल,अंकित वर्मा,आशीष ओझा, रिंकू साहू,विन्दे वर्मा,निखिल पाण्डेय, अनुराग शुक्ला,महेंद्र सहित सैंकड़ों लोगों ने सदस्यता हासिल किया।

## जनपद में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद में निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय कौशाम्बी राजकीय आई0टी0आई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 16 10.2024 को कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र कनैली रोड बेनीराम कटरा कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आई0टी0आई/ नान आई0टी0आई न्यूनतम हाई स्कूल उत्ती एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जाएगी इच्छुक अभियार्थी विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त अभिलेखों की छाया प्रति रिज्यूम के साथ प्रातः 10:30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

## सदस्यता अभियान का दूसरा चरण सक्रिय सदस्यता अभियान की बैठक सम्पन्न



**कौशाम्बी।** जनपद के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगठन महापर्व सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र से उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चन्द्र गुप्ता रहे। बैठक को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जनपद के प्रत्येक मण्डल में 100 सक्रिय सदस्य बनाने है और सक्रिय सदस्य तभी बनेंगे जब उनके खुद के रेफरल पर 50 की संख्या में सदस्य बने हों। तथा जिन पदाधिकारियों ने अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है उन्हे माला पहना कर उनका अभिनन्दन किया गया। इस मौक पर सक्रिय सदस्यता अभियान प्रभारी शिव दत्त पटेल, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राकेश पाण्डेय, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, दीप चन्द्र दिवाकर, आशीष केसरवानी, कविता पासी,भोले शंकर कुशवाहा, दिनेश पाण्डेय, अजय पाण्डेय, नितिन पासी, नीतू कनौजिया,व सभी जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण, उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ के साथ स्वास्थ्य विभाग की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मातृ मृत्यु शिशु दर में कमी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने डिप्टी सीएमओ द्वारा भी इसकी लगातार मॉनीटरिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि हाईरिस्क प्रेगनेन्सी चिन्हित कर उसकी सूची बनायें। इसकी लगातार मॉनीटरिंग की जाय। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु की जो भी सूचना प्राप्त हुई है, उन सभी का ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने कहा कि आशा एवं ऑगनबाड़ी मिलकर काम करें, इसके लिए उनकी ट्रेनिंग कराकर उन्हें जागरूक भी किया जाय। उन्होंने कहा कि आरबीएसके की टीम लगातार फील्ड में भ्रमण कर कार्य करें। इसके साथ ही सैम/मैम बच्चों की भी निगरानी करते रहें। जहॉं कहीं भी चिकित्सक उपलब्ध न हों, आरबीएसके की टीम द्वारा ओपीडी भी किया जाय।

# प्रयागराज के संगम तट, दशाश्वमेध घाट,प्रभू घाट, अष्टभुजा घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान एवं सिंगल यूज़ पालीथीन मुक्त अभियान चलाया

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी चंदौली ने प्रयागराज के संगम तट, दशाश्वमेध घाट,प्रभू घाट, अष्टभुजा घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान एवं सिंगल यूज़ पालीथीन मुक्त अभियान चलाया। शारदीय नवरात्र समाप्त हो चुका है और लोगों के यहां से मां विदा हो चुकी है। पूजा स्थल पर ढेर सारी सामग्री एकत्रित है उन्होंने लोगो से अपील की है कि पूजोपरांत पुराने माला फूल, चित्र, मूर्ति आदि को मां गंगा के अंदर न प्रवाहित करें। मां गंगा साक्षात देवी का स्वरूप है, एक देवी पर चढ़ाया गया पूजा सामग्री, माला फूल, कपड़े को उतार कर दूसरी साक्षात देवी मां गंगा में न डालें,यह मां गंगा का अपमान है। इससे आपको पुण्य की प्राप्ति नहीं होगी।

अनामिका चौधरी जी के साथ अन्य गणमान्य नागरिक मृणाली मिश्रा, नीलम शुक्ला, जान्हवी निषाद, सुमन बाला, राकेश मिश्रा,शिवा त्रिपाठी पूर्व पार्षद,अरूण निषाद, आचार्य कौशल किशोर मिश्र, दिलीप सेन, अन्नू निषाद,राजेन्द्र जायसवाल, सोनू अरोरा, आदि ने नगर निगम प्रयागराज के कर्मचारियों व क्षेत्रीय लोगों की सहायता से गंगा तट पर फैलीं लगभग चार-पांच गाड़ी पुराने माला फूल, चित्र, मूर्ति, कपड़े, पालीथीन कचरा को निकाल कर उसे नगर निगम प्रयागराज द्वारा निस्तारित कराया।

# प्रयागराज मण्डल ने स्टेशनों पर "स्वच्छ प्रसाधन और स्वच्छ पर्यावरण" अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल में सभी स्टेशनों पर 'स्वच्छ प्रसाधन और स्वच्छ पर्यावरण' अभियान चलाया गया। भारत सरकार की राष्ट्रव्यापी मुहीम के अंतर्गत प्रयागराज मंडल में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा 01.10.2024 से 15.10.2024 तक मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल में स्वच्छ नीर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ खानपान व्यवस्थाएं, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ प्रसाधन सहित स्वच्छता के प्रत्येक मानक पर कार्य किया जा रहा है।

'स्वच्छ प्रसाधन और स्वच्छ पर्यावरण' दिवस पर प्रयागराज मंडल के सभी स्टेशनों, कोचिंग डिपो, मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों, हॉस्पिटलों, कार्यस्थलों एवं स्टेशन और कार्यालयों के आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध शौचायलयों की सघन सफाई की गई। इसी क्रम में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और ड्रेनेज सिस्टम की साफ सफाई की गई। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर नाटकों का आयोजन कर आम जनता को खुले में एवं रेलवे ट्रैक के निकट सौच न करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं निरीक्षकों/सुपरवाइज़रों ने संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छता न होने से फैलने वाली बीमारियों एवं समस्याओं के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर पर्यावरण को बेहतर बनाने के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सभी को जागरूक किया गया।

# विकास परक योजनाओं में अंतर्विभागी के कार्यों के सम्पादन में समन्वय स्थापित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन।

**● - आपसी समन्वय से प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ती है। जिलाधिकारी।**

स्वतंत्र प्रभात





**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्त ता में विभिन्न विकास परक योजनाओं में अंतर्विभागीय कन्वर्जेंस के कार्यों के सम्पादन में समन्वय स्थापित करने के संबंध में बैठक /कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक /कार्यशाला में जिलाधिकारी ने सभी लोंगो को एक टीम भावना के साथ अंतर्विभागीय समन्वय बनाते हुए कार्य करने के लिए कहां क्योंकि समन्वय से प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी योजनाओ को धरातल पर उतारने व उनका लाभ सभी को मिल सके यह हम सभी लोगो की संयुक्त जिम्मेदारी है। कार्यशाला में सभी एसडीएम व सम्बंधित अधिकारियों से ग्राम सभाओ में पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, ग्रामीण क्षेत्र में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए आरआरसी सेंटर व अन्य सरकारी भवनों के निर्माण हेतु 3 दिनों में जमीन चिन्हित कर उपलब्ध कराने के लिए कहा। उन्होंने पी0एम0 कुसुम योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा घरों में सोलर सिस्टम लगवाए जाने हेतु आईजीआरएस पोर्टल की निस्तारण आख्या पर जिला स्तरीय अधिकारी ही हस्ताक्षर कर प्रेषित करें। वे इस कार्य हेतु अपने कनिष्ठ अधिकारी को नॉमित न करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जन शिकायतो का निस्तारण अपनी मुख्य प्राथमिकता पर रखे और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं हैं इसलिए अपनी कार्य प्रणाली को सुधारे और सभी जिला स्तरीय अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं बात भी करें।

कार्यशाला में ही कुछ प्रकरणो में क्या कार्रवाही की गई है, की सम्बंधित से जानकारी प्राप्त की।कहा कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, इस कार्य में लापरवाही व उदासीनता बरतने वाले अधिकारिओ की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारिओ को आईजीआरएस की शिकायतों को निस्तारण हेतु निर्धारित प्रारूप में टाइप करवाकर ही आख्या अपलोड करने व निस्तारण आख्या का श्रेणीकरण अवश्य किये जाने के लिए कहा हैं।

उन्होंने कहा कि यदि शिकायत आपके विभाग से सम्बंधित न हो तो उसी दिन सम्बंधित को वापस करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए सभी फीडबैक अवश्य लिए जाये।

सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित शिकायतों का प्रतिदिन अनुश्रवण करें और किसी भी स्थिति में प्रकरण डिफाल्टर न होने पाए। गम्भीर प्रकरणों के निस्तारण में उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी स्वयं स्थलीय निरिक्षण करें। सभी शिकायती पत्रों में शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर दर्ज हो। सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए फीडबैक अवश्य लिए जाये। आप सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर अपने विभाग से सम्बंधित शिकायतों की प्रतिदिन स्वयं समीक्षा करें और शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता करेंगे और यदि शिकायत उचित है, तो उसका समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को लम्बित बिंदुओं पर एजेण्डा प्वाइंट बनाते हुए प्रत्येक सप्ताह सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें निस्तारित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए उनका श्रेणीकरण अवश्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण हेतु बनाये गये आख्या प्रारूप पर ही शिकायतों का निस्तारण करते हुए प्रत्येक निस्तारण की टाइप आख्या इसी प्रारूप पर सभी लोग उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अन्य विभाग से सहयोग अपेक्षित हो, तो समन्वय कर प्रकरण को निस्तारित करें। अन्य सम्बंधित विभाग के द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया अथवा नहीं, का उल्लेख भी आख्या में अवश्य करें। उन्होंने फील्ड विजिट के स्पॉट मेमो,गवाहों के नाम, हस्ताक्षर व मोबाइल नम्बर व फोटोग्राफ्स आख्या में संलग्न करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रारूप में समीक्षक, अग्रसारित करने वाले अधिकारी की गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सम्बंधी अपनी टिप्पणी अवश्य लिखे जाने के लिए कहा है। कहा कि यदि कार्य न होने योग्य हो, तो उसका भी स्पष्ट उल्लेख हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि शिकायत आपसे सम्बंधित न हो, तो सम्बंधित विभाग का उल्लेख करते हुए उसी दिन वापस कर दें अथवा सम्बंधित कोअग्रसारित कर दें। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब क्षम्य नहीं है। जिलाधिकारी ने शिकायतों का श्रेणीकरण कर उन्हें गम्भीरता से लेते हुए ससमय निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने प्रत्येक शिकायती पत्र में सम्बंधित का मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग अपने अधीनस्थ सभी कार्मिकों से साथ बैठक कर कार्यो को सुचितापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

# युवा कांग्रेस कमेटी ने प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति व बेरोजगारी को लेकर 16 अक्टूबर को दिल्ली चलो अभियान की शुरुआत- अंकुर शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात



कौशाम्बी। आज भारत देश की युवा बेरोजगार हैं और नशे की ओर भाग रहे हैं सरकार इन पर ध्यान नहीं दे रही है बेरोजगारी अपने चरम पर है भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है की सरकार उसके ऊपर ध्यान नहीं दे रही है आज उक्त बातें कांग्रेस के यूथ अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि इन्हीं सब को लेकर आगामी 16 तारीख को जिले के कोने-कोने से एक-एक कार्यकर्ता दिल्ली के लिये कूच करेगा, और यह लड़ाई राष्ट्रीय हो गई है जिले से लगभग 500 कार्यकर्ता दिल्ली जा रहे हैं, जहां बेरोजगारी को लेकर भ्रष्टाचार और नशा मुक्ति को लेकर हल्ला बोल आन्दोलन होगा अगर फिर भी सरकार नहीं चाहती तो जिले में बड़ा आंदोलन हर जिले में किया जाएगा, इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश उपाध्यक्ष हितेश कुमार मिश्रा प्रदेश के महासचिव ओ पी दुबे प्रदेश के महासचिव आदर्श प्रजापति प्रदेश कार्यकारिणी के लोग भी आज कौशाम्बी की इस धरती पर मौजूद रहे जिला कांग्रेस यूथ के जिला उपाध्यक्ष योगी शुक्ला महासचिव अभिषेक जायसवाल, अर्जुन प्रसाद मिश्रा, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा, धीरेन्द्र प्रताप, सिंह विभव कुमार पाण्डेय, सचिन शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित तिवारी, अमित पाण्डेय, ऋषभ तिवारी, सूरज मिश्रा अभिलाष तिवारी, अंकित तिवारी, राजेश शुक्ला नेता हल्ला बोल जाने के लिए तैयार हैं।

# अयोध्या के राजा बने राजा राम, भरत मिलाप पर छलके आंसू

**● - भरत मिलाप में लोगो ने किया पुष्प वर्षा तो हुई बूंदा-बादी**

**मंझनपुर के भव्य मेला में कलात्मक चौकियों ने लोगो का मोहा मन**





स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित हिन्दु धर्म सभा श्री रामलीला कमेटी द्वारा दशहरा के दूसरे दिन रावण वध होने के बाद राम-भरत मिलाप कराया जाता है जिसे देखने के लिए हजारो की तदाद में लोग आते है, राम-भरत मिलाप के बाद रामलीला मैदान में राज्याभिषेक होता है। उसके बाद यही से रामलीला का समापन किये जाने की घोषणा की जाती है। इधर नगर में जगमगाती लाइटें एवं कलात्मक चौकियों सहित जनता-जनार्दन डीजे के धुन में नाचते गाते हुए मेले का लुफ्त उठाते है। बताते चले कि मंझनपुर में कई वर्षो से लगातार दशहरे के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है कि इस तरह से इस वर्ष भी आयोजन किया गया जो हर वर्ष की भाति इस वर्ष ज्यादा ही बेहतर देखने को मिला यह हम नही जनता-जर्नादन कह रही है।

पूरा मेला परिसर में भीड का लोग अनुमान ही लगाते नजर आये, आखिर इतनी भारी संख्या में इस बार आत्याधुनिक लाइटे, चौकियां, डीजे की जगमगहाट लोगो को मंझनपुर आने के लिए मजबूर कर दी। बता दे कि मंझनपुर में दशहरा के दूसरे दिन हिन्दु धर्म सभा श्री रामलीला कमेटी द्वारा राम-भरत मिलाप का आयोजन किया जाता है। एक तरफ चौकी रथ में राम-लक्ष्मण, सीता हनुमान तो दुसरे तरफ से भरत शुत्रध्न, गुरू वशिष्ठ आते है एक मिलाप निर्धारित स्थल पर होता है। भरत मिलाप की लीला मात्र पांच मिनट की होती है, लेकिन इसकी भव्यता बहुत होती है। इसको देखने के लिए लोग घण्टो पहले पहुॅच जाते है। मंच पर राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुध्न, चारो भाई एक दुसरे को भावुकता के साथ गले लगाते है। इसके बाद दोनों भाइयों की आंखों से आंसू छलक उठे। वहां मौजूद जनता-जनार्दन भावविभोर होकर दोनों भाइयों का जयकारा लगाते हुए पुष्पवर्षा करती है। वहीं, बीच-बीच में हो रही बूंदाबांदी से लगा जैसे स्वर्गलोक से इंद्रदेव सहित समस्त देवता भी उक्त दृश्य को देखकर भावुक हो गए। कमेटी के अध्यक्ष आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा सहित सभी पदाधिकारियों ने आरती-पूजर किया। इसके बाद श्रीराम लीला मैदान में राज्याभिषेक के बाद पूरा मंचन क्षेत्र जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद रामलीला के समापन की घोषणा की गई। इसके बाद कमेटी अध्यक्ष ने रामलीला के सभी पदाधिकारियों एवं रामलीला के सहयोगियों सहित मेले में कलात्मक चौकी आयोजक को सम्मानित किया है। इस मौके कमेटी के अध्यक्ष आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा, महामंत्री पंकज गामा, पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष रूपेश शर्मा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सुशील केसरवानी, रिकू, झल्लर चौरासिया, चट्टू, सुशील नामदेव, रोहित गुप्ता, सोनू, उमेश केसरवानी, राहुल केशरवानी, सरोज, सोने लाल, भग्गू सहित सभी पदाधिकारी रहे। पूरे रात आये हुए क्षेत्रावासियों ले नगर में सजी रोड़ लाइट, आत्याधुनिक लाइटे, चौकियां, डीजे को देखते रहें।

### अध्यक्ष ने जताया आभार

कौशाम्बी। हिन्दु धर्म सभा श्री रामलीला कमेटी मंझनपुर के अध्यक्ष आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सहित सभी को सकुशल मेला सम्पन्न होने पर आभार व्यक्त किया है। साथ ही मेले में चौकियां आयोजक को सम्मानित किया है, उन्होने कहा आप सभी के प्रयास से यहॉ मेला सकुशल सम्पन्न हुआ उसके लिए हमारी पूरी टीम आभारी रहेगी।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मेले के सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कौशाम्बी। मंझनपुर मेले को सकुशल बनाये रखने के लिए लगातार जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण कर उचित दिशा-निर्देश देते रहे, मुख्यालय का यह भव्य मेला जिसे देखने के लिए जिले सहित अन्य जिले के लोग भी शामिल होते है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षके निर्देशन पर पूरे रात पुलिस मुस्तैद नजर आयी। इतना ही नही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्राधिकारी ने मेले का भ्रमण की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेले में पुलिस भ्रमण करती नजर आयी है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**● - जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर सभी ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिये निर्देश**

**लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बेहद कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बाजारों में हो रहें पॉलीपीथन बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर पॉलीथीन बिक्री पर रोक लगाने एवं राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी तरह के अवैध आरा मशीनों का संचालन न होने पाये।

जिलाधिकारी ने मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान मण्डी समिति- अजुहा, मंझनपुर एवं भरवारी को राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले माह में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें, लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को साप्ताहिक समीक्षा करते हुए मुख्य देय एवं विविध देय वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आर0सी0 वसूली की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को आर0सी0 वसूली में प्रगति तथा तहसील के बडे बकायेदारों की आर0सी0 वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों को आई0 जी0आर0 एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहने दें एवं शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक अवश्य लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजस्व अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, प्रभागीय वनाधिकारी एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दयानन्द सरस्वती विद्यालय में वीरगाथा माई गवर्न्मेंट प्लेटफार्म पर निबन्ध वह पेंटिंग्स प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के अन्तर्गत आज दिनांक 14/10/2024 को दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज अजुहा कौशाम्बी वीरगाथाकाल माई गवर्न्मेंट में लगभग 60 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया प्रतियोगिता वीरगाथा काल के वीरों की कहानी निबन्ध व पेंटिंग्स का विषय था , विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चन्द्र आचार्य के नेतृत्व में यह कार्यक्रम का सम्पन्न हुआ प्रधानाचार्य ने अन्त में छात्र - छात्राओं को सम्बोधन में बताया की वीरगाथा काल को आदिकाल भी कहा जाता है वीरगाथा काल में वीरों का गौरवपूर्ण इतिहास था , बचपन से ही उन्हें उनकी माताएं वीरों की कहानी सुनाया करती थी, जिससे देश के प्रति उनके मन में राष्ट्रहित की भावना पैदा होती थी, और उनका मनोबल बढ़ता था उत्साह के साथ वीरता के कार्य करते थे, आज भारत सरकार ने माई गवर्नमेंट प्लेटफार्म के अन्तर्गत बच्चों को उत्साहवर्धन करने , मनोबल बढ़ाने के लिए , और उनके मन में हीन भावना समाप्त करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया यह सरकार की एक अच्छी पहल है राष्ट्र के कर्णधार छात्राओं का नेतृत्व बढ़ेगा वीरता, उपकार, की भावना बढ़ेगी राष्ट के प्रति राष्ट्र प्रेम परोपकार की भावना ,देश की रक्षा की भावना, उत्पन्न होगी तभी हमारा देश एक सच्चा देशभक्त बनेगा इस कार्य में निम्नलिखित शिक्षक एवम शिक्षिकाएं उपस्थित रहे शेर बहादुर सिंह, देवेश कुमार, रामानन्द, सुन्दरलाल, अभिषेक, रामप्रसाद, दीपक सिंह, विक्रम सिंह यादव, राम प्रसाद, भानु प्रकाश, मदरखन लाल, अश्वनी कुमार मिश्रा, पूजा, सोनम, नीलम, सरला पाल, रोशनी, अंशिका आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता जूनियर सीनियर ग्रुप में सम्पन्न हुई द्य जूनियर ग्रुप में निबन्ध प्रतियोगिता में शौर्य वर्मा कक्षा 7 प्रथम स्थान वंशिका केसरवानी कक्षा 8 द्वितीय स्थान शिप्रा कक्षा 6 तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी तरह सीनियर ग्रुप प्रिंटिंग प्रतियोगिता में निधि मौर्य कक्षा 11 प्रथम स्थान सपना यादव कक्षा 10 द्वितीय स्थान साक्षी कक्षा 10 तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नवरात्र पर शिव शक्ति क्लब मटवारी को आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा किया गया सम्मानित



**हजारीबाग** शिव शक्ति क्लब मटवारी, हजारीबाग को नवरात्र के पावन अवसर पर दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। क्लब ने बेंगलुरु के विशालाक्षी मंडप का प्रतिरूप पंडाल के रूप में प्रस्तुत किया। क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव रिंकु वर्मा, और कोषाध्यक्ष मनोज जी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दि आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी ने जीवन जीने की कला और सुदर्शन क्रिया के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह क्रिया शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक मजबूती प्रदान करती है। संस्था सामाजिक उत्थान के लिए भी विभिन्न कार्य कर रही है, जैसे निःशुल्क विद्यालय, कैदियों का पुनर्वास, शरणार्थी शिविर और नदियों का पुनर्जीवन। समारोह में कई प्रमुख सदस्य और वोलेंटियर्स शामिल हुए, जबकि क्लब के सदस्यों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा।

## शरद पूर्णिमा के अवसर पर संकट मोचन धाम पाथरोल में भजन संध्या व महाआरती का आयोजन कल



**पाथरोल, करौं, देवघर, झारखंड-** करौं प्रखंड अंतर्गत पाथरोल स्थित संकट मोचन धाम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर कल बुधवार को भजन संध्या व महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से ही संकट मोचन धाम पाथरोल में हर पूर्णिमा को भजन कीर्तन, बाबा की महाआरती व खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है। बताया कि इस बार कल बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर संध्या 8:30 बजे से भजन सन्ध्या और रात्रि 10 बजे बाबा की महाआरती फिर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में मंदिर प्रबंधक श्री पाठक ने श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहयोग करने का भी अनुरोध किया है। श्री पाठक ने कार्यक्रम में सहयोग हेतु फोनपे के लिए फोनपे नम्बर 9934531724 साझा किया है।

## नवपदस्थापित बीडीओ का बरही डीलर संघ ने बुके देकर किया स्वागत



**बरही-** बरही प्रखंड के नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से शिष्टाचार मुलाकात करने के लिए बरही डीलर संघ प्रखंड कार्यालय पहुंचा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा डीलर के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीसीओ संजय यादव भी उपस्थित थे। बरही डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय के नेतृत्व में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों में मोहम्मद शमशाद आलम, दशरथ रजक, प्रदीप यादव, किशोर कुमार, बंटी ठाकुर, और अर्जुन रविदास सहित अन्य डीलर भी मौजूद थे। इस बैठक में डीलरों ने जन वितरण प्रणाली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें मामले से अवगत कराया।

## सड़ाबे, बक्सी चोंघरी पहाड़ जतरा 18 को



**कैरो, लोहरदगा, झारखंड-** कैरो प्रखंड अंतर्गत सड़ाबे पंचायत के सड़ाबे बक्शी चोंघरी पहाड़ जतरा इस बार आने वाले 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को लगेगा। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष राम उरांव एवं समिति उपाध्यक्ष लखन उरांव ने बताया कि इस वर्ष लोहरदगा और रांची जिला सड़ाबे गांव के आस-पास पड़ने वाले लगभग दर्ज़नों गाँवो को निमंत्रण दिया है। साथ ही सड़ाबे गांव के तीन गांव भूयनरी बुलाया जाएगा। वहीं डुमारटोली के लाखो उरांव ने बताया कि दो गांव को बुलाया जाएगा। पहाड़ से सटा बक्शी के जगरनाथ उराव ने बताया कि तीन गांव को बुलाया जाएगा। समिति अध्यक्ष राम उरांव ने बताया कि इस वर्ष पहले से बेहतर रास्ता बनाया गया है जिससे दर्शकों को परेशानी न हो। साथ ही इस बार सभी खोड़ाहा को पुरष्कृत किया जाएगा।

# प्रसिद्ध गायिका राधा मौर्या के गीतों पर रातभर झूमे मिर्जागंज के श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात



**गिरिडीह, झारखंड-** गिरिडीह जिले के व्यवसाय क्षेत्र के रूप में अपना पहचान बना चुकी जमुआ प्रखंड के मिर्जागंज बाजार सार्वजनिक दुर्गा मंडप परिसर में प्रसिद्ध गायिका राधा मौर्या की भक्ति में भजन एवं राजू हलचल के विशेष झांकी को प्रस्तुत करते हुए रात भर लोगों को अपनी भक्तिमय गीतों पर झूमाते देखे गए। उन्होंने दुर्गा महोत्सव के अवसर पर मिर्जागंज सार्वजनिक दुर्गा मंडप परिसर में प्रसिद्ध गायिका राधा मौर्या ने भक्ति गीतों से लोगों को रातभर झूमने पर मजबूर कर दिया ।दर्शकों की खचाखच भीड़ लगी रही और लोग भक्ति जागरण का आनंद लेते रहे। गायिका राधा मौर्या ने कहा कि झारखंड प्रदेश सुंदर है और यहां के लोग अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल में मिर्जागंज के भक्तो ने भाग लेकर मेरे हौसले को बढ़ाया। इसके लिए उन्होंने मिर्जागंज के लोगों को बधाई भी दी है। इसके पूर्व कार्यक्रम के आयोजक टॉफकॉन परिवार के सुमित्रा देवी, टॉफकॉन डायरेक्टर मोहन लाल साव, राजकुमार साव, सूरज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, किशोरी साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। मौके जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, एएसआई आर आर पाण्डेय सहित पुलिस कर्मी विधि बैवस्था सम्हाले रखे। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार साव, उपाध्यक्ष रंजन साहा, सुनिल कुमार वर्मा, अशोक वर्मा, सचिव सदानंद प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार साव, मिडिया प्रभारी रवि राजा, पंकज साव, डिस्कवरी स्कूल मिर्जागंज के डायरेक्टर राकेश साव, विजय साव, रामदास साव सहित सभी कमिटी के लोग मुस्तैद दिखे। वहीं टॉफकॉन परिवार के द्वारा जमुआ प्रेस क्लब के पत्रकारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# विनोद कुशवाहा ने किया जनसंपर्क अभियान, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**● - क्षेत्र का हूं सेवक, क्षेत्र की हर समस्या का समाधान हमारी जिम्मेदारी - विनोद कुशवाहा**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के भावी उम्मीदवार विनोद कुशवाहा ने बनाहापा और चुटियारो में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करना था। कुशवाहा ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का गहराई से अध्ययन किया। विनोद कुशवाहा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह उनकी परेशानियों को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हित में काम करती आई है और आगे भी करेगी। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि अगर उन्हें विधानसभा में मौका मिलता है तो वे क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं लाएंगे, जो जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करेंगी।

जनसंपर्क अभियान के दौरान, कई ग्रामीणों ने पानी, बिजली, और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत की। कुशवाहा ने इन समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह इन मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाएंगे और जनता को इनसे राहत दिलाने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं इस क्षेत्र का सेवक हूं और क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरी जिम्मेदारी है। विनोद कुशवाहा का यह जनसंपर्क अभियान कांग्रेस की आगामी चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। कुशवाहा ने कहा कि वह जनता से सीधे संवाद करके उनके मन की बात जानना चाहते हैं ताकि उनकी समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल किया जा सके। अभियान के दौरान विनोद कुशवाहा को जनता का भरपूर समर्थन मिला। कई ग्रामीणों ने उनकी सराहना की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विनोद कुशवाहा जैसे नेता उनके क्षेत्र में बदलाव लाएंगे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स में भर्ती चतरा सांसद और शहीद वंशज से मुलाकात कर जाना हालचाल

**● - सांसद कालीचरण सिंह और गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली**

स्वतंत्र प्रभात



**रांची-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिम्स पहुंचे जहां उन्होंने कार्डियोलॉजी विभाग में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सांसद से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज, पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी, दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सिरका से बातचीत कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का जायजा लिया और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मौके पर इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिम्स प्रबंधन मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ काम करे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों से भी कहा कि सभी मरीजों का समुचित इलाज सुनिश्चित करें और उन्हें हर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मरीजों की देखभाल पर विशेष जोर दिया, जिससे राज्य के सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**● - मुंबई में झारखंड भवन और 220/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन का ऑनलाइन शिलान्यास किया**

स्वतंत्र प्रभात



**रांची-** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग में लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला जारी है और हर महीने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया, जिससे राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड एक पिछड़ा राज्य है और उनकी नियुक्ति का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा, ÷आपको राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिल रहा है, इसलिए इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएं ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि केवल भवनों का निर्माण पर्याप्त नहीं है अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सा कर्मियों और संसाधनों की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है, जिसमें आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अस्पतालों के रखरखाव की व्यवस्था शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। उन्होंने हाल ही में अपोलो अस्पताल के शिलान्यास और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा रांची में विश्वस्तरीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की योजना का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने नर्सिंग में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ाने का निर्णय भी साझा किया, जिससे नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, सरकार ने मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए किफायती एयर एंबुलेंस सेवा भी शुरू की है। इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और अभियान निदेशक अबू इमरान भी उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

स्वतंत्र प्रभात

मेहरमा- मेहरमा प्रखंड के बुआरीजेर-घोरीचक के मुख्य मार्ग प्रतापपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार उमेश कुमार यादव उम्र 30 वर्ष ग्राम बेनीदास भुस्का गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जाता है कि यादव अपने बाइक पर सवार होकर मेहरमा की ओर जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन बाइक पर जोरदार ठोकर मारने से बाइक सवार यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क के बीचों बीच गिर पड़ा।तभी तुलाराम भुस्का पंचायत के उप मुखिया सह उप मुखिया संध के अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह मेहरमा से अपने घर की ओर जा रहे थे।तभी प्रतापपुर गांव के समीप सड़क के बीचों बीच घायल अवस्था में पड़ा एक युवक उमेश यादव पर उसकी नजर पड़ी आनन-फानन में उप मुखिया सह उप मुखिया संध के अध्यक्ष सुमन सिंह ने ग्रामीणों की सहयोग से अपने निजी वाहन में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



मेहरमा ईलाज के लिए लाया गया जहां डाक्टर विवेक कुमार सिन्हा के द्वारा प्रथम उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया है।

# भाजपा मिलन समारोह का हुआ आयोजन, उमड़े लोग

**● - दर्जनों लोगों ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में हुए शामिल**

**चुनाव हारने के बाद भी जनता ने मुझे सम्मान दिया- मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण-** जीटी रोड स्थित एक लाइन होटल में सोमवार को भाजपा का मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता योगेश सिंह, सुमन सिंह, रामजतन सिंह, गिरजा राणा, समेत दर्जनों महिला व पुरुष कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए जिन्हें पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री यादव ने कहा आपने मुझे जो सम्मान दिया है मैं आपके विश्वास को कभी टूटने नही दूँगा। आपके समान का हमेशा ख्याल रखूंगा। कहा यहां पांच साल से विकास पर विराम लग गया है। चाहे जीटी रोड सिक्स लाइन का काम हो या डुमरी में बन रहा जलमीनार का काम हो। चौपारण वासियों को आज भी पेयजल की सुविधा नसीब नही हो रहा है। बरही में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बीना रिश्वत का सरकारी दफ्तर में एक भी काम नही हो रहा है। चौपारण अफीम और डोडा एवं शराब तस्करी का बड़ा केंद्र बन गया है। युवा वर्ग पढ़ाई लिखाई छोड़ शराब तस्करी में लगे है। लोकतंत्र में हर पांच साल में परीक्षा देना पड़ता है। परीक्षा का वक्त आ गया है। गलत जन प्रतिनिधियों को जवाब देना होगा। चौपारण में बदले की भावना से राजनीति हो रही है। निर्दोष लोगों को झूठे केश में फसाया जा रहा है। मंच संचालन महामंत्री आशीष सिंह व अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चनद्रवंशी ने किया।

### भाजपा में शामिल होने वाले प्रमुख नेतागण

योगेश सिंह रानीक, रामजतन सिंह पपरो, सुमन सिंह, छतरपुरा, शिवपूजन सिंह खरहूँवा, अशोक सिंह पपरो, गिरजा राणा पपरो, देवेंद्र सिंह सेलहारा, दिलीप सिंह सिंघरावाँ, धीरन सिंह रानीक, कैलाश यादव भूषणडीह, बद्री सिंह रानीक, रंजीत सिंह रानीक, करुणा सिंह रानीक, दयानिधि सिंह रानीक, संतोष सिंह टांडीह, पिन्टू भुइँया नवापर, धनजय सिंह कोल्हुवा, विक्रम भुइँया अंबेडकर नगर, बिरेन्द्र सिंह बिगहा, भरत पासवान पपरो, लखिन्दर पासवान पपरो, अहमद खान, रंजीत साव, रामचन्द्र साव गंगाआहर, महिलाओं में फूल कुमारी देवी, यशोमति देवी, किरण देवी, मिना देवी, सन्तु भुइयां, उर्मिला देवी, सारो देवी सहित कई लोग भाजपा में शामिल हुए।

### छाया रहा चौपारण में गोलीकांड का मामला

अपने संबोधन में ज्यादातर नेताओ ने बीते सालों से लगातार जारी हिंसा पर गहरी चिंता जताई। पत्रकार शशि शेखर के दुकान, समाजसेवी विकास यादव के दुकान और चिकित्सक डॉ तौफीक घर पर हुए गोलीकांड का मामला छाया रहा। सभी कांडों पर बाप बेटे की संलिप्तता की जोरदार चर्चा की गई। साथ चौपारण के व्यावसियो से लेवी मांगे बात प्रमुखता से उठाई गई।

# मुखिया संघ बरही ने बीडीओ जयपाल महतो का किया स्वागत, जनकल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही प्रखंड मुखिया संघ ने मुखिया संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष विजय कुमार यादव के नेतृत्व में नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो का भव्य स्वागत किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान संघ के सदस्यों ने बीडीओ को सामूहिक रूप से गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही क्षेत्र के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। बीडीओ जयपाल महतो ने इस गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए मुखिया संघ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बरही प्रखंड के विकास में मुखिया संघ की अहम भूमिका है और मैं सभी मुखिया के साथ मिलकर क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। उपस्थित मुखिया ने अपने-अपने क्षेत्रों की चुनौतियों को सामने रखते हुए मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि वह सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेंगे और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए समन्वयन स्थापित करेंगे। इस अवसर पर बरही पश्चिमी के मुखिया शमशेर आलम, कोल्हुआकला के मुखिया मंगलदेव यादव, करियातपुर के मुखिया मनोज कुमार, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, पंचमाधव के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, गोरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम केदारुत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मुखिया गोविंद साव, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, खिरोधर यादव सहित अन्य मुखिया उपस्थित थे। संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात न केवल एक स्वागत समारोह थी, बल्कि इसके जरिए बरही प्रखंड में विकास की गति को बढ़ाने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

# बाडम बाजार की महिलाओं और छात्राओं ने अटल विचार मंच की सदस्यता ग्रहण की

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** अटल विचार मंच हजारीबाग के सदस्यता अभियान के तहत बाडम बाजार की दर्जनों महिलाओं और छात्राओं ने मंच की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता अभियान मंच की सदस्यता प्रभारी प्रियंवदा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं ने विश्वास जताया कि यशवंत सिन्हा के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास हो सकता है। उनका मानना है कि यशवंत सिन्हा के नेतृत्व में झारखंड को भय, भूख और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी।

सदस्यता प्रभारी प्रियंवदा ने इस अवसर पर कहा कि आज हजारों महिलाएं अटल विचार मंच से जुड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर महिलाओं को समाज में मान-सम्मान के साथ जीना है, तो उन्हें अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा के हाथों को मजबूत करना होगा। प्रियंवदा ने यह भी कहा कि अटल विचार मंच के बढ़ते प्रभाव से आज हर राजनीतिक दल चिंतित है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड की जनता ने अन्य राजनीतिक दलों के विकल्प के रूप में अटल विचार मंच को चुनने का निर्णय कर लिया है। मंच के प्रति जनता का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है, और जनता की आवाज है, यशवंत है तो मुमकिन है, बाकी सब धोखा है। यह जानकारी मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा द्वारा दी गई।

# बरही के नवपदस्थापित बीडीओ जयपाल महतो का प्रमुख मनोज रजक के नेतृत्व में किया गया स्वागत

**● - प्रखंड में विकास की गति को तेज करने के लिए पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ से की महत्वपूर्ण चर्चा**



स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखंड के नवपदस्थापित बीडीओ जयपाल महतो का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम प्रमुख मनोज रजक के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बीडीओ जयपाल महतो को बुके भेंटकर उनका सम्मान किया गया। प्रमुख मनोज रजक और अन्य पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ जयपाल महतो को नई जिम्मेदारी की बधाई देते हुए उनके कुशल नेतृत्व में प्रखंड के विकास में नई गति आने की उम्मीद जताई। प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि बरही प्रखंड को विकास के नए आयाम पर ले जाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है और बीडीओ जयपाल महतो के नेतृत्व में इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस स्वागत समारोह के दौरान बीडीओ जयपाल महतो और प्रमुख मनोज रजक के बीच प्रखंड के विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बीडीओ महतो ने आश्वासन दिया कि प्रखंड की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जनहितकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया जाएगा। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पंसस जीतू ठाकुर, मो यूसुफ, मो सागीर, रोहित यादव, मो इलियास, मो रमजान, कामेश्वर रविदास, सुजीत कुमार सहित अन्य पंसस उपस्थित रहे।

# मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे दबंग

थाना क्रासीं क्षेत्र के चंदनिया में मंदिर की भूमि पर दबंग अवैध कब्जा कर रहे हैं। क्षेत्र में मंदिर की भूमि पड़ी है जिसमें रामलीला होती थी और अन्य क्षेत्र के सामाजिक कार्य होते थे।

आरोप है की अब करीब दो दर्जन दबंग उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है लेकिन पुलिस मामले का संज्ञान नहीं ले रही है। पूरे मामले की शिकायत लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे और एसएसपी से मुलाकात कार्यवाही की मांग की है।

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों में कट्टरपंथी अराजकता का तांडव!



बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ क्रूरता पूर्ण अमानवीयता में कोई कमी नहीं आई है। शेख हसीना के सत्ताच्युत हो जाने के बाद से इन में असामान्य रूप से वृद्धि हुई है। बांग्लादेश में इस साल शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा समारोहों से जुड़ी लगभग 35 अप्रिय घटनाएं सामने आई हैं, जिसके बाद सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग एक दर्जन मामले भी दर्ज किए गए हैं जबकि वास्तव में ऐसी वारदातों की तादाद की गुना अधिक है जिन्हें बांग्लादेश के प्रशासन ने दर्ज नहीं किया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब एक दिन पहले पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक मुकुट दुर्गा पूजा समारोहों के बीच बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था, जिस पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है। समारोह का समापन रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ होगा। बता दें कि अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा हैं। हिंदुओं को 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन के बाद भड़की छात्र-नेतृत्व वाली हिंसा के दौरान अपने व्यवसायों और संपत्तियों की बर्बरता और मंदिरों के विनाश का सामना करना पड़ा। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एमडी मोइनुल इस्लाम ने कहा कि 1 अक्टूबर से देश भर में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण 11 मामले दर्ज किए गए हैं। इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है।

भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा मुकुट बरामद करने का आग्रह किया। आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस के पास घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और आरोपी को सजा मिलकर रहेगी।बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के मौके पर अनेक अप्रिय घटनाएं देखने को मिली हैं। ढाका में शुक्रवार को दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम फेंका गया। घटना में एक शख्स घायल हुआ। वहीं चैटोग्राम में एक दुर्गा पूजा पंडाल में इस्लामिक गाना बजाया गया, जिसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। 7 लोगों पर मुकदमा हुआ है।

आपको बता दें कि बांग्लादेशी समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से दुर्गा पूजा समारोह के दौरान दर्ज की गई 35 अप्रिय घटनाओं का उल्लेख किया. मोहम्मद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया था, जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि 'हिंदू अल्पसंख्यकों के पर्व पर पूजा-समारोहों की सुरक्षा की जाएगी. देश में 32,000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया गया है.' मोहम्मद इस्लाम का बयान ऐसे समय में आया है, जब 2 दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के मंदिर में चढ़ाया गया स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान चुरा लिया गया. स्वर्ण मुकुट चोरी होने की घटना से बांग्लादेश हिंदू दुखी हो गए. उन्होंने पुलिस-प्रशासन से गुहार लगाई. इस घटना पर भारत सरकार ने भी चिंता व्यक्त की है.भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उस बयान को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया. उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में पूजा मंडप पर हमले और हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने तथा उन्हें क्षति पहुंचाने पर हमारा बयान'. विदेश मंत्रालय के इस बयान में बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले और चोरी की निंदा करते हुए, बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, "हमने ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना को गंभीर चिंता के साथ देखा है. ये निंदनीय घटनाएं हैं. हम पिछले कई दिनों से देख रहे हैं कि वे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने और नुकसान पहुंचाने में व्यवस्थित पैटर्न का पालन करते हैं. खासकर इस शुभ त्योहार के समय, हम बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।"

बीते 2 दिन से बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हुए सोने के मुकुट की चर्चा हो रही है. सोने का वो मुकुट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान काली मां के मंदिर को भेंट किया थाइस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया है। भारत ने चोरी की घटना पर आपत्ति जताई है। मंदिर से मुकुट चोरी के सीसीटीवी विडियो में जींस और टी-शर्ट पहने एक लड़का मंदिर में घुसते हुए दिखाई दे रहा है। मुकुट को उठाने के बाद वह उसे अपनी टी-शर्ट के अंदर छिपा लेता है और फिर आराम से मंदिर से निकल जाता है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर को उपहार स्वरूप भेंट किए गए मुकुट की चोरी के मामले में भारत ने बांग्लादेश से जांच करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में, ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने धार्मिक वस्तु की चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा अधिकारियों से उसे बरामद करने और तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसमें कहा गया, 'हमने 2021 में बांग्लादेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जेशोरेश्वरी काली मंदिर (सतखीरा) में भेंट किए गए मुकुट की चोरी की खबरें देखी हैं।'इसमें कहा गया है, 'हम गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने, मुकुट को बरामद करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।' भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि चोरी की इस कथित घटना से नयी दिल्ली बहुत चिंतित है। उन्होंने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग इस मुद्दे पर बांग्लादेशी अधिकारियों के संपर्क में है। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# डिजिटल अरेस्ट के खतरे के प्रति सावधानी



कल्पना कीजिए कि आप सोशल मीडिया के किसी प्लेटफॉर्म पर अपने किसी सगे संबंधी या किसी मित्र से बात कर रहे हों और तभी अचानक से आपके फोन पर एक अनजान नंबर से फोन कॉल आती है और आप उत्सुकतावस उस कॉल को रिसीव कर लेते हैं और तभी उधर से एक आवाज आती है कि हम सीबीआई या क्राइम ब्रांच से बात कर रहे हैं और आपको डिजिटल रूप से गिरफ्तार किया जा रहा है और इसके लिए आपको कोर्ट के सामने प्रस्तुत होना पड़ेगा और अगर आपने किसी भी इस घटना के बारे में सूचित किया तो आपको कड़ी सजा मिल सकती है। अब ऐसे मे एक आदमी के पास एक ही विकल्प बचता है कि वह उसकी बात माने और जैसा उसे निर्देशित किया जाए उसी के अनुसार कार्य करे। ऐसा नहीं है कि केवल कम पढे - लिखे ही इसके झांसे में आ रहे बल्कि कई प्रतिष्ठित लोग जैसे कि डॉक्टर , बीजिनेसमेन भी इससे नहीं निकल पा रहे हैं। आजकल इस तरह की घटनाएं आए दिन घटती जा रही हैं। अभी कुछ दिनों पहले की ही बात है जब वर्धमान ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी 82 वर्षीय एसपी ओसवाल के पास एक अनजान नंबर से कॉल आती है और कॉल रिसीव करते ही उधर से आवाज आती है कि वह एसबीआई से एक अधिकारी बोल रहा है और उनके नाम पर एक पुराने केस में वारंट निकला है और उन्हे तुरंत डिजिटली अरेस्ट किया जा रहा है और इसके साथ ही श्री ओसवाल के व्हाट्सएप पर एक फर्जी अरेस्ट वॉरन्ट की फोटोकापी भी भेज दी साथ ही यह भी कहा कि अब वो अरेस्ट हैं तो कहीं भी जा नहीं सकते और ना ही किसी को कुछ बता सकते हैं इतना सब कुछ होने के बाद उन्हे भनक ही नहीं लग पाई कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हों रहा है और उनसे करोड़ों रुपए की उगाही कर ली। फोन कटने के बाद उन्हे अहसास हुआ कि उनके साथ जालसाजी हुई है इसके बाद एक दूसरा केस आता है एक महिला जो कि पीजीआई लखनऊ में वरिष्ठ डॉक्टर हैं डॉक्टर रुचिका टंडन उनके पास एक अनजान नंबर से सुबह फोन आता है और फोन करने वाला यह कहता है कि वह टेलीकॉम रेगुलटरी अथारिटी ऑफ इंडिया से बोल रहा है और उनके मोबाईल नंबर के खिलाफ 22 शिकायते दर्ज हैं कि इस नंबर से उन्हे उत्पीड़न के मैसेज भेजे जा रहे हैं। डॉक्टर ने जब इससे मना किया तो फोन पर दूसरे व्यक्ति ने कहा कि वह आईपीएस अधिकारी है और उनके खाते से सात करोड़ रुपए की मनीलौंडरींग भी हुआ है और उन्हे डिजिटल रूप से गिरफ्तार किया जा रहा है और उन्हे कहीं भी आने जाने की अनुमति नहीं है और उन्हे कस्टडी में लिया गया है तो वो किसी से बात नहीं कर सकती। आश्चर्य की बात तो यह है कि उन्हे इन ठगों ने सात दिन तक लगातार बंधक बनाए रखा और उनसे दो करोड़ से ज्यादा रुपए वसूल लिए। सात दिन बाद डॉ टंडन ने मुकदमा दर्ज कराया। ऐसे ना जाने कितनी घटनाएं प्रतिदिन घटित होती जा रही हैं। केवल डिजिटल अरेस्ट ही नया तरीका नहीं है, ऐसे कई तरीके है जिनसे आपको ठगी का शिकार बनाया जा सकता है। जैसे कि आपसे पास कोई विडिओ कॉल आती है और सामने वाला न्यूड होकर आपका स्क्रीनशॉट ले लेता है फिर आपसे पैसे की मांग कि जाती है। अब तो ऐसा भी होने लगा है ठग फर्जी डिलीवरी बॉय बनकर ओटीपी पूछते हैं और जब आप कहते हैं कि वह आपका नहीं है तो उसके लिए भी पूछकर ठगी कर लेते हैं। अब जरूरत इस बात कि है कि जब ऐसी कोई घटना किसी के साथ हों तब क्या किया जा सकता है, ऐसे में सबसे पहले यह जागरूकता फैलानी होगी कि डिजिटल रूप से गिरफ्तारी का प्रावधान किसी भी संहिता में दर्ज नहीं है और कोई भी कोर्ट ऐसे समन नहीं भेजती है। हर सरकारी एजेंसी आपकी शारीरिक उपस्थिति में ही सवाल जवाब कर सकती है। संविधान हमें अधिकार देता है कि अगर आपके खिलाफ कोई केस बनता है तो आपको वकील करना अधिकार है और साथ ही अपने सगे सम्बन्धियों को सूचित कर सकते है।

ऐसे में कुछ सावधानी बरतनी चाहिए, अगर आप घबरा जाएंगे तो आपको आसानी से फंस सकते हैं। आप फोन काट कर साइबर फ्रॉड के 1930 पर शिकायत कर सकते हैं अथवा स्थानीय थाने मे जाकर रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं, आप जितना विलंब करेंगे उतना नुकसान होगा और ठगों के लिए बच निकलना उतना ही आसान होगा, अगर आप एक घंटे के अंदर शिकायत करते हैं तो आपके द्वारा ट्रांसफर किए गए पैसे के वापस आने की संभावना रहती है। किसी भी लिंक पर तत्काल लाभ के लालच में क्लिक नहीं करना चाहिए, अपने सारे बैंक एकाउंट्स के पासवर्ड एक जैसे ना रखे। अपनी निजी जानकारी को हर सोशल मीडिया पर डालने से बचना चाहिए, क्यूंकी आपके आस पास ऐसे लोग भी है जो आपके द्वारा ही उपलब्ध कराए गए जानकारी से आपको ठगी का शिकार बना सकते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि इन तरह के स्कैम के बारे में समाचार पत्र, टीवी के विज्ञापनों इत्यादि के माध्यमों से जागरूकता फैलाई जाए ताकि लोग डिजिटल भारत में और बढ़ चढ़कर भागीदारी करें।

**मंगल सिंह, शोधार्थी**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0: 7499472288

E-Mail: news@swatantraprabhat.com

RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## कविता

### आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ



अंतस में छाया घोर अंधकार
हिलकोरे मारते कलुषित विचार
जो इनको निर्मल पावन बनाए
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

व्यग्रता भरा है जीवन व्यापार
कुंद शस्त्र ढूँढ़ता तीक्ष्ण धार
नव संचार इनमें कर दिखलाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

शोषितएउत्पीड़ित की सुन चीत्कार
गूँजे आत्मचेतना की हुंकार
पार्थ बनकर वीर खड़ा हो जाए
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

वर्जना से रूँध मानवी पुकार
वीथी में जो बचपन रहा निहार
उनके उर को उन्मिषित कर पाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

आसुरी शक्तियों का कर संहार
विमल.वितान हो संत पुण्यागार
प्रफुल्लित जन.जन वेद.ऋचा गाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

देदीप्यमान भारत भुजा पसार
तिरोहित करे जग के तम का झार
मूल्यों को जो अग्निपंख लगाएँ
आओ ! एक ऐसा दीप जलाएँ

**कल्याणमय आनंद**

## संपादकीय

# शांति तथा साहित्य का नोबेल पुरस्कार एशिया की झोली में




(मानवीय संवेदनाओं का सम्मान)

विश्व का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार इस बार शांति के लिए जापान की संस्था निहोंन हीडांक्यों और साहित्य के लिए दक्षिण कोरिया की युवा साहित्यकार हांन कांग को प्रदान किया गया है। इस तरह शांति और साहित्य का नोबेल पुरस्कार फिर एशिया की झोली में आ गया है। एशिया में सर्वप्रथम भारत के रविंद्र नाथ टैगोर को 1913 में साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उसके पश्चात 1930 में सर सीवी रमन को विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। अब तक एशिया के 90 विशिष्ट लोगों को नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है इनमें 9 भारतीय शामिल हैं इनमें उन भारतीयों को शामिल नहीं किया गया है जो भारत में तो जन्म लिया है किंतु विदेशी नागरिकता प्राप्त है । 1924 का शांति का नोबेल पुरस्कार जापान के छोटे शहर हिबा कुशा की ऐसी संस्था निहोंन हीडांक्यों को दिया गया है जिसमें कुछ लोग परमाणु बम के हमले से बच गए और उन्होंने 1954 में अपना एक संगठन बनाया जो समस्त विश्व को परमाणु हथियारों और उसके विध्वंस से मुक्ति दिलाने के लिए प्रयासरत रहकर परमाणु हथियारों का विरोध करती है। उनके इन प्रयासों को सम्मान देते हुए स्वीडिश अकादमी ने उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार दिया है। साहित्य का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरिया की साहित्यकार हान् कांग को प्रदत्त किया गया है। हांन कांग एशिया की पहली महिला साहित्यकार हैं जिन्हें यह सम्मानजनक एवं प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अब यह पुरस्कार दक्षिण कोरिया की साहित्य की सशक्त हस्ताक्षर हान कांग को उनकी गहरी काव्यात्मक समझ एवं मानवीय संवेदनाओं को अपनी शैली में लिखने के लिए प्रदान किया गया है। 53 वर्ष की युवा साहित्यकार लेखिका ने अद्वितीय मानवीय संवेदनाओं पर सार - गर्भित जो साहित्य रचा है वह विश्व में अद्वितीय है। वैश्विक स्तर पर किसी भी भाषा साहित्य में इतना संवेदनशील और मानवता से जुड़े साहित्य का सृजन अब तक नहीं किया गया जिसके ही परिणाम स्वरूप उन्हें यह नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने से पहले उन्हें 1916 में प्रसिद्ध बुकर इंटरनेशनल सम्मान से भी नवाजा गया था।

यह पुरस्कार उन्हें अपनी पुस्तक वेजीटेरियन के लिए दिया गया जो मनुष्य कि मस्तिष्क की बीमारियों के लिए प्रदान किया गया था।यह तो तय है की उनका साहित्य वैश्विक दुनिया में मानवी संवेदनाओं सहजता और मानव जाति के लिए एक शीतल लहर लेकर आया है स्वीडिश अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें यह नोबेल सम्मान उनकी सूक्ष्म गहरी एवं उनके गद्य के प्रागैतिहासिक संदर्भो एवं मनुष्य के नाजुक पहलुओं के दर्शन को रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रतिनिधित्व के लिए दिया गया है। लेखिका ने अपना साहित्य एक सफर वर्ष 1993 से प्रारंभ किया उनका पहला कथा संग्रह लव आफ बेसुई 1995 में प्रकाशित हुआ था। साउथ कोरिया के तमाम समाचार पत्रों में एवं दुनिया के समाचार पत्रों में उनकी अनुवादित रचनाएं निरंतर प्रकाशित होती रही हैं उनके रचनात्मक प्रयास अनथक जारी रहा उनकी कृति ब्रेथ फाइटिंग, ग्रीक लेसन किताबें प्रकाशित हुई थी जिसने पाठकों की काफी प्रशंसा भी प्राप्त की थी एवं इन किताबों ने दुनिया का ध्यान लेखिका की तरफ आकर्षित किया था। इन किताबों के लेखन के बाद दक्षिण कोरिया की यह युवा लेखिका हान् कांग देश के साहित्य का सितारा बन गई एवं दुनिया भर के पाठकों की चहेती लेखिका भी बन गई थीं। विशिष्ट शैली में रचा गया। वेजीटेरियन उपन्यास दुनिया के हर कोने में अनुवादित कर बार-बार पढ़ा जाने लगा और लेखिका पूरी दुनिया में ख्याति प्राप्त कर चुकी थी। उसके पश्चात लेखिका ने योर कोल्ड हैंड,संग सांग,ब्रेथ फाइटिंग आदि किताबों की रचना कर वैश्विक स्तर पर पाठकों के हृदय में अपना स्थान बनाना शुरू किया। उनके लेखन को पढ़कर यह हमेशा महसूस किया जाता रहा है कि समकालीन साहित्यकारों में श्रेष्ठ हैं एवं उनकी संवेदनाएं मानवीय पहलुओं को छूकर एक नई शीतल हवा के प्रवाह में सक्षम रही हैं। लेखिका के अनुसार वर्तमान संदर्भ में दुनिया तथा मनुष्य के पारिस्थितिक संबंध जरूर भौतिकवाद की ओर परिवर्तित हो गए हैं पर साहित्य सदैव शाश्वत रहा है और गद्य और पद्य सदैव अक्षुण् रहेगा, जीवन की विसंगतियां आम जानकी संवेदनाएं सामाजिक विडंबनाएं एवं सामाजिक संरचना के महीन एवं बारीक संदर्भो को समेटे हुए उनकी रचनाएं अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है निसंदे मानवीय संवेदनाओं को दर्शित करने वाला साहित्य वर्षों तक जीवित रहेगा।

**संजीव ठाकुर**

# भाजपा की शीला मौसी की पहचान



माँ के बाद रिश्तों में या तो मामा महत्वपूर्ण होते हैं या फिर मौसी। मौसी के गुण माँ से भी ज्यादा होते है। मौसी जिम्मेदार और चपल होती है ,इसलिए हमारे यहां यदि चन्दा कोमामा कहा जाता है तो बिल्ली कोमौसी माना जाता है। हमारे हमनाम किसान नेता राकेश टिकैत ने ईवीएम को भाजपा की मौसी कहकर इसका महत्व एक बार फिर बढ़ा दिया है। भारत में ईवीएम हमेशा से विवादास्पद रही है। इसके साथ विवाद इसके जन्म से ही जुड़े हैं ,किन्तु भाजपा के शासन में इसे लेकर विवाद और शंकाएं चरम पर है। हर छोटे -बड़े चुनाव के बाद ईवीएम पर ऊँगली उठाई जाती है। हरियाणा और जम्मू-काश्मीर विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद हालाँकि कांग्रेस ने ईवीएम को लेकर कोई गंभीर बात नहीं कही,लेकिन किसान नेता राकेश टिकैत ने ईवीएम को भाजपा की मौसी बताकर एक बार फिर पुराणी और मंद पड़ चुकी बहस को दोबारा ज़िंदा कर दिया है।

आपको याद होगा कि एग्ज़िट पोल से लगा कि हरियाणा में कांग्रेस आराम से सरकार बनाने की ओर बढ़ रही है। फिर नतीजों वाले दिन रुझान आने शुरू हुए तो भी यही लग रहा था कि कांग्रेस राज्य में सरकार बना रही है, लेकिन दोपहर होते-होते पासा पलट गया और बीजेपी ने पिछली बार से भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने दम पर बहुमत हासिल कर लिया। लगातार तीसरी बार हरियाणा में एक ही पार्टी की सरकार होना ऐतिहासिक है। राकेश टिकैत टिकाऊ किसान नेता है। उनके पिता भी किसान नेता थे। इस तरह आप उन्हें परिवारवादी किसान नेता कह सकते हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि दिल्ली में हुए आंदोलन के दौरान सभी पार्टी की विचारधारा वाले लोग इसमें जुड़े थे, मगर हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों का गणित समझ नहीं आया।अब यदि मतदाता को ही नतीजे समझ में न आये तो ईवीएम पर सवाल खड़े होना लाजमी है। ये सवाल भी किसी राजनीतिक दल ने नहीं बल्कि किसान नेता कि और से उठाये गए हैं ,इसलिए इन्हें गंभीरता से लेने कि जरूरत है, लेकिन इन्हें गंभीरता से लेगा कौन?

ईवीएम भाजपा कि मौसी है या नहीं ये तो भाजपा जाने,केंचुआ जाने या टिकैत साहब जाने। हम तो इतना जानते हैं कि- 'दाल में कुछ न कुछ तो काला है, अन्यथा जो चीज सतह पर दिखाई दे रहीं थी वो मशीन में क्यों नहीं दिखाई दी? कांग्रेस कि हवा,कांग्रेस कि आंधी और कांग्रेस कि सुआमी भाजपा कि सुनामी कैसे हो गयी। मध्यप्रदेश में भी यही हुआ और छत्तीसगढ़ में भी। राजस्थान में भी कमोवेश वैसे ही नतीजे मिले जैसा किभाजपा चाहती थी। राजनीतिक शोले फिल्म के नायकों कि तरह भाजपा के नायकों ने भी कहानी को अप्रत्याशित मोड़ दिया है। आप मने या न मानें लेकिन मै मानता हूँ कि मौसी आखिर मौसी ही होती है। माँ लाख साथ न दे किन्तु मौसी अपने भतीजों को असली मा से ज्यादा दुलार देती है। जब तक भाजपा के सर पर ईवीएम मौसी का पल्लू है तब तक भाजपा भाजपा कोई चुनाव हारने वाली नहीं है, फिर चुनाव किसी छात्र संगठन का हो या विश्वविद्यालय का। शुरू में ईवीएम को लेकर कांग्रेस और दूसरे गैर भजपा दलों ने मामले को सुप्रीम कोर्ट तक घसीटा किन्तु जब बात नहीं बनी तो वे भी ईवीएम को कोसना भूल गए।अब हर कोई ईवीएम से निकले हर जनादेश को सर माथे रख रहे हैं। लेकिन मै उस जमात से हूँ जो हर विवादास्पद मशीन के ऊपर आज भी संदेह करती है। शक करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। जिस दिन शक कि सुई बंद हुई ,उस दिन समझ लीजिये कि हम भी हम नहीं रहेंगे।

दुनिया के अंग्रेज मौसी को मौसी नहीं बल्कि आंटी कहते हैं ,लेकिन हम तो मौसी को मौसी ही कहते है। जब तक हमारी मौसी ज़िंदा थीं तब तक हम भी अपने आपको महफ़ूज समझते थे। अब हम भी कांग्रेस कि तरह बिना मौसी वाले है। कांग्रेस के पास मशीन तो है कजिन नौसी ब्रांड नहीं है । मौसी हम इंसानों को ही नहीं भगवान जगन्नाथ को भी बहुत प्रिय होतीं है। पद्म पुराण के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की बहन ने एक बार नगर देखने की इच्छा जताई. तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी लाडली बहन सुभद्रा को रथ पर बैठाकर नगर दिखाने निकल पड़े. इस दौरान वे मौसी के घर गुंडिचा भी गए और यहां सात दिन ठहरे. तभी से जगन्नाथ यात्रा निकालने की परंपरा चली आ रही है. नारद पुराण और ब्रह्म पुराण में भी इसका जिक्र है. मान्यताओं के मुताबिक, मौसी के घर पर भाई-बहन के साथ भगवान खूब पकवान खाते हैं और फिर वह बीमार पड़ जाते हैं. उसके बाद उनका इलाज किया जाता है।

ईवीएम मौसी ने भी पिछले दस साल में भाजपा को बहुत ज्यादा खिला-पिला दिया है। अब भाजपा भी बीमार है। अब उसके भी इलाज की जरूरत है। जनता भाजपा का इलाज करती और कराती भी है लेकिन ईवीएम मौसी झड़े में कचड़ा फैला देतीं है। देश कि सबसे बड़ी अदालत भी मौसी के बारे में न कुछ कहना चाहती है और न सुनना चाहती है। ऐसे में टिकेत खूब गागरोनी गाते रहें सुनता आखिर कौन है। भाजपा ही नहीं किसी भी राजनीतिक दल या नेता का इलाज कोई डाक्टर नहीं बल्कि जनता ही कर सकती है। हमें उम्मीद है कि एक न एक दिन मौसी का इलाज होगा। तब शायद नतीजे दूसरे तरीके से आने लगें। राजनीती में मौसी भी हैं और फूफा भ। फूफा के बारे में फिर कभी।

**राकेश अचल**

# संक्षिप्त ख़बरें

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने भेजा जेल



**महराजगंज।** बरगदवा थाना क्षेत्र के शीशगढ़ निवासी 19 वर्षीय बैजनाथ उर्फ राजू गुप्ता पुत्र त्रिवेनी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर उसे गाली-गलौज के साथ जान-माल की धमकी देने गया। युवती ने थक-हार कर बरगदवा पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। शिकायती पत्र पाकर तत्काल स्थानीय पुलिस ने मामले में धारा 87, 352, 351(2),69 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक के खोजबीन में जुटी हुई थी। वहीं सोमवार की दोपहर पुलिस ने मामले में वांछित बैजनाथ उर्फ राजू गुप्ता को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद, हेड कांस्टेबल सत्यपाल यादव, कांस्टेबल अरविंद यादव आदि शामिल रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## गड्ढों में फंसकर ट्रैक्टर ट्राली कि चपेट में आयी छात्राएं, चालक ने रौंदा, मौत



**देवरिया।** जनपद के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बगहा मठिया के निकट नहर रोड पर बने गड्ढे स्कूल से घर लौट रही छात्राओं कि मौत के कारण बन गए। गड्ढों में गयी स्कूटी से छात्राओं ने अपना संतुलन खो दिया और ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ गयीं जिससे दोनों छात्राओं ने दम तोड़ दिया। सूचना पर बरियारपुर पुलिस मौके पर पहुंच दोनों छात्राओं के शव को कब्जे में ले लिया और अंत्य परीक्षण हेतु देवरिया मुख्यालय भेज दिया। मौके से ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद चालक फरार हो गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष डा महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खुखुन्दु थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी शिवानी पुत्री विनोद तिवारी उम्र क़रीब 21 वर्ष और शिवांगिनी पुत्री विजेंद्र पाण्डेय उम्र क़रीब 22 वर्ष निवासी अहिरौली स्कूल से पढ़कर स्कूटी से अपने घर जा रही थीं कि बगहा मठिया नहर पर सड़क में हुए गड्ढों के कारण अपना संतुलन खो बैठी और ट्रैक्टर ट्राली कि चपेट में आ गयीं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँच गयीं और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनके शव को कब्जे में ले लिया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। घटना के बाद चालक फरार हो गया पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया।

## चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध के बाद भी विक्रय किए जाने पर होगी कार्रवाई



**देवरिया 14 अक्टूबर।** सहायक आयुक्त खाद्य विनय कुमार सहाय ने बताया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ में योजित जनहित बाद संख्या 832/ 2024 मोतीलाल यादव बनाम भारत सरकार संदर्भ में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार ने चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध के बाद भी विक्रय किए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सहाय ने आम जनमानस को अवगत कराया है कि फंगस प्रभावित होने एवं कीटनाशकों की मात्रा ज्यादा होने के कारण चीनी लहसुन का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए हितकारी नहीं है इसकी पहचान इसकी कलियों में सफेद के साथ गुलाबी होना ,जड़ का नहीं होना और बड़े साइज तथा सबसे महत्वपूर्ण देसी लहसुन की तुलना में सस्ता होना है। भारत सरकार द्वारा चाइनीज लहसुन के विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध है किसी भी व्यक्ति को इसके विक्रय अथवा भंडारण की सूचना मिलती है तो विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-180-5533 पर तुरंत सूचित करें चाइनीस लहसुन के संबंध में कोई भी सूचना शिकायत सीधे उक्त हेल्पलाइन पर दर्ज कराई जा सकती है।

# नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे सीमावर्ती गांव के लोग

**● उपभोक्ताओं को इंटरनेट के साथ-साथ कालिंग में भी हो रही दिक्कत, कनेक्टविटी मिल रही बेहद खराब**

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के सीमावर्ती गांव के लोगों को आए दिन नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मोबाइल में नेटवर्क नहीं होने से लोगों को तमाम प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सीमावर्ती गांवों में आज भी मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण खासा परेशान हैं। सोशल मीडिया और संचार क्रांति के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क के आभाव में शासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। गांव के कुछ ही दूरी पर प्राइवेट कम्पनियों के टावर होने के बावजूद भी उपभोक्ताओं को नेटवर्क के लिए दो-चार होना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी, परसा, रेहरा, तरैनी, विशुनपुरा, पिपरा, बरगदवा, समेत अन्य सीमावर्ती गांवों में एयरटेल वोडाफोन, जीओ, बीएसएनएल समेत सभी मोबाइल नेटवर्क सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहा है। मोबाइल नेटवर्क खराब होने से लोगों को इंटरनेट सेवा नहीं मिल पा रही है जिससे लोगों को नेटवर्क के लिए भटकना पड़ रहा है। उक्त ग्राम पंचायतों में उपभोक्ताओं को



इंटरनेट के साथ-साथ कालिंग में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सीमावर्ती गांवों के इर्द-गिर्द वाले गांव में लगभग आधा दर्जन 5जी नेटवर्क का टावर संचालित अवस्था में मौजूद है बावजूद इसके उक्त गांव के उपभोक्ताओं को नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# आईएएस अधिकारी को अपने बीच पाकर आह्लादित हुए लोग

**● मांगलिक कार्यक्रम में अपने गांव पहुंचे थे आईएएस अधिकारी एसबी सिंह**

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** आईएएस अधिकारी को अपने बीच पाकर लोग आह्लादित हो गए। आईएएस अधिकारी एसबी सिंह अपने-घर (पैतृक आवास) पर मांगलिक कार्यक्रम आयोजित कराने आए थे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राधेश्याम सिंह, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह सहित आमंत्रित कई अन्य जन प्रतिनिधि भी सरीक हुए। सभी लोगों का अभिवादन एसबी सिंह (आईएएस) बड़े ही आदर और प्रेमभाव से किया। एसबी सिंह ने कार्यक्रम में सरीक होने आए पनियरा क्षेत्र के लोगों से भी घुल मिलकर बात की। सबसे बड़ी बात यह रही कि वह किसी को चाचा, किसी को भैया तो किसी को बाबू कह कर मिलते थे। उन्होंने लोगों को एहसास नहीं होने दिया कि इतने बड़े पद पर जाने के बाद उनके अंदर कोई बदलाव या गुरूर है। पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हसनपिपरी निवासी पूर्व प्रमुख जयनाथ सिंह एवं एक कालेज के प्रधानाचार्य विकेन्द्र सिंह ने कहा कि एसबी सिंह भले ही आईएएस अधिकारी हो गए हो लेकिन वह अपना संस्कार नहीं भूले हैं। अभी भी वह लोगों से घुल मिल कर बात करते है। अपने पास बैठाकर कुशलक्षेम पूछते हैं। महुअवा गांव के पूर्व सचिव शिवनारायण मौर्य, और पहलवान ने भी बताया कि एसबी सिंह जब भी अपने गांव आते हैं तो हम लोग जरूर मिलने चले आते हैं। उनकी सादगी, संस्कार और मिलने की अंदाज देखकर गांव जवार के लोग उनके मुरीद रहते हैं। उनके अंदर गांव के नई पीढ़ी के बच्चों के बारे में भी जानकारी लेने की चाहत रहती है। नई पीढ़ी से शिक्षा दीक्षा की बात जरूर पूछते तथा टिप्स भी देते रहते हैं। उनके पैतृक गांव बड़वार (वर्तमान में नगर पंचायत पनियरा का एक वार्ड) के पूर्व प्रधान विजयी सिंह, डॉ राम आशीष सिंह, महुअवा गांव के डाक्टर अभिमन्यु सिंह, पनियरा के पूर्व प्रधान राजेश पाल आदि गांव से आए लोगों ने बताया कि एसबी सिंह जब भी अपने गांव गांव घर आते हैं तब लोगों का कुशलक्षेम पूछते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में आने वाले क्षेत्र के सभी लोगों से मिलने के



लिए श्री सिंह आतुर दिखे। तबीयत खराब होने के बाद भी वह हर किसी के पास जाकर हालचाल पूछते रहे। इतना ही नहीं भोजन करते समय हर किसी के पास पहुचने का प्रयास किया। एसबी सिंह ने कहा कि वह भले ही प्रदेश के किसे कोने में प्रशासनिक सेवा में रहते हो लेकिन गांव की मांटी की खुशबू तथा माता पिता और लोगों का प्यार साल में एक दो बार जरूर खींच लाता है। उन्होंने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं माता पिता और क्षेत्रीय लोगों के आशीर्वाद की बदौलत हूं। गांव की मांटी की खुशबू तथा अपने गांव जवार के लोगों का प्यार को मैं भूल नहीं पाता हूं। आईएएस श्री सिंह के पिता कृष्णा महिला पीजी कालेज के प्रबंधक राजाराम सिंह व भाई पीजी कालेज के संरक्षक अजय बहादुर सिंह ने भी आगंतुकों का अभिवादन व स्वागत किया।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिजली कटने से आमजन बेहाल

**● भोर में 3 बजे आ रही बिजली**

**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की डांट बेअसर**

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** विगत तीन दिनों से प्रतिमा विसर्जन को लेकर कट रही बिजली से आमजन बेहाल हैं। एक तरफ गर्मी तो दूसरी तरफ मच्छरों ने जीना मुहाल कर दिया है। बिजली विभाग के कर्मचारियों पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की डांट का भी कोई असर नहीं दिखाई पड़ रहा है। बता दें कि नवरात्रि समाप्त होने के बाद शनिवार से प्रतिमा विसर्जन का कार्य शुरू हुआ। शनिवार को दिन में 2 बजे बिजली कट गई तो वापस भोर के 3 बजे आई। दूसरे दिन रविवार को भी प्रतिमा विसर्जन का काम चलता रहा। दिन में लगभग 3 बजे कटी बिजली रात के 2 बजे वापस आई। इसी प्रकार सोमवार को भी प्रतिमा विसर्जन के चलते अपराह्न लगभग 4 बजे बिजली कट गई। लगातार तीन दिनों तक हो रहे प्रतिमा विसर्जन से बिजली की स्थिति बदतर हो गई है। हालांकि विसर्जन के पूर्व ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने जेई राजा प्रसाद को फटकार लगाते हुए कड़े शब्दों में कहा था




कि विसर्जन के समय बिजली काटना कोई विकल्प नहीं है।लिहाजा बिजली के लटके हुए तारों को ऊंचा करायें ताकि विसर्जन में कोई समस्या ना हो। बावजूद इसके बिजली विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा और विसर्जन के दौरान बिजली काटने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

# प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

**● 1,023 करोड़ रुपये की लागत वाली 766 सड़क परियोजनाओं का हुआ अनुमोदन**

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया 14 अक्टूबर।** प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद देवरिया सदर शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक जयप्रकाश निषाद, सभाकुवर कुशवाहा की उपस्थिति में जनपद के सड़कों के सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण के संबन्ध में 1023 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 766 परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया। इन सभी परियोजनाओं की समन्वित दूरी 1003 किमी है। जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियों से प्राप्त इन प्रस्तावों के अनुमोदन के पश्चात शासन भेजा जाएगा, जहाँ इन प्रस्तावों को अंतिम स्वीकृति मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के देखते हुए सड़को के नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण का कार्य प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है। लोगों को सुलभ एवं सुविधाजनक आवागमन मार्ग उपलब्ध कराने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और नये-नये पुल बनाये जा रहे हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इन प्रस्तावों के माध्यम से जनपद के विकास को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इंटर स्टेट कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाए। उन्होंने देवरिया-कसया मार्ग को फोरलेन करने, यमुना नहर से बरारी-बाँसपार बुजुर्ग-हाटा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, अहिल्यापुर में रेलवे ओवरब्रिज सहित कई प्रस्ताव दिए, जिसका अनुमोदन किया गया। उन्होंने मोहन सेतु को शीघ्र पूर्ण करने तथा भागलपुर पुल की मरम्मत कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि सड़कों के निर्माण एवं मार्ग-सेतु निर्माण निर्धारण में भारत की अंतरिक्ष प्रद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जयप्रकाश निषाद ने रुद्रपुर-करहकोल-कौड़ीराम मार्ग को फोरलेन करने व बैतालपुर ब्लॉक से रुद्रपुर तहसील तक के मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव दिया। विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा ने भाटपाररानी स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी बनाने का प्रस्ताव दिया।

राज्य सड़क निधि की सर्वाधिक 481 परियोजना, मार्गों के अनुरक्षण की 183 परियोजनाएं, सेतु-दीर्घ/लघु सेतुओं के निर्माण की 28, नाबार्ड योजनान्तर्गत ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण की 45, सेतु-रेल उपरगामी/अधोगामी से जुड़ी 10 और अंतरराज्यीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण अनुमोदन में प्रमुख रूप से शामिल है। इनमें भदिला अव्वल को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग भी प्रस्तावित है। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, सदर विधायक प्रतिनिधि नवीन सिंह, अंगद तिवारी, रामप्रकाश यादव, राकेश शुक्ला, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी अनिल कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 16 अक्टूबर को

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 14 अक्टूबर।** जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि 16 अक्टूबर को 9 बजे से राजकीय इण्टर कॉलेज, देवरिया में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में किया जायेगा। रोजगार मेले में क्वेस कार्प कम्पनी द्वारा 10वीं, 12वीं, आई0टी0आई0, डिप्लोमा, स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षिक योग्यताधारक महिला एवं पुरुष रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को वेतनमान रूपये 15 हजार से 40 हजार रूपये तक कैम्पस चयन किया जाएगा। योग्यता के इच्छुक महिला एवं पुरूष अपने रेज्यूम के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते है। अतिरिक्त जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय से सम्पर्क करें। रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। यदि किसी के द्वारा धनराशि मांगी जाती है तो जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया में सूचित कर सकतें है।

# प्रधान को मार पीट कर घायल कर 10 हजार नगदी और सोने की चेन लूटने वाले दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवा/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासी ग्राम प्रधान जयप्रकाश कन्नौजिया के भाई सत्यप्रकाश कन्नौजिया ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मारपीट कर घायल करने और 10 हजार नगदी और सोने की चेन लूटने और जातिसूचक गालियां देते हुए जान माल की धमकी देने वाले दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट कर घायल करने तथा लूट और हरिजन एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासी सत्यप्रकाश कन्नौजिया पुत्र भगवती ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार को शाम पौने छ-बजे के करीब हमारे बड़े भाई जो वर्तमान में ग्राम प्रधान है, जो घर से बाजार सब्जी लेने जा रहे थे कि रास्ते में पहले से मौजूद सन्नी कुमार शर्मा पुत्र राम दरश ग्राम कुरसा व फागू पुत्र दयाशंकर और तीन अज्ञात लोगों ने ललकारते हुए जातिसूचक गालियां देते हुए उपरोक्त सभी लोगों ने पटक कर लात घूसा और लोहे के राड से मारकर अधमरा कर दिए, और जेब में रखा 10 हजार रुपए नकद और गले से सोने की चेन लूट कर भाग गए। घटना की सूचना गांव के ही धर्मेन्द्र कुमार ने पीआरबी और स्वजनों को दिया। घटना स्थल पर पुलिस और स्वजनों ने पहुंचकर घायल प्रधान को एंबुलेंस से सीएचसी सहजनवां पहुंचाया, डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, इस समय घायल प्रधान का इलाज




मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इस संबन्ध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि ग्राम प्रधान के भाई सत्यप्रकाश कन्नौजिया की तहरीर पर कुरसा गांव के सन्नी कुमार शर्मा और फागू तथा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 190, 115(2), 352, 110,309(4), और एसी एसटी का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# खजनी में मूर्ति बिषर्जन के बाद भंडारे में चढ़ कर चली लाठियां, वलबा सहित मार पीट का मुकदमा

**● पिटाई के बाद घायल सवर्णो पर दर्ज हुआ एससीएसटी का मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** जनपद के खजनी में मूर्ति बिसर्जन के बाद गांव में भंडारे के दौरान भंडारे व चढ़ लाठियां चलाई गई , जिसमे दर्जनों महिला पुरुष सहित गम्भीर रूप से घायल हो गए। देर शाम लगभग 5 बजे विवाद बढ़ा दर्जनों के सिर फ़टे और आंतरिक छोटे आई ।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर कार्यवाही मव जुट गई है । घायल सवर्णो पर पुलिस ने दर्ज किया एसी एसटी का मुकदमा। पूरा मामला खजनी थाना क्षेत्र उसवा बाबू का है, मिली जानकारीअनुसार रविवार को देर शाम पांच बजे गांव के युवकों ने मूर्ति बिसर्जन कर भंडारा कर रहे थे, उसी दौरान हरिजन बस्ती से राम प्रताप राव पुत्र जवाहिर प्रसाद, व हाफिहर पुत्र रामा प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद पुत्र रामा, सत्यपाल पुत्र रामसजन, नन्दलाल पुत्र रामसरन लक्की पुत्र राजेश सत्यम पुत्र विरेन्द्र, शिव कुमार पुत्र मुन्नीलाल सूरज पुत्र लालदेव वगैरह लाठी डंडे लेकर भंडारे में गाली गुप्ता देते हुए चढ़ गए लाठी डंडे रॉड से लैस मनबढो ने हमला बोल दिया जिसमें भंडारे में भोजन खिला रहे रंजीत निषाद,अजय निषाद, सभाजीत निषाद, मंजू सिंह व रीता निषाद , कांति सिंह सहित अन्य कई लड़कियां गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसमे आधा दर्जन महिला पुरुष गम्भीर रूप से घायल हो गए, घटना के सूचना बाद थानाध्यक्ष सदानन्द सिन्हा सहित सीओ खजनी मौके पर पहुंचे, और जांच पड़ताल कर घायलों थाना लाया गया। दूसरे दिन घायल पक्ष अखिलेन्द्र प्रताप सिंह के तहरीर पर पुलिस बल्बा सहित मार पीट का मुकदमा



दर्ज कर दी। उसके बाद खजनी पुलिस हमलावर पक्ष के महेंद्र प्रसाद के तहरीर पर आधा दर्जन सवर्णो पर एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज कर दिया।

**क्या कहती स्तानीय पुलिस**

खजनी थानाध्यक्ष ने बताया दोनों पक्ष में मार हुई ,दोनों तरफ से तहरीर मिली है ,उसी अनुसार मुकदमा दोनों तरफ से किया गया । मौके पर सीओ खजनी जांच पड़ताल कर किया है।

# भरत और राम का मिलाप देख दर्शकों की भर आई आंखें

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** ग्राम सभा सोइनचा की बाग में भगवान सहाय पांडेय स्मारक रामलीला ट्रस्ट व्दारा लगने वाले सुप्रसिद्ध रामलीला मेला में भरत मिलाप व राज्याभिषेक का कार्यक्रम का मंचन गांव स्थित सीता - राम- लक्ष्मण के मंदिर पर रविवार की देर रात किया गया ।जिसमें भरत और राम का मिलाप देख दर्शकों की आँखें भर आईं। प्राप्त बिबरण के अनुसार 14 वर्ष की अवधि पूरा हो जाने पर जब भरत को राम के आने का कोई संदेशा नहीं मिला।



तब भरत चिता सजाकर आत्मदाह के लिए उद्दत हो गए। उसी समय भरत को दूत व्दारा सीता राम लक्ष्मण के आने की सूचना मिली। यह सूचना भरत को ऐसी लगी जैसे जल विना तड़पते मीन को जल मिल गया हो। जब राम आए। भरत राम का मिलाप हुआ। दोनों भाई एक दूसरे को पकड़ कर रुदन करने लगे। भरत राम का मिलन देख दर्शकों की आंखे भर आई। उसके बाद सभी लोग अयोध्या आए। जहां गुरू वशिष्ठ ने श्री राम का राज गद्दी पर बैठाकर राज्याभिषेक किया। राज्याभिषेक होते ही पूरा वातावरण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। घंटा, घड़ियाल बजने लगे। पटाखे फूटने लगे। फूल झाड़ियां छूटने लगी।

राज्याभिषेक के बाद रामलीला आयोजक पद्ममाकर पांडेय ने सभी कलाकारों एवं आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मेला को सकुशल सम्पन्न कराने में पंडित विपिन शुक्ल, मार्कण्डेय पांडेय, शिवहरे पांडेय, आशुतोष पांडेय, महाशय पांडेय, रामदरश पांडेय, रामजीत पांडेय, महेंद्र पांडेय, प्रेमशंकर उर्फ पिंटू चन्द, शिवम पांडेय, अमन पांडेय, पुनीत पांडेय, हरिशंकर पांडेय, सच्चिदानन्द पांडेय का विशेष योगदान रहा। विभिन्न पात्रों का अभिनय कार्यक्रम में श्री राम का रतन पांडेय, माता सीता का शिवम पांडेय,लक्ष्मण का सुमित पांडेय, भरत का अमन पांडेय, शत्रुघ्न का आदित्य पांडेय, हनुमान का गिरजा शंकर पांडेय, रावण का रामदरश पांडेय कुंभकर्ण का अभिमन्यु पांडेय, मेघनाथ का सोनू पांडेय आदि का अभिनय अदा किया।

# कृषि यंत्रों के बुकिंग हेतु अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया है कि सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के आवेदन वर्ष 2024-25 हेतु बुकिंग 9 अक्टूबर से प्रारम्भ है जो 23 अक्टूबर तक की जायेगी। बुकिंग हेतु www.agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। समस्त प्रकार के कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थी का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

योजनान्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यंत्रों हेतु पंजीकृत कृषक एवं कस्टम हायरिंग सेंटर हेतु ग्रामीण उद्यमी एवं एफपीओ आवेदन कर सकते है।आवेदन के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। लक्ष्य अवशेष न रहने पर एवं ई. लॉटरी में चयनित न होने वाले सम्बन्धित कृषकों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। दस हजार एक रुपए से एक लाख रुपए तक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि 2500 रुपए होगी। एक लाख रुपए से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि 5 हजार रुपए होगी।

# सात वर्षीय बालिका का शव मिलने से मचा हड़कंप,परिजनों में कोहराम

**● पांच दिन से थी लापता,पुलिस गहन छानबीन में जुटी**

स्वतंत्र प्रभात

**कर्नलगंज,गोण्डा।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के मोहल्ला सकरौरा पश्चिमी में पांच दिन से लापता सात वर्षीय मासूम बालिका का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार 10 अक्टूबर को मोहल्ला सकरौरा निवासी रोशन अली की बेटी शाहनुमा (7) अचानक गायब हो गई थी। लड़की अपने घर से करीब 11 बजे दुकान पर सामान लेने गई थी,लेकिन लौटते समय लापता हो गई। परिवार ने काफी समय तक लड़की को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन जब कोई सफलता नहीं मिली तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की थी। कोतवाली कर्नलगंज के प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने घटना को तत्काल संज्ञान लेते हुए इलाके के सीसीटीवी कैमरों की मदद से लड़की की तलाश शुरू करवाई,लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार 14 अक्टूबर को पांचवें दिन सकरौरा पश्चिमी के एक घर के पीछे बने टिन शेड में मासूम बालिका शाहनुमा का शव मिला। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है और स्थानीय लोग इसे लेकर बेहद चिंतित हैं। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है ताकि लड़की के गायब होने और उसकी मृत्यु के पीछे की सच्चाई का पता लगाया जा सके। मामले में मृतक बच्ची के पिता रोशन अली ने बताया कि वह मूल रूप से नगवा कला के पवारन पुरवा गांव का रहने वाला है और ठेला चलाकर परिवार




चलाता था,वह अभी 3 महीने पहले गांव से आकर यहां सकरौरा पूर्वी में रह रहा है। पीड़ित पिता के मुताबिक़ विगत 10 अक्टूबर को उसकी बेटी रहनुमा सामान लेने दुकान गई थी,जिसे देर देख उसे खोजने शहनुमा उम्र 7 वर्ष चली गई तभी से वह लापता हो गई, काफी खोजने पर कहीं उसका पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह मोहल्ले में खाली पड़े झोपड़ पट्टी से बदबू आने पर लोगों द्वारा शव देखकर सूचना दी गई। बच्ची के शव मिलने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक, सर्विलांस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर घटना की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रक की की चपेट में आने से युवक की मौत




**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका थाना क्षेत्र के कूड़ा नदी के पास रविवार की रात मूर्ति विसर्जन करके घर लौट रहा एक युवक ट्रक की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक राम कुशल 24 पुत्र फुललाल ग्राम परसा शुकरूल्लाह थाना उसका का निवासी है। मृतक युवक मूर्ति विसर्जन कराने घर से कूड़ा नदी के तट पर गया था, वहा घर वापस लौटते समय एक ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में एसओ रविन्द्र सिंह का कहना है कि सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आगे की विधि कार्यवाही की जा रही है।

### जुआ खेलते सात पकडे



**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 1400 रुपये सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष थाना रिफाइनरी सोनू कुमार ने बताया कि तुलसी पुत्र रूपराम, पदम सिंह पुत्र रतनलाल, करन सिंह पुत्र भूतीराम, भोलू पुत्र बुद्धाराम, नीरज पुत्र लक्ष्मो, महेश पुत्र बोनाराम तथा चन्दा पुत्र भजनलाल निवासीगण बरारी थाना रिफाइनरी को चामड मन्दिर के पीछे गली में खाली प्लाट बरारी में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खुलते हुए 52 ताश के पत्ते व 1400 रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया।

### बंबा में मिला युवक का शव




**मथुरा।** बलदेव कस्बा के हनुमान तिराहे के समीप 200 मीटर की दूरी पर नहर (बंबा) में सुबह 7 बजे राहगीरों को शव दिखा। शव को देखते ही कोहराम मच गया। राहगीरों ने सूचना थाना बलदेव में दी। थानाप्रभारी सहित पुलिसकर्मी घटना स्थल पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस द्वारा शव को नहर में से निकाला गया। थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया मृतक की पहचान रूप सिंह पुत्र स्वर्गीय बलवीर सिंह निवासी नगला रायसिंह पचावर 35 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। कल दिल्ली से अपने घर के लिए चला था लेकिन घर नहीं पहुंचा है। मृतक के शरीर में कोई चोट आदि का निशान नहीं है। मृतक पर एक पुत्र है। ग्रामीणों से पता चला है मृतक शराब का आदि था। जांच पड़ताल चल रही है ,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हल्ला बोल: 16 को दिल्ली जाएंगे मथुरा के कांग्रेसी

**मथुरा।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पुंडीर और महानगर अध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व आगामी 16 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली युवाओं को न्याय दिलाने के लिए रैली नौकरी दो नशा नही हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर एक बैठक महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पुंडीर ने बताया कि सभी युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष और जिला एवं विधानसभा के सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश स्तरीय दिशा निर्देश का पालन करते हुए यह तय किया कि लगभग हर विधानसभा से एक एक बस और व्यक्तिगत गाड़ियों से सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरे जोश से 1000 युवा साथियों के साथ 16 अक्टूबर को दिल्ली प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर विनोद कुमार मानवेन्द्र सिंह पांडव रोहित कुमार पवन गुर्जर प्रदीप सागर धर्मवीर जादौन विवेक कुमार आदित्य गौतम विष्णु शर्मा अनुज तिवारी विवेक गौर आसिफ कुरेशी फैज़ान फैसल रहमान आदि युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों ने इटवा तहसील का घेराव कर किया धरना, प्रदर्शन

**● - प्रशासन द्वारा बन्द स्कूल को खुलवाने की मांग कर रहे हैं- छात्र**

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा तहसील क्षेत्र के बरगदवा मे स्थित श्यामराजी स्कूल के बच्चों द्वारा फीस न देने पर उन्हें स्कूल से बाहर निकालने का वीडियो वायरल होने के बाद डीएम के आदेश से स्कूल बन्द हो गया है। इस मामले में एक नया मोड़ सोमवर को उसे समय आ गया जब बच्चों ने इटवा तहसील प्रांगण में धरना एवं प्रदर्शन कर बन्द स्कूल को खुलवाने की मांग की।

बताते चलें कि जिले के इटवा तहसील क्षेत्र के बरगदवा श्याम राजी विद्यालय प्रबंधक द्वारा फीस न जमा कर पाने वाले



फोटो। इटवा तहसील प्रांगण में बच्चों द्वारा धरना ,प्रदर्शन

सैकड़ों छात्रों को धूप में विद्यालय के बाहर निकाले जाने की मामले का वीडियो बनाकर वायरल होने पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने संज्ञान में लेते हुए जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया था।

ज्ञातव्य हो कि जांच टीम में एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य और राजकीय इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य समर बहादुर सिंह के नेतृत्व में बुधवार को मामले की जांचकर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजा गया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय और खुनियांव बीइओ ने विद्यालय पहुंचकर गुरुवार को विद्यालय को सील कर दिया और श्याम राजी विद्यालय के संचालक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। जांच टीम विद्यालय पर पहुंचकर विद्यालय शीला कराया था।

## जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार द्वारा किया गया पैक्स चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वाराआज दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय कार्यालय कक्ष में पैक्स चुनाव 2024 की तैयारी की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा पैक्स निर्वाचन के लिए कोषांग गठन एवं उनके कार्यो की विस्तृत जानकारी ली गई मुख्य रूप से सामग्री एवं मत पत्र मुद्रण, मत पेटिका की तैयारी, प्रशिक्षण कोषांग एवं प्रशिक्षण स्थल, मत पत्र रेट सूची निर्धारण निर्वाचन कार्य के लिए वाहन का आकलन एवं उनकी व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी लेते हुए कोषांग गठन एवं उनके पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश



दिए। जिला पदाधिकारी द्वारा इन तैयारियों की प्रगति के बारे में प्रत्येक 3 दिन पर बैठक करने के निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी गेनधारी पासवान को दिया गया। ज्ञात हो कि पैक्स निर्वाचन के लिए कल लगभग 630 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें लगभग 426747 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं की अंतिम सूची 25 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। पैक्स निर्वाचन के लिए प्रखंडवार पैक्स जिसमें प्रखंड भोरे में 17, विजयीपुर में 12 ,कटेया में 11 ,पंचदेवरी में आठ हथुआ में 17 ,उचकागांव में 13, फुलवरिया में 12, माझा में 16, थावे में 10 ,कुचायकोट में 25 ,गोपालगंज में 13 ,बरौली में 20, बैकुंठपुर में 22 और सिधवलिया में कुल 12 पैक्स के लिए चुनाव कराए जाएंगे।

## मथुरा में हुआ आठ जनपदों के पूर्व सैनिकों का मिलन

**● - कार्यक्रम के दौरान वीरांगनाओं का किया गया सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** होटल विनायक पैलेस मथुरा में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के पूर्व नौसेनिकों का मिलन समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया। संयोजक डॉ रमेश चन्द पूर्व जे सी ओ ने बताया कि समारोह का शुभारम्भ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तथा वीर नारियों को सम्मानित कर किया। मिलन समारोह में आठ जिलों के पूर्व नौसेनिक परिवार सहित उपस्थित हुए। सभी नौसेनिकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए सदैव राष्ट्रहित में अपना योगदान देने के लिए बात कही।



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिक।

अपनी युवा पीढ़ी को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त ब्रिगेडियर डॉ भुवनेश चौधरी ने उपस्थित सभी नौसेनिकों को राष्ट्रप्रथम की भावना को सदैव जीवित रखने के लिए आह्वान किया। अन्य विशेषज्ञों ने देश के विकास में अपना अहम योगदान देने के लिए भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह पूर्व जेसीओ ने की तथा संचालन डॉ. रमेश चन्द पूर्व जेसीओ ने किया। समारोह में एसके सिंह, कमांडर एके जीलानी, यशपाल सिंह आर्य, नवल सिंह, ओमप्रकाश धाकरे, कमांडर त्रसी दुबे, लखन वीर, धरमवीर, वीरेश, बाबूलाल सैनी, विशाल भारद्वाज, कुलदीप सिंह, समय सिंह, संतोष, उत्तम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## देवी विसर्जन यात्रा के दौरान टला बडा हादसा

**● - गाड़ी आधा दर्जन लोगों को टक्कर मारते हुए विद्युत पोल से जा टकराई**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नगर के गोपीनाथ बाजार क्षेत्र में देर रात्रि देवी विसर्जन यात्रा के दौरान बड़ी लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा घटित होने से टल गया। हालाकि की घटना में कई लोगो के घायल होने का समाचार है। आपको बताते चले की इन दिनों धार्मिक नगरी वृंदावन के पंडालों में विराजित मां भगवती की प्रतिमाओं को बैंड बाजे व विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ विसर्जन करने क्रम चल रहा है। जिसे लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।रविवार की रात्रि नगर के गोपीनाथ बाजार क्षेत्र उस समय अफरा तफरी मच गई। जब अचानक विसर्जन यात्रा में झांकी लेकर चल रही एक अचानक तेज रफ्तार के साथ कई लोगो घायल करती हुई शीतला मंदिर से सटे विद्युत पोल से टकरा कर रुक गई। जिसकी चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया जाता है कि हादसे के दौरान कार चालक पानी पीने के लिए गया था। उसी दौरान किसी असामाजिक तत्व ने कार का एक्सीलेटर दबा दिया। जिसके कारण यह हादसा घटित हो गया।चालक दानिश ने बताया की वह पानी पीने के लिए गया था,उसी दौरान समिति के किसी सदस्य ने कार में गियर लगाकर एक्सीलेटर दबा दिया। जिससे कार अनियंत्रित हो गई और यह हादसा घटित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना में लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए है, जोकि अलग अलग जगह के बताए जा रहे है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नैनो उर्वरक प्रयोग आधारित रवि फसल गोष्ठी का हुआ आयोजन

**● - मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी ने किया गोष्ठी का शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** इफको द्वारा छड़गांव खेड़िया चौराहा में नैनो क्लस्टर परियोजना के अंतर्गत नैनो उर्वरक प्रयोग आधारित रबी फसल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चौधरी लक्ष्मी नारायण ने किसानों को नैनो उर्वरक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे किसान कम लागत में अधिक फसलों का उत्पादन कर सके। आज के युग में जो विभिन्न प्रकार की फसलों में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं, जिस कारण हमारी धरती का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। तरह तरह की बीमारियां पैदा हो रही हैं। जिस कारण मानव स्वास्थ्य के साथ साथ वायु, जल एवं मृदा का स्वास्थ्य भी खराब हो रहा।



नैनो उर्वरक प्रयोग आधारित रवि फसल गोष्ठी में मौजूद जनप्रतिनिधि।

विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने किसानों को कम लागत में फसलों के अधिक उत्पादन की जानकारी दी तथा किसानों की पानी की समस्या एवं अन्य समस्याएं और उनका समाधान का आश्वासन दिया। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक लखनऊ अभिमन्यु राय ने इफको की विभिन्न प्रकार की योजनाएं जो किसान हित में चलाई जा रही आदि के बारे में विस्तार से अवगत कराया। यतेंदर तेवतिया ने नैनो उर्वरक की उपयोग विधि एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ.वाई.के. शर्मा ने किसानों को नैनो उर्वरक के प्रयोग विधि एवं महत्व की जानकारी दी। डॉ. रविंद्र कुमार राजपूत ने बताया कि किसानों को फसल की बुवाई से पूर्व अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराएं एवं मृदा परीक्षण व जल परीक्षण के बारे में जानकारी दी। इफको एमसी के आशीष सेमवाल ने आलू एवं गेहूं बीज उपचार के बारे मे बताया तथा धर्मेंद्र सिंह ने सगे के उपयोग के बारे में पूर्ण जानकारी दी। इफको एमसी द्वारा दिए जाने वाले किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। इफको के उपक्षेत्र प्रबंधक मथुरा के श्री सतवीर सिंह ने किसानों प्रक्षेत्र पर लगाए गए नैनो उर्वरक पर प्लास्टर के अंतर्गत प्रदर्शनों के बारे में अवगत कराया तथा मंच का संचालन किया। श्री सतवीर सिंह ने किसानों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चार साल भी नहीं चल सकी लुहारा में बनी पानी की टंकी

**● - ग्रामीण बोले निर्माण के दौरान भी की थी गुणवत्ता की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** फरह विकास खंड के गांव लुहारा में वर्ष 2020 में पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। यह पानी की टंकी करीब पांच हजार लोगों की प्यास बुझाने के लिए बनाई गई थी। टंकी के निर्माण पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत आई थी। निर्माण के चार साल बाद ही टंकी से पानी का रिसाव शुरू हो गया है। टंकी से जगह जगह से पानी टपकने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। निर्माण कार्यक्रम के दौरान भी ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार की थी



चार साल पहले बनी पानी की टंकी से गिरता पानी।

लेकिन उनकी शिकायतों का किसी स्तर पर संज्ञान नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने एक बार फिर मांग की है कि पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। इस पानी टंकी के ठीक बगल में मंदिर है मंदिर में हर रोज सैकड़ों ग्रामीण व महिला पूजा करने आती हैं। लगभग 5000 की आबादी वाले लुहारा गांव से लुहारा, नगला, बस्ती, धीमर बस्ती गुर्जर बस्ती में पानी की सफ्लाई होती हैं। टंकी मुख्य मार्ग पर स्थिति होने कारण ग्रामीणों को हर समय खतरा बना रहता है। ग्राम प्रधान लखमी सिंह ने बताया कि जल निगम के कर्मचारी कभी टंकी को देखने भी नहीं आते हैं। टंकी से पानी गिरने के कारण मंदिर और मुख्य रास्ते पर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी में रिसाव होने के कारण कभी हादसा हो सकता है। अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि पानी की रिसाव की सूचना मिली है, टंकी ग्राम पंचायत की देखरेख में है लेकिन फिर भी मेंटीनेंस बनाया जा रहा है।

## मथुरा महानगर बनाएगा रिकॉर्ड सक्रिय सदस्य: अशोक

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** विगत कई दिनों से चल रहे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान अपने अंतिम पड़ाव पर हैं उसी क्रम में आज भाजपा कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अशोक जी ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनने हेतु मार्गदर्शन किया साथ ही भाजपा में कार्यकर्ता की भूमिका के बारे में समझाया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने की साथ ही कार्यकर्ताओं को ज़्यादा से ज़्यादा सक्रिय सदस्य बनने नये सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीकान्त शर्मा ने भाजपा की रीति नीति के साथ सभी को ये बताया कि पहली पार्टी ऐसी हैं जो हर छह साल में सदस्यता समाप्त कर पुनः नये स्तर से सदस्य बनाती हैं जो किसी भी पार्टी में नही हैं। विधायक मेघश्याम सिंह ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर लोगों में उत्सुकता हैं और आम जनमानस भाजपा से जुड़ने में काफ़ी रुचि दिखा रहा हैं। कार्यशाला में अतिथि के रूप में ज़िला सत्यापन अधिकारी गौरव आर्य, क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र सिकरवार, पूर्व अध्यक्ष चेतन स्वरूप, मुकेश खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन सुनील चतुर्वेदी एवं अतिथियों का स्वागत सदस्यता अभियान संयोजक संजय शर्मा ने किया। कार्यशाला में ज़िला पदाधिकारियों में महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, महामंत्री राजू यादव, चन्द्रपाल कुंतल, हेमंत अग्रवाल, अवदेश उपाध्याय, राजेश गुप्ता, पंकज वशिष्ठ, सुरेंद्र प्रधान, मोहन लाल शर्मा, नितिन बंटी, राजेंद्र पटेल,



महानगर के सदस्यता कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

नीरू सक्सेना, अनिल खंडेलवाल, भूपेन्द्र सिंह, विनीत शर्मा, यशराज चतुर्वेदी, राजू चौधरी, ख़ज़ान सिंह, परशुराम सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, रामरतन चौधरी, लोकेश निषाद, विक्रम मुद्गल, नंदकिशोर कुंतल, यशपाल सिंह, सुनील तरकर, यज्ञदत्त कौशिक, यतेन्द्र फ़ौजदार, नारायण सिंह, नेत्रपाल चौधरी, राजेंद्र सिंह, प्रिंस गौड़ आदि उपस्थित रहे।

## डीएपी के लिए मारामारी, खूब हो रही कालाबाजारी

**● - बढे रेट पर खूब मिल रहा डीएपी, रेट टू रेट पर रार**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** रबी सीजन की मुख्य फसलें आलू, सरसों गेंहू और जौ की बोआई करने के लिए दिन-रात खेतों को तैयार करने में लगे किसान सहकारी समिति के खाली पड़े उर्वरक डीएपी के गोदामों को देखकर परेशान हैं। जिले में आलू और सरसों की बोआई 20 अक्तूबर से आरंभ होकर 15 दिसंबर तक चलती है। किसानों की परेशानी को लेकर सोमवार को भाकियू अराजनैतिक ने जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी राजस्व को अपनी पर घोषणा को स्मरण करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसमें साफ कहा गया है कि 15 अक्टूबर तक आगरा और अलीगढ़ मंडल के किसानों के लिए उनकी मांग के अनुसार डीएपी उर्वरक नहीं मिला तो 16 अक्टूबर को दोनों ही मंडलों में चक्का जाम कर दिया जाएगा। यह यूनियन ने यह घोषणा पहले कर दी थी। यूनियन के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि इस दौरान एडीएम वित्त योगानंद पांडेय ने उर्वरक की एक रैक के जिले में आने की जानकारी दी है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि जो रैक आई है, उसके वितरण की जो बैठक हो, उसमें यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को भी शामिल किया जाए। इस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं कि डीएपी को लेकर मारामारी के बीच खूब कालाबाजारी भी हो रही है। इस पर अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। इस पर अपर जिलाधिकारी वित्त ने आश्वासन दिया है कि खाद का वितरण पूरी पारदर्शिता के आधार पर कराया जायेगा। जो भी सेंटर इसमें गड़बड़ी करेगा। उसके प्रभारी के खिलाफ करवाई की जायेगी। राजकुमार तोमर सोवरन सिंह रामफल सिंह अवधेश रावत सोनवीर चौधरी देवेंद्र रघुवंशी मुकेश रावत छोटू चौधरी साहब सिंह उदयवीर सरपंच प्रेमसिह आदि।

## परिवार रजिस्टर में होंगी हर सदस्य की पूरी जानकारी

**● - परिवार रजिस्टर की नकल ऑनलाइन प्राप्त कर सकेगी जनता: डीपीआरओ**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** सभी ग्राम पंचायत का परिवार रजिस्टर ऑनलाइन किया जा रहा है, इसका सत्यापन एडीओ पंचायत द्वारा किया जाएगा। परिवार रजिस्टर की नकल के लिए अब ग्रामीणों को ग्राम सचिव व सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। डीपीआरओ किरन चौधरी ने बताया कि खसरा खतौनी व घरौनी के बाद परिवार रजिस्टर की नकल भी ऑनलाइन मिल सकेगी।

अभी तक परिवार रजिस्टर केवल ग्राम पंचायतों में ही था, सचिव इसकी कॉपी देते हैं। इसके लिए पहले परिवार रजिस्टर का सत्यापन कराना होगा। इसमें नाम, पता व उम्र के साथ जाति धर्म, साक्षर निरक्षर जैसे सभी 12 कॉलम में सूचनाएं दर्ज करना अनिवार्य होगा। जिनमें क्रमांक संख्या, मकान नंबर, परिवार के प्रमुख का नाम, परिवार के सदस्यों ग्राम पंचायतों में जल्द अभियान चलाया जाएगा, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। नाम, जाति, धर्म, पिता, पति का नाम, जन्म तिथि, साक्षर निरक्षर सहित अन्य जानकारियां इस में दर्ज रहेंगी। डीपीआरओ किरन चौधरी ने बताया कि परिवार रजिस्टर को ऑनलाइन करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एडीओ पंचायत की देखरेख में यह काम शुरू हुआ है। ग्राम पंचायतों में जो परिवार रजिस्टर रखे हुए हैं उन सभी को एकत्र करने के बाद उनकी त्रुटियों को दूर किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में इसके लिए जल्द अभियान चलाया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आदेश जारी किए जा रहे हैं।

## चौमुहां में के कुश्ती दंगल में जुटेंगे कई राज्यों के पहलवान

**5 लाख 51 हजार व एक बुलट मोटरसाइकिल पर होगी अंतिम कुश्ती**




**मथुरां।** ब्रह्मा जी की तपोस्थली चौमुहां में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन 17 अक्टूबर को होगा। कुश्ती दंगल में कई राज्यों के नामी गिरामी पहलवान अपने-अपने दांव पेचों की आजमाइश करेंगे। समाजसेवी कालू पहलवान ने बताया कि चौमुहां में 18 सितंबर के दिन बृह्मा जी मंदिर पर लगने वाला मेला एवं कुश्ती दंगल बरसात होने के कारण स्थगित कर दिया गया था। अब 17 अक्टूबर के दिन चौमुहां विशाल कुश्ती दंगल आयोजित किया जा रहा है। कुश्ती दंगल में पंजाब,हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के पहलवान हिस्सा लेंगे। अंतिम कुश्ती पांच लाख 51 हजार रुपए और एक बुलट मोटरसाइकिल पर लड़ी जाएगी। दंगल के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण चौधरी व उनके प्रतिनिधि नरदेव चौधरी होंगे। दंगल कमेटी जोश सोर से तैयारियों में जुटी है।

